



# जागरूक टाइम्स


मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

वर्ष 21 | अंक-231 | मुंबई, गुरुवार, 20 मार्च 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य ₹4


हार्दिक नहीं सूर्यकुमार होंगे मुंबई इंडियंस के कप्तान

...पेज 11








# सुनीता की वापसी

## नौ महीने बाद धरती पर लौटीं

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 286 दिनों के बाद धरती पर वापस लौट आई हैं। अंतरिक्ष एजेंसी- नासा के वैज्ञानिकों के मुताबिक सुनीता और बैरी विल्मोर समेत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर लौटा यान तड़के 3.27 बजे अमेरिका के फ्लोरिडा में समुद्र तल पर उतारा। इस मिशन में नासा के साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। सुरक्षित लैंडिंग के बाद उनके गुजरात स्थित पैतृक गांव के निवासी बेहद खुश नजर आ रहे हैं।



जल्द आएंगी भारत



"अंतरिक्ष अन्वेषण मानव क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाने, सपने देखने की हिम्मत करने और उन सपनों को वास्तविकता में बदलने का साहस रखने के बारे में है। सुनीता विलियम्स, एक पथप्रदर्शक और एक आदर्श, ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है।"

**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 1927 डिग्री तापमान और हीट शील्ड की सुरक्षा

जब कैप्सूल धरती के वायुमंडल में प्रवेश किया तो कम्युनिकेशन ब्लैकआउट हो गया था जोकि क़रीब तीन बजकर 20 मिनट पर फिर से बहाल हुआ। वायुमंडल में प्रवेश के बाद अंतरिक्ष यान के प्लाज़्मा शील्ड का तापमान 1927 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था लेकिन हीट शील्ड सवार अंतरिक्ष यात्रियों को इतनी तेज़ गर्मी से बचाने में मददगार साबित हुई। क़रीब 3 बजकर 21 मिनट पर अंतरिक्षयान स्वचालित हो गया था। इस दौरान उनके सामने लगे टच स्क्रीन पर वे सारी गतिविधियों को देख पा रहे थे।

### 'अविस्मरणीय पल'

- सुनीता की चचेरी बहन फाल्गुनी पंड्या ने कहा कि यह एक "अविस्मरणीय पल" था। पंड्या ने कहा, "हम बहुत खुश हैं कि वह सुरक्षित लौट आई हैं। अब हम साथ में छुट्टियों पर जाने की योजना बना रहे हैं और परिवार के साथ समय बिताएंगे।" फाल्गुनी पंड्या ने पुष्टि करते हुए कहा कि सुनिता विलियम्स जल्द ही भारत की यात्रा करेंगी।

### 45 दिनों के पुनर्वास से गुजरेंगी सुनीता

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष यात्री शक्ति, कंडीशनिंग और पुनर्वास (एएससीआर) विशेषज्ञों की देखरेख में 45 दिनों के पुनर्वास से गुजरना होगा। इस पुनर्वास कार्यक्रम के पहले कुछ चरणों में चलने-फिरने, लचीलेपन, मांसपेशियों को मजबूत बनाने, व्यायाम और हृदय संबंधी कंडीशनिंग पर ध्यान दिया जाएगा।

### कैप्सूल का चक्कर लगाने लगीं डॉल्फिंस

क़रीब तीन बजकर 24 मिनट पर पहले ड्रैगन कैप्सूल के दो पैराशूट खुले जिससे इसकी रफ़्तार और धीमी हो गई। इसके बाद दो और पैराशूट खुले। जिस समय कैप्सूल समंदर में उतरा, उसके ठीक बाद ही पानी में कैप्सूल के चारों ओर डॉल्फ़िन चक्कर लगाती हुई तैरती दिखीं। मौके पर मौजूद रिकवरी टीम फास्ट बोट्स से कैप्सूल तक पहुंची और पहले सुरक्षा का जायजा लिया और पैराशूट हटाया। इसके बाद स्पेसएक्स का रिकवरी पोत पहुंचा, जोकि लैंडिंग साइट से दो मील ही दूर पर रुका हुआ था।

**नागपुर।** शहर में भड़की हिंसा के बाद अब पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। महाराष्ट्र पुलिस ने नागपुर हिंसा मामले में अभी तक 6 एफआईआर दर्ज की है। जिसमें 1250 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में अभी तक 60 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नागपुर पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंघल ने बताया, "इस मामले में अभी तक 6 एफआईआर दर्ज हुई है, जिन लोगों के नाम सामने आए हैं उनको ट्रैक किया जा रहा है, सीसीटीवी भी खंगाला जा रहा है। सभी को ट्रैक किया जा रहा है, किसका क्या रोल रहा? यह सब जांच की जा रही है।"



# नागपुर हिंसा : एक्शन में पुलिस

## 1250 लोगों पर एफआईआर, 60 से अधिक गिरफ्तार

### मुख्य आरोपी फहीम खान पुलिस कस्टडी में

पुलिस ने मुख्य आरोपी फहीम को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर आरोप है की उसने पुलिस स्टेशन में पहुंचकर बजरंग दल के खिलाफ शिकायत की और लोगों को भड़काया। गिरफ्तार होने के बाद फहीम को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है।

### सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

नागपुर हिंसा में डीसीपी निकेतन कदम पर कुल्हाड़ी से वार किया गया था। वह गंभीर रूप से घायल हैं। सीएम फडणवीस ने वीडियो कॉल पर उनसे बात की। हिंसा पर काबू पाने के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला ने अफसरों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का आदेश दिया है।

### संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू जारी

हिंसा के बाद स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन शहर के कई संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू जारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकडगंज, पाचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाडा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्र में आने वाले इलाकों में कर्फ्यू प्रभावी है। संवेदनशील इलाकों में दो हजार से अधिक सशस्त्र पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) और दंगा नियंत्रण पुलिस (आरसीपी) द्वारा पुलिस उपायुक्त रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में गश्त की जा रही है।

### कब्र में से भी खोदकर निकालेंगे : सीएम

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि पुलिस आयुक्त ने यह बताया है कि नागपुर की घटना की जांच की जा रही है और पुलिस अभी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा, "नागपुर के मामले में जिसने भी पुलिस पर हमला किया है, उन्हें हम कब्र में से भी खोदकर निकालेंगे, छोड़ेंगे नहीं। बाकी सब कुछ क्षम्य है, पुलिस पर हमला क्षम्य नहीं है। कठोरतम कार्रवाई होगी और तय समय में होगी। नागपुर फिलहाल शांत है। नागपुर शांति के लिए ही जाना जाता है। 1992 के बाद नागपुर में कभी दंगा नहीं हुआ था। यह घटना इस समाज या उस समाज की नहीं, बल्कि कुछ लोगों द्वारा इरादतन किया गया कृत्य था। जो लोग सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ते हैं और अफवाहें फैलाते हैं, उन पर भी कठोरतम कार्रवाई होगी।"











# डल्लेवाल और पंढेर हिरासत में

## शंभू-खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने की तैयारी

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार और किसान संगठनों की बुधवार को चंडीगढ़ में हुई बैठक बेनतीजा रही। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी की मांग पर सहमति नहीं बन पाई। वहीं, बैठक खत्म होने के बाद खनौरी व शंभू बॉर्डर लौट रहे किसान नेताओं जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर व अन्य किसान नेताओं को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं, पुलिस ने खनौरी व शंभू बॉर्डर पर किसानों का मंच व टेंट भी उखाड़ दिया है। इस दौरान किसानों व पुलिस के बीच हाथापाई भी हुई, जिमसें कुछ किसान नेताओं की पगड़ियां उतर गईं। सरकार ने बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। सरकार की कार्रवाई के बाद किसानों में काफी रोष है। प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर किसान सड़कों पर उतर आए हैं। विपक्ष समेत सभी किसान नेताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध किया है।



### सुबह से तैनात था भारी पुलिस दल

पुलिस ट्रेनिंग सेंटर लड्डा कोठी और मोहाली-बनूड़ रोड़ पर आज सुबह से ही भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। यह भी सूचना थी कि पुलिस ने दोनों मोर्चों के आसपास के सारे इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं।

### नेशनल हाईवे खोलना चाहती है सरकार

सरकार आज हर हालत में शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों को उठाकर नेशनल हाईवे को खोलना चाहती है। इसलिए मोहाली-बनूड़ पर लगाई गई पुलिस फोर्स को मोर्चा स्थल पर भेज दिया गया है। यह बॉर्डर पिछले साल से ज्यादा समय से बंद है। किसानों के धरने के कारण हरियाणा पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग करके इस रास्ते को बंद कर दिया गया है।

भारत ने गाजा के हालात पर जताई चिंता

# बमबारी में 400 से अधिक की मौत

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को कहा कि वह गाजा की स्थिति को लेकर चिंतित है और उसने संघर्ष प्रभावित फिलिस्तीनी क्षेत्र के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का आह्वान किया। भारत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इजरायल ने मंगलवार को गाजा में हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं, जिससे जनवरी में हमास के साथ हुए युद्धविराम पर अनिश्चितता पैदा हो गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल की बमबारी में 400 से अधिक लोग मारे गए। विदेश मंत्रालय ने कहा, "हम गाजा की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। यह महत्वपूर्ण है कि सभी बंधकों को रिहा किया जाए।" बयान में कहा गया, "हम गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की आपूर्ति जारी रखने का भी आह्वान करते हैं।" गाजा की स्थिति पर चिंता जताते हुए भारत ने कहा कि सभी बंधकों की रिहाई जरूरी है। अचानक इजरायल द्वारा किए गए इस हमले की वजह से जनवरी से लागू संघर्षविराम टूट गया तथा 17 महीने से जारी युद्ध के फिर से शुरू होने का खतरा उत्पन्न हो गया है।



# पुणे : वाहन में लगी आग चार कर्मचारियों की मौत

## ऑफिस जा रहे थे चारों युवक

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे से दिल दहला देने वाले हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां बुधवार की सुबह 4 लोगों को लेकर ऑफिस जा रहे एक वाहन में आग लग गई जिस कारण अंदर बैठे 4 कर्मचारियों की मौत हो गई है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है कि यह दुखी कर देने वाली घटना पिंपरी चिंचवाड़ इलाके के हिंजेवाड़ी में घटित हुई है। पुलिस ने बताया है कि बुधवार की सुबह पुणे के समीप एक प्राइवेट फर्म के वाहन में आग लग गई है। इस वाहन में कर्मचारियों का एक समूह बैठा था। टेम्पो ट्रैवलर कंपनी के कर्मचारियों को उनके ऑफिस ले जा रहा था।



### पुलिस ने बताई हादसे की पूरी कहानी

हिंजेवाड़ी के पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने इस दर्दनाक घटना के बारे जानकारी देते हुए बताया है कि जब कर्मचारियों को ऑफिस ले जा रहा वाहन डसॉल्ट सिस्टम्स के पास था, तो उसमें अचानक आग लग गई थी। इस कारण से चालक को अपनी गति धीमी करनी पड़ी। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। हिंजेवाड़ी के पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने इस हादसे को लेकर कहा- "कुछ कर्मचारी तो वाहन से बाहर निकल गए, लेकिन उनके चार साथी ऐसा नहीं कर पाए। इसके बाद हादसे में उनकी मौत हो गई। शवों को वाहन से निकाला जा रहा है।"

## न्यूज BRIEF

### ऑनलाइन गेमिंग की 1097 साइट्स बंद

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग की समस्या को लेकर गंभीर है और 1097 गेमिंग साइट बंद की जा चुकी हैं। राज्य सरकारों के साथ समन्वय से ऑनलाइन गेमिंग और साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

### सीएम शर्मा ने विधायक डांगा को किया तलब

**जयपुर।** विधायक रेवंत राम डांगा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर तलब किया। बीते दिनों रेवंत राम के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र के बाद डांगा चर्चा में आए थे। डांगा ने खींवसर व आसपास के क्षेत्रों में उनके बिना पसंद के अधिकारियों को लगाने और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की सिफारिशें मानने का पत्र मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखा था।

### सोना पहली बार 92000 के करीब

**मुंबई।** सोने-चांदी के रेट में रिकॉर्ड तेजी देखी जा रही है। बुधवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये के उछाल के साथ 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड दर पर पहुंच गई। यह जानकारी ऑल इंडिया बुलियन फेडरेशन ने दी है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# राष्ट्र को सदैव सर्वोपरि रखें: रक्षामंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि वे मेजर बॉब खाथिंग के सिद्धांत के अनुरूप सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें, ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निडरता से आगे बढ़ें। श्री सिंह ने बुधवार को यहां असम राइफल्स और यूएसआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेजर बॉब खाथिंग स्मृति कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। रक्षा मंत्री ने मेजर बॉब खाथिंग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह ऐसे असाधारण व्यक्ति थे जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा , "भारत भाग्यशाली है कि यह ऐसे प्रमुख व्यक्तित्वों का घर है जिनके लिए राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है।" उन्होंने मेजर खाथिंग को भारत का ऐसा महान सपूत बताया, जिन्होंने युद्ध के मैदान में अपनी बहादुरी और कूटनीति के क्षेत्र में कौशल के माध्यम से देश के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी।



### खाथिंग ने राष्ट्रीय एकता को दी मजबूती

- श्री सिंह ने न केवल तवांग बल्कि पूर्वोत्तर के एकीकरण, विकास और पुनर्निर्माण में मेजर खाथिंग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, "मेजर बॉब खाथिंग ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्वोत्तर के लिए उन्होंने जो काम किया, वह सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए काम के समान है।"

### बिना गोली चलाए हटाया 370

- रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलतापूर्वक एकीकृत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों का पालन करती है। उन्होंने कहा," हमने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा - अनुच्छेद 370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्वक काम किया गया।"

मोदी सरकार का महाराष्ट्र को एक और तोहफा

# छह लेन हाईस्पीड हाईवे मंजूर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट से चौक तक एक छह-लेन हाई-स्पीड ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी है। 29.219 किमी लंबी सड़क को बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर मॉडल के तहत बनाया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 4,500.62 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह हाईवे, जेएनपीए पोर्ट और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। बढ़ते कंटेनर यातायात और नए एयरपोर्ट के कारण इस क्षेत्र में तेज और सीधा कनेक्शन की जरूरत महसूस की जा रही थी। फिलहाल, जेएनपीए पोर्ट से मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे और एनएच-48 तक पहुंचने में 2-3 घंटे लगते हैं, क्योंकि मार्ग में पलासपे फाटा, डी-पॉइंट, कलंबोली जंक्शन और पनवेल जैसे शहरी इलाकों में भारी ट्रैफिक जाम रहता है। इस रूट पर रोजाना करीब 1.8 लाख वाहन गुजरते हैं। इसी साल जब नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू होगा, तो इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव और बढ़ेगा। ऐसे में नया हाईवे इस भीड़भाड़ को कम करेगा।



बेहतर कनेक्टिविटी और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

### सह्याद्री पहाड़ियों में बनेंगे दो सुरंग मार्ग

- इस हाईवे को और सुगम बनाने के लिए सह्याद्री पहाड़ियों में दो सुरंग मार्ग बनाए जाएंगे। इससे गाड़ियों को घाट सेक्शन पार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे भारी कंटेनर ट्रकों और अन्य वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही तेज और सुगम हो जाएगी। यह 6-लेन ग्रीनफील्ड हाईवे कॉरिडोर महाराष्ट्र में बंदरगाहों से माल ढुलाई को तेज और सुरक्षित बनाएगा। इससे लॉजिस्टिक्स प्रणाली मजबूत होगी, माल परिवहन का समय कम होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

# अमेरिका को मिला दुर्लभ खजाना

**वॉशिंगटन।** दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्तियों में शुमार अमेरिका के हाथ अरबों डॉलर का खजाना लगा है। यह खजाना वर्षों से जमीन में छिपा हुआ था। अमेरिका ने अनजाने में इस खजाने को कोयले की राख की ढेर में दफन कर रखा था। वर्तमान में इस खजाने की कीमत 8.4 बिलियन डॉलर आंकी गई है। यह खजाना कुछ और नहीं बल्कि दुर्लभ मृदा तत्व हैं, जिनका इस्तेमाल स्मार्टफोन से लेकर अक्षय ऊर्जा प्रोद्योगिकियों तक हर चीज में किया जाता है। वर्षों से, अमेरिका दुर्लभ मृदा तत्वों के आयात पर निर्भर रहा है। लेकिन, अब उसकी यह चिंता खत्म होने वाली है। इंट्रेस्टिंग इंजीनियरिंग डॉट कॉम के मुताबिक, अमेरिका को कोयले की राख के लैंडफिल में 8.4 बिलियन डॉलर के दुर्लभ मृदा तत्व मिले हैं।



मृदा तत्व की अनुमानित कीमत 8.4 बिलियन डॉलर

### कोयले की राख में मौजूद हैं ये तत्व

कोयला राख, ईंधन के लिए कोयले को जलाने के बाद बचा हुआ पाउडर जैसा उत्पाद होता है। इसे लंबे समय से एक औद्योगिक अपशिष्ट उत्पाद माना जाता रहा है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने अब कोयले की राख को दुर्लभ मृदा तत्वों के स्रोत के रूप में पहचाना है। इससे भारत और चीन को भी फायदा होगा, क्योंकि यहां कोयले की राख प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।

### 'कचरे से खजाना' का मूलमंत्र

इस अध्ययन की सह-मुख्य लेखिका ब्रिजेट स्कैनलॉन ने कहा, "यह वास्तव में 'कचरे से खजाना' मंत्र का उदाहरण है।" उन्होंने यह भी कहा, "हम मूल रूप से चक्र को बंद करने और कचरे का उपयोग करने और कचरे में संसाधनों को पुनः प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि साथ ही पर्यावरणीय प्रभावों को कम कर रहे हैं।"

कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस का कारनामा

# वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों ने किया वॉकआउट

**बेंगलुरू।** कर्नाटक विधानसभा ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। राज्य के कानून मंत्री एचके पाटिल ने यह विधेयक पेश किया। इस दौरान विपक्षी दल भाजपा के बहिर्गमन किया। इससे पहले, एच के पाटिल ने एक बयान में कहा कि सदन ने सर्वसम्मति से वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को खारिज कर दिया क्योंकि यह राज्य के लोगों की सार्वभौमिक आकांक्षाओं के पूरी तरह खिलाफ है और उन्होंने केंद्र से इस कानून को वापस लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, "यह अधिनियम देश के सभी वर्गों के लोगों की आकांक्षाओं और अवसरों को प्रतिबिंबित नहीं करता है। यह सदन सर्वसम्मति से वक्फ अधिनियम में संशोधन को अस्वीकार करता है क्योंकि यह एक ऐसा अधिनियम है जो कर्नाटक के लोगों की सार्वभौमिक आकांक्षाओं और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के पूरी तरह से खिलाफ है। इस संदर्भ में, यह सदन सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से अनुरोध करता है कि वह वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को तुरंत वापस लेकर देश के सर्वसम्मत विचारों का सम्मान करते हुए बिना देरी किए कार्रवाई करे।"






# एसी लोकल टास्क फोर्स ने यात्रा के अनुभव को बदला

**मुंबई।** मध्य रेल के मुंबई मंडल ने यात्रियों की संरक्षा और आराम को प्राथमिकता देते हुए यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक साहसिक और निर्णायक कदम उठाया, साथ ही अनियमित यात्रा को रोकने और अपने एसी लोकल यात्रियों के मानकों को बनाए रखने के लिए एक अनूठी पहल की। 25 मई 2024 को, मध्य रेल ने उपनगरीय ट्रेनों में अनियमित यात्रा से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए एक समर्पित एसी क्लास टास्क फोर्स की शुरुआत की। यात्रियों की चिंताओं का तुरंत जवाब देने के लिए एक विशेष दल तैनात किया गया है, जिसे समर्पित 24/7 व्हाट्सएप शिकायत नंबर, 7208819987 की सहायता मिली है। यह अभिनव पहल यात्रियों को अनियमित यात्रा की घटनाओं की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है, जिससे पीक ऑवर्स के दौरान तत्काल सहायता सुनिश्चित होती है और आवश्यकतानुसार अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है। समर्पित व्हाट्सएप नंबर पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का तुरंत जवाब दिया जाता है। यदि विशेष दस्ता शिकायत में उल्लिखित विशेष अनुभाग में है, तो वे तुरंत कार्रवाई करते हैं, हालांकि यदि दस्ता तुरंत उपलब्ध नहीं है, तो अगले ही दिन कार्रवाई की जाती है। 25 मई-2024 से 10 मार्च-2025 की अवधि के दौरान, इस संख्या के बराबर कुल 8735 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 157 पर तुरंत कार्रवाई की गई, जबकि 8578 शिकायतों का अगले दिन समाधान किया गया, जो शिकायतों का 100% समाधान दर्शाता है। इस सक्रिय प्रवर्तन के कारण शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है, शिकायतों का दैनिक औसत जून-2024 में 79 से घटकर मार्च-2025 में 11 हो गया है। प्रतिदिन प्राप्त होने वाली अधिकतम शिकायतें भी जून-2024 में प्रतिदिन 228 से घटकर दिनांक 10.3.2025 तक 23 हो गई हैं। प्राप्त शिकायतों, की गई कार्रवाई और विशेष दस्तों की तैनाती के गहन विश्लेषण के आधार पर, 25 मई-2024 से 10 मार्च-2025 की अवधि के दौरान एसी लोकल में बिना उचित टिकट के यात्रा करने वाले 82,776 यात्रियों को पकड़ा गया और जुर्माने के रूप में 2.71 करोड़ रुपए की राशि वसूल की गई, यानी प्रतिदिन बिना उचित टिकट के यात्रा करने वाले औसतन 348 यात्री और प्रतिदिन औसतन 1.14 लाख रुपए की वसूली हुई। इस पहल को यात्रियों से काफी प्रशंसा मिली है, जिन्होंने अपनी प्रीमियम सेवाओं का स्तर बनाए रखने के लिए मध्य रेल द्वारा उठाए गए सक्रिय रुख की सराहना की है। एसी क्लास टास्क फोर्स के अलावा, मध्य रेल बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए एसी लोकल में गहन टिकट जांच अभियान चलाता है। इन जांचों से वित्त वर्ष 2024-25 (9 मार्च-2025 तक) के दौरान एसी लोकल में अनियमित यात्रा के 92,217 मामलों का पता लगाने में मदद मिली है, जिससे 3.03 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 40,335 मामलों से 1.33 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया। यह पिछले वर्ष की तुलना में मामलों की संख्या में 128% और जुर्माना राशि में 126% की वृद्धि दर्शाता है। विशेष रूप से, मध्य रेल का मुंबई उपनगरीय नेटवर्क प्रतिदिन अपनी 1810 सेवाओं के माध्यम से लगभग 3.9 मिलियन यात्रियों को ले जाता है, जिसमें प्रतिदिन 66 एसी लोकल सेवाएं शामिल हैं, जो प्रतिदिन लगभग 78000 यात्रियों को ले जाती हैं। मध्य रेल के मुंबई मंडल का लक्ष्य एसी लोकल कोच में अनियमित यात्रा के संबंध में शून्य शिकायतें प्राप्त करना है। नियमित जांच के साथ-साथ समर्पित व्हाट्सएप शिकायत नंबर की शुरूआत से इस उद्देश्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रूप से सहायता मिली है। यात्रियों को अनियमित यात्रा के किसी भी मामले की रिपोर्ट करने के लिए व्हाट्सएप शिकायत नंबर, 7208819987 का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यात्री कृपया ध्यान दें कि समर्पित नंबर केवल दिए गए नंबर पर समस्या का संदेश देने के लिए है और उस पर कोई फोन कॉल नहीं किया जा सकता है।

कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा

# आपदा प्रभावित किसानों को 31 तक मुआवजा



**मुंबई।** राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की योजना 100-दिवसीय कार्ययोजना में शामिल की है। इसके तहत, फसल हानि के मुआवजे की राशि किसानों को 31 मार्च तक वितरित की जाएगी, ऐसा कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर में कहा। परभणी जिले सहित मराठवाड़ा के किसानों को फसल बीमा राशि दिलाने के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। इस चर्चा में सदस्य राहुल पाटिल ने भी भाग लिया। राज्य सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है, यह आश्वासन देते हुए मंत्री कोकाटे ने बताया कि प्राकृतिक आपदा, अनियमित वर्षा और बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मंत्री कोकाटे ने बताया कि परभणी जिले में खरीफ 2024 के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) में 7,63,062 किसानों ने 5,23,858 हेक्टेयर क्षेत्र का बीमा कराया। प्राकृतिक आपदा के कारण 25% से अधिक फसल क्षेत्र प्रभावित हुआ। इस कारण परभणी जिलाधिकारी ने प्रभावित किसानों को 25% अग्रिम मुआवजा देने के लिए अधिसूचना जारी की। खरीफ 2024 के लिए, परभणी जिले में 426.55 करोड़ की अंतिम मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है, जो प्राकृतिक आपदा, प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों और कटाई उपरांत फसल हानि की भरपाई करेगी। मराठवाड़ा के सभी जिलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 1,734.26 करोड़ मुआवजा मंजूर किया गया है। जनवरी से दिसंबर 2024 के दौरान, परभणी जिले में 4,10,035 हेक्टेयर क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हुआ, जिसके लिए 473.44 करोड़ स्वीकृत किए गए, और 417.12 करोड़ वितरित कर दिए गए हैं। मराठवाड़ा में, 33,97,891 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ, जिसके लिए 3,067.52 करोड़ मंजूर किए गए और 2,458.62 करोड़ की राशि पहले ही वितरित हो चुकी है। खरीफ 2024 के लिए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के तहत 2,197.15 करोड़ की मुआवजा राशि राज्यभर में स्वीकृत की गई है। बीमा कंपनियों को राज्य सरकार द्वारा प्रीमियम सब्सिडी का भुगतान करने की प्रक्रिया जारी है, ऐसा मंत्री कोकाटे ने कहा।

## टीसीएस और एयर न्यूज़ीलैंड में साझेदारी

**मुंबई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एयर न्यूज़ीलैंड ने पांच साल की साझेदारी की घोषणा की है। इस के तहत, टीसीएस एयरलाइन के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को उन्नत करेगा और एआई-सक्षम नवाचार और दक्षता बढ़ाने में मदद करेगा। इस सहयोग से एयर न्यूज़ीलैंड की डिजिटल क्षमताएं बढ़ेंगी, यात्रियों के अनुभव में सुधार होगा और तकनीकी दक्षता मजबूत होगी। इस साझेदारी में फ्लीट मैनेजमेंट, क्रू शेड्यूलिंग और ग्राउंड सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। मुंबई में टीसीएस मुख्यालय में इस साझेदारी की औपचारिक घोषणा की गई।

अपोलो ने 78 बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन पूरे किए

## पीड़ित वयस्कों और बच्चों को नया जीवन



**नवी मुंबई।** अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने उन्नत बोन मैरो ट्रांसप्लांट प्रक्रियाओं में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन को जारी रखते हुए, 78 ट्रांसप्लांट्स के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल की दीर्घकालिक सफलता दर 70% से अधिक रही है। दूसरे देशों से आए हुए, मरीजों सहित छोटे बच्चे और वयस्क दोनों मरीजों का इलाज सफलतापूर्वक किया गया है। उनकी यह सफलता उच्च गुणवत्तापूर्ण, जीवन रक्षक ट्रांसप्लांट सेवाएं प्रदान करने में अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई के नेतृत्व को रेखांकित करती है। ल्यूकेमिया, थैलेसीमिया, सिकलसेल बीमारी, गंभीर अप्लास्टिक एनीमिया, मल्टीपल मायलोमा मायलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम और कुछ दुर्लभ प्रकार की इम्युनोडेफिशियेंसी जैसी स्थितियों में जटिल मेडिकल चुनौतियां होती हैं और अक्सर दीर्घकालिक रिकवरी के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन जैसे उन्नत उपचार की आवश्यकता होती है। बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन से पहले गहन कंडीशनिंग की आवश्यकता होती है और ट्रांसप्लांटेशन के बाद प्रतिरक्षा में धीमी रिकवरी होती है, जिसकी वजह से इन मरीजों में संक्रमण और अन्य जटिलताएं होने का खतरा ज्यादा होता है। जब बोन मैरो पर्याप्त स्वस्थ रक्त कोशिकाओं का उत्पादन नहीं करता है तब बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन प्रक्रिया में रोगग्रस्त या निष्क्रिय बोन मैरो को बदला जाता है। अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई की बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन इकाई ऑटोलॉगस, हैप्लोइडेन्टिकल और एलोजेनिक ट्रांसप्लांट के साथ-साथ नवीनतम CAR T-cell थेरेपी करने के लिए सुसज्जित है। अपने मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण की वजह से यह अस्पताल न केवल भारत के भीतर बल्कि अन्य देशों में भी मशहूर है।

# मुंबईकर सावधान! ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 10 गुना जुर्माना



**मुंबई।** सरकार ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए जुर्माने की राशि बढ़ा दी है और कारावास की सजा का प्रावधान किया है। नए यातायात नियम 1 मार्च से लागू किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना, लापरवाही से वाहन चलाने पर लगाम लगाना, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात कानूनों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना है। जनवरी से नवंबर 2024 के बीच, मुंबई और आसपास के महानगरीय क्षेत्र में 4,935 यातायात दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें से 2,319 घटनाएँ अकेले मुंबई में हुईं। दुर्घटनाओं में 1,108 मौतें हुईं, जिनमें से 299 मुंबई में हुईं। हाल ही में एक 45 वर्षीय व्यक्ति का दोपहिया वाहन चलाते समय एक्सीडेंट हो गया। सेंट स्टीफंस चर्च के पास बाइक एक कार से टकरा गई। उसे कई चोटें आईं। इस महीने की शुरुआत में मुंबई के कोस्टल रोड पर लापरवाही से BMW चलाते हुए 24 वर्षीय एक व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उसे जान जोखिम में डालने और सुरक्षा मानदंडों का पालन न करने के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया था।

### 2025 के नए यातायात नियम

- नशे में गाड़ी चलाना– नशे में गाड़ी चलाने की सज़ा बढ़ाकर 10,000 रुपए और/या छह महीने की जेल कर दी गई है। पहले 1,000 रुपए से लेकर 1,500 रुपए तक की सज़ा थी, लेकिन अब बार–बार ऐसा करने पर 15,000 रुपए का जुर्माना और अधिकतम दो साल की जेल की सज़ा हो सकती है।

### गाड़ी चलाते मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल

- गाड़ी चलाते समय मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल करने पर जुर्माना 500 रुपए से बढ़ाकर 5,000 रुपए कर दिया गया है, जो दर्शाता है कि अब ध्यान भटकाकर गाड़ी चलाने को ज्यादा गंभीरता से लिया जाता है।

### हेलमेट नहीं/सीटबेल्ट नहीं

- बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने पर 100 रुपए का जुर्माना बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दिया गया है और आपका लाइसेंस तीन महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है। सीटबेल्ट नहीं पहनने पर भी 1,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाता है।

### बिना दस्तावेज़ के गाड़ी चलाना

- वैध ड्राइविंग लाइसेंस न होने पर 5,000 रुपए का जुर्माना, संभावित रूप से तीन महीने की जेल की सज़ा और सामुदायिक सेवा का प्रावधान है। बीमा न होने पर 2,000 रुपए (बार–बार अपराध करने पर 4,000 रुपए) का जुर्माना लगाया जाता है।

### पीयूसी न होना

- प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने पर 10,000 रुपए का जुर्माना और/या सामुदायिक सेवा के साथ छह महीने की जेल की सजा दी जाती है।

### आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देना

- एम्बुलेंस या अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहनों को बाधित करने पर 10,000 रुपए का जुर्माना है।

### किशोर अपराधी

- यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उस पर 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा, तीन साल की कैद होगी, उसके वाहन का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा, तथा 25 वर्ष की आयु तक उसे ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिया जाएगा।


**वाद पदो के स्थिरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5, नियम 1 और 5)**
**न्यायालय अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश क.सं. 2 इलाहाबाद**
**मूल रूखसती वाद सं. 531 सन् 2021 ई.**

सोएब खान पुत्र मकसूद अहमद खान निवासी ग्राम सुल्तानपुर अकबर (नबी नगर) थाना होलागढ़ तहसील सोरांव जिला प्रयागराज....... **वादी/याची बनाम** सायमा बानों पुत्री नियाज अहमद फारूखी निवासी ग्राम बद्दन्दा मऊ, थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़। हाल पता- मलिक अपार्टमेंट कम्पाउण्ड वाला थाना भिमण्डी, मुम्बई, महाराष्ट्र....... **विपक्षी** प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा रूखसती। चूंकि वादी ने आपके खिलाफ के लिये वाद संस्थित किया है अतएव आपको एतद द्वारा आहूत किया जाता है कि आप स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यकरूपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2025 के 04 के 11 दिवस को 10 बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करे जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है। आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ववर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति मे सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

नियम तिथि: 11.04.2025 न्यायाधीश



**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना** दिनांक: 18.03.2025

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः- **निविदा संख्याः** विद्युत-सा.-भो-नि.-22-2025, **कार्य का नामः (ए) इटारसी-भोपाल डिवीजन -** डीजल लोको शेड इटारसी की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार। **(बी)** संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक 3 की तरफ मौजूदा 13 कवर ओवर शेड रूम से विद्युत लाइन 06 तार और कनेक्शन तार और कनेक्शन तारों को स्थानांतरित करना (रामगंज मंडी-भोपाल) (इलेक्ट्रिकल जनरल वर्क)। **(सी)** विदिशा स्टेशन पर 12.00 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान (इलेक्ट्रिकल वर्क), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 60 दिन, **अनुमानित लागत (₹ ):** ₹ 54,37,050.23, **अग्रिम राशि (₹):** ₹ 1,08,800.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 09.04.2025 को 11:00, **नोटः** संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेंगे जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। यदि निविदा की लागत राशि 50 लाख रूपये से अधिक है, तब पात्रता मानदंड जीसीसी के पैरा 10 के अनुसार लागू होगा। निविदा में भाग लेने से पहले ठेकेदार इस शर्त को पढ़ लें। इसके लिए ठेकेदार द्वारा दस्तावेज आई आर ई पी एस वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए। अपलोड किए गए दस्तावेजों को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा। इसका संक्षिप्त विवरण भी निविदा के साथ संलग्न विशेष शर्त में दिया गया है।

**वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य)**
**मं.रे.प्र.कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल**
**रानी कमलापति स्टेशन के समीप**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**महावितरण** महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्या

**जाहीर निवेदन**

कल्याण नागरी (प.) विभाग मधील ठेकेदारांना सुचित करण्यात येते की, दि.३१.०३.२०२२ पुर्वीच्या कालावधीचे सुरक्षा ठेव रक्कम (रोख, online अथवा देयकातून वळते केलेली) व अनामत रक्कम कल्याण नागरी (प.) विभाग या कार्यालयास (रोख अथवा online) जमा आहे. सदर रक्कमेच्या परतावासाठी ठेकेदारांनी त्यांचा अर्ज व त्यासोबतचे लागणारे कागदपत्र या कार्यालयास सुचना प्रसिद्ध झाल्यापासुन १५ दिवसाच्या आत सादर करावी. अन्यथा सदर ठेकेदारांची सुरक्षाठेव रक्कम व अनामत रक्कम हि म.रा.वि.वि.कं.मर्या.च्या नियमानुसार कंपनीच्या खात्यात जमा करण्यात येईल तसेच मुदतीनंतर केलेला दावा देय असणार नाही यांची संबंधितानी कृपया नोंद घ्यावी.

**संपर्क**:– श्री.चंद्रकांत मोहरे, उपव्यवस्थापक (विवले)–८८७९६२६३२५

**पत्ता**:– कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय, तेजश्री इमारत, तळमजला, जहांगीर, मैदानाजवळ, कर्णिक रोड, कल्याण (प.)

**कार्यकारी अभियंता, कल्याण नागरी (प.) विभाग**



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 14920242025** **दिनांक: 17.03.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक **08.04.2025** को **13:30** बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं: 1** | नि. सं.: 290 | **अनुमानित लागत (रु.):** 2107919.83 |
| **कार्यों का विवरण:** सहायक मण्डल इंजीनियर/इटावा के अन्तर्गत 20 के.एल.डी अपशिष्ठ /सीवेज उपचार संयंत्र (एस टी पी) की स्थापना, संचालन और रखरखाव का कार्य। | | |
| **अग्रिम धन राशि मूल्य (रु.):** 42200.00 | | **कार्य समापन की अवधि:** 60 माह |
| **पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्य:** निल | | |
| **क्र.सं: 2** | नि. सं.: 291 | **अनुमानित लागत (रु.):** 14225390.54 |
| **कार्यों का विवरण:** सहायक मण्डल इंजीनियर/इटावा के अन्तर्गत बुकिंग कार्यालय और शौचालय के प्रावधान सहित झींझक स्टेशन पर सेवा भवन में सुधार के साथ यात्री सुविधाओं में सुधार का कार्य। | | |
| **अग्रिम धन राशि मूल्य (रु.):** 221100.00 | | **कार्य समापन की अवधि:** 10 माह |
| **पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्य:** कोई सिविल इंजीनियरिंग का कार्य। | | |
| **क्र.सं: 3** | नि. सं.: 292 | **अनुमानित लागत (रु.):** 12064978.36 |
| **कार्यों का विवरण:** संयुक्त निविदा (अ) वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/तृतीय/उ.म.रे./प्रयागराज के अन्तर्गत रुरा-टूण्डला खण्ड में टर्न आउट स्लीपर नवीनीकरण। (ब) सहायक मण्डल इंजीनियर/इटावा के अन्तर्गत इटावा में एन आई का कार्य। | | |
| **अग्रिम धन राशि मूल्य (रु.):** 210300.00 | | **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह |
| **पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्य:** कोई पी0 वे0 का कार्य। | | |
| **निविदा खुलने की तिथि:** 08.04.2025 | | |

**नोट- 1.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **13:30** बजे तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक **08.04.2025** तक उपलब्ध है। निविदा खुलने की नियत तारीख को **15:00** बजे या उसके बाद खोला जाएगा। **2.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **C.C.A** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पर ही विचारणी है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** सभी निविदादाता निविदा संख्या **291 से 292** जिसमें निविदा का मूल्य रु. 50 लाख से ज्यादा है के लिए Annexure-V & V(A) (Document Verification Certificate) की आवश्यकता है। माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जीएसटी एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। **5.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिये। **6.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **7.** निविदा प्रपत्र की धरोहर राशि Online Internet Banking के Payment Gateway या Bank Guarantee Bond के द्वारा निविदा प्रपत्र के पैरा 12.0 के अनुसार जमा की जायेगी। **8.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **9.** ऑनलाइन निविदा दिनांक 08.04.2025 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **10.** निविदा प्रपत्र में दिये गये अन्य निर्देशों के साथ-साथ निविदा दाता निविदा के साथ जमा किये जाने वाले प्रपत्रों हेतु निविदा प्रपत्र के पैरा 12.0 बयाने की राशि (Bid Security Deposit) पर विशेष ध्यान दें। **11.** ई-टेण्डर फार्म सभी निविदाकारों को मुफ्त जारी किए जाएंगे। **12.** निविदा संख्या **290 से 292** के लिए निविदादाता को जी.सी.सी.-2022 (वर्क्स मामले भाग-1) के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **496/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


## पुणे में कौशल विकास केंद्र किया जाएगा स्थापित : उदय सामंत

**मुंबई।** पुणे शहर में शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी आते हैं, साथ ही रोजगार की तलाश में भी कई युवा यहां आते हैं। पुणे में विद्यार्थियों और युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत एक कौशल विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा, ऐसी घोषणा मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर में की। सदस्य विजय शिवतारे ने पुणे महानगरपालिका में नव शामिल गांवों की समस्याओं को लेकर ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की। इस चर्चा में सदस्य भीमराव तापकीर भी शामिल हुए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री उदय सामंत ने कहा कि फुरसुंगी और उरुली देवाची गांवों को पुणे महानगरपालिका से अलग कर दिया गया है और इन्हें एक स्वतंत्र नगर परिषद के रूप में स्थापित किया गया है। जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए, कोंकण विभागीय आयुक्त की रिपोर्ट को स्वीकार कर इस नगर परिषद को 'A' श्रेणी का दर्जा दिया जाएगा। जब तक पुणे महानगरपालिका से सेवाओं का हस्तांतरण पूरा नहीं हो जाता, तब तक इन क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास कार्य जारी रहेगा।


**मुख्य कार्यालय, विरार**
विरार (पूर्व)
ता. वसई. जि. पालघर पिन ४०१ ३०५

दुरध्वनी : 0250 – 2525101/02/03/04/05/06
फॅक्स : 0250 – 2525107
ई–मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./बांध/श.अ./517/2025
दिनांक 19/03/2025

**जाहीर ई – निविदा सुचना**

वसई – विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील खालील कामांकरीता सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडील योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून ई – निविदा मागविण्यात येत आहे. खालील उल्लेखीत कामांचे कोरे निविदा फॉर्म https://Mahatenders.gov.in या अधिकृत संकेतस्थळावर दि. 21/03/2025 पासून उपलब्ध होणार आहे. ई– टेंडरींग बाबत अधिक माहितीसाठी ई – निविदा कक्ष, वसई विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय येथे संपर्क साधावा.

| अ. क्र. | कामाचे नाव |
|---|---|
| 1 | सन 2025–26, सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या वित्तीय वार्षीक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती A,B,C,D,E,F,G,H,I कार्यक्षेत्रामध्ये पाईप गटाराचे बांधकाम करणे कामी RCC विविध व्यासाचे पाईप पूरवठा करणेकामी निविदेमध्ये सहभाग घेण्यात आलेल्या नोंदणीकृत ठेकेदारांची पॅनलवर नियुक्ती करणे. |
| 2 | सन 2025–26, सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या त्रैवार्षिक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिकेच्या कार्यक्षेत्रातील प्रभाग समिती A,B,C,D,E,F,G,H,I मधील फुटपाथ, डिव्हायडर्स व कर्ब स्टोन दुरुस्ती वगैरे कामे करणे निविदेमध्ये सहभाग घेण्यात आलेल्या नोंदणीकृत ठेकेदारांची पॅनलवर नियुक्ती करणे. |
| 3 | सन 2025–26, सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या त्रैवार्षिक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्रामध्ये जमिनीचे सर्वेक्षण करण्यासाठी निविदेमध्ये सहभाग घेण्यात आलेल्या सर्वेअरची पॅनलवर नियुक्ती करणेकामी निविदेमध्ये सहभाग घेण्यात आलेल्या इच्छुक अनुभवी ठेकेदारांची पॅनलवर नियुक्ती करणे. |
| 4 | सन 2025–26, सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या त्रैवार्षिक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिकेच्या विविध विभागातील विविध उद्याने, स्मशानभुम्या व इतर ठिकाणी बसण्याकरीता बेचेंस, बेचेंस पट्ट्या व संबंधीत इतर आश्यक साहित्य पुरवठा करणे. |
| 5 | सन 2025–26, सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या त्रैवार्षिक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिकेच्या स्मशानभुमीकरीता कास्ट आयर्नच्या शवदाहिन्या पुरवठा करुन बसविणे. |

Please Visit our Official web-site (https://mahatenders.gov.in)

सही/–
(प्रदिप पाचंगे)
प्र. शहर अभियंता
वसई विरार शहर महानगरपालिका


## पश्चिम रेलवे : साबरमती-दौलतपुर चौक और गांधीनगर कैपिटल-जम्मू तवी एक्सप्रेस के टर्मिनल स्टेशन में बदलाव



- कुछ ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान के समय एवं कोच संरचना में परिवर्तन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं ट्रेनों की समयबद्धता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस और गांधीनगर कैपिटल-जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन के टर्मिनल स्टेशन में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है तथा कुछ ट्रेनों के परिचालन समय एवं कोच संरचना में बदलाव किया गया है।

**ट्रेनों के टर्मिनल स्टेशन में परिवर्तन**

1) ट्रेन संख्या 19411 साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस 15 मई 2025 से साबरमती के स्थान पर गांधीनगर कैपिटल से (10.05 बजे) प्रस्थान करेगी।

2) ट्रेन संख्या 19412 दौलतपुर चौक-साबरमती एक्सप्रेस 14 मई 2025 से साबरमती के स्थान पर गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर (15.05 बजे) टर्मिनेट (समाप्त) होगी।

3) ट्रेन संख्या 19223 गांधीनगर कैपिटल-जम्मू तवी एक्सप्रेस 15 मई 2025 से गांधीनगर कैपिटल के स्थान पर साबरमती से (10:25 बजे) प्रस्थान करेगी तथा गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर आगमन-प्रस्थान का समय 10.53/10.58 बजे रहेगा। इस ट्रेन का अन्य स्टेशनों पर आगमन/प्रस्थान का समय यथावत रहेगा। 4) ट्रेन संख्या 19224 जम्मूतवी-गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस 14 मई 2025 से गांधीनगर कैपिटल के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर (14.05 बजे) टर्मिनेट (समाप्त) होगी। इस ट्रेन का गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर आगमन-प्रस्थान का समय 13:08/13:10 बजे रहेगा। इस ट्रेन का अन्य स्टेशनों पर आगमन/प्रस्थान का समय यथावत रहेगा। 1) ट्रेन संख्या 19119 गांधीनगर कैपिटल-वेरावल एक्सप्रेस 15 मई 2025 से गांधीनगर कैपिटल से 10.30 बजे के स्थान पर 10.25 बजे प्रस्थान करेगी तथा चांदलोडिया B स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 10.50/10.52 बजे रहेगा। इस ट्रेन का अन्य स्टेशनों पर आगमन-प्रस्थान का समय यथावत रहेगा। 2) ट्रेन संख्या 19107 भावनगर-MCTM उधमपुर एक्सप्रेस का 15 मई 2025 से गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 10.05/10.10 बजे रहेगा। इस ट्रेन का अन्य स्टेशनों पर आगमन-प्रस्थान का समय यथावत रहेगा। ट्रेन संख्या 22957/22958 गांधीनगर कैपिटल-वेरावल-गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस 15 मई 2025 से गांधीनगर कैपिटल से एवं 14 मई 2025 से वेरावल से एसी 2-टियर के दो कोच, एसी 3-टियर के 5 कोच, स्लीपर श्रेणी के 8 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच और 2 कोच SLRD के साथ संचालित होगी।

## प.रे. : 21 से चलेगी भुज और राजकोट के बीच स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए भुज और राजकोट के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इस ट्रेन का विवरण अनुसार ट्रेन संख्या 09446 भुज-राजकोट स्पेशल 21 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक भुज से प्रतिदिन प्रातः 06.50 बजे प्रस्थान करेगी तथा 13.35 बजे राजकोट पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09445 राजकोट-भुज स्पेशल 21 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक राजकोट से प्रतिदिन दोपहर 14.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा 21.40 बजे भुज पहुंचेगी। मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन गांधीधाम, भचाउ, सामाख्याली, मालिया-मियाणा, दहींसरा तथा मोरबी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी चेयर कार, द्वितीय श्रेणी सिटिंग एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का निर्देश

# विकास और तकनीक-आधारित योजना को 'महाटेक' जरूरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भविष्य के विकास और योजना प्रक्रिया में तेजी लाकर एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'महाटेक' संस्था की स्थापना करने का निर्देश दिया है। यह संस्था राज्य में भू-स्थानिक) तकनीक और सूचना तकनीक का समावेश करके व्यवस्था को मजबूत करेगी। भू-स्थानिक तकनीक से संबंधित एक बैठक मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में विधानमंडल कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य वन संरक्षक रविकिरण गोवेकर ने एक प्रस्तुति के माध्यम से प्रशासन में भू-स्थानिक तकनीक और अंतरिक्ष तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस प्रस्तुति में केंद्र सरकार की स्वायत्त संस्था भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान और महाराष्ट्र रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशन सेंटर के बारे में भी बताया गया। लोक-कल्याणकारी, पारदर्शी प्रशासन और विकास की गति को बढ़ाने के लिए, साथ ही सरकारी विभागों की योजना प्रक्रिया, संपत्ति प्रबंधन आदि के लिए भू-स्थानिक जानकारी का उपयोग करना आवश्यक है। इस उद्देश्य से अंतरिक्ष तकनीक (स्पेस टेक्नोलॉजी) का उपयोग करने के लिए 'महाटेक' संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 'महाटेक' की स्थापना के लिए, प्रारंभिक चरण में भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान को सलाहकार के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 'महाटेक', सूचना प्रौद्योगिकी और एमआरसैक के समन्वय से सभी विभागों के कार्यों में तेजी लाई जा सकती है।

### कोकण रेलवे महामंडल के विलय का रास्ता साफ

■ भविष्य की परियोजनाओं के लिए और आवश्यक वित्तीय संसाधनों की कमी की समस्या को हल करने के लिए, केंद्र सरकार के प्रस्ताव के अनुसार कोकण रेलवे महामंडल का भारतीय रेलवे में विलय किया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में की। विधान परिषद सदस्य प्रवीण दरेकर ने कोकण रेलवे महामंडल से संबंधित एक ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की थी। जिसका उत्तर मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया। कोकण रेलवे महामंडल की स्थापना महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल इन चार राज्यों के सहयोग से की गई थी।

### महाराष्ट्र नागरिक सेवा नियमों में होगा बदलाव

■ महाराष्ट्र नागरिक सेवा (आचरण) नियम 1979 को तैयार करते समय सोशल मीडिया का अस्तित्व नहीं था, इसलिए इसमें सोशल मीडिया के उपयोग से संबंधित कोई उल्लेख नहीं था। बदलते समय और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, आगामी तीन महीनों में इन नियमों में संशोधन किया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को सोशल मीडिया का उपयोग जनता से संवाद स्थापित करने और सार्वजनिक हित के लिए करना चाहिए।

### यूपीएससी की तर्ज पर एमपीएससी परीक्षा

वर्ष 2025 से महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा पद्धति के अनुसार वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) प्रारूप में आयोजित की जाएंगी। साथ ही, इन प्रतियोगी परीक्षाओं और साक्षात्कारों का संपूर्ण समय सारणी तैयार कर उसके अनुसार परीक्षाएं ली जाएंगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में की।



# बीकेसी में बनेगा नया संग्रहालय : शेलार



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ महाराष्ट्र की विरासत को मिलेगा बढ़ावा
▶▶ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहन

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में एक राज्य स्तरीय सांस्कृतिक केंद्र और संग्रहालय स्थापित करेगी। यह सुविधा 14,418 वर्ग मीटर में फैलेगी। राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने राज्य विधानसभा में इस परियोजना की घोषणा की। सांस्कृतिक केंद्र में एक शोध सुविधा, कला दीर्घाएं और एक सभागार होगा। यह महाराष्ट्र की विरासत को बढ़ावा देगा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेगा। यह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटकों को आकर्षित करेगा। दुनिया भर के कलाकारों को अपना काम दिखाने के लिए एक मंच मिलेगा। यह संग्रहालय ऐतिहासिक कलाकृतियों का विशाल संग्रह होगा जो महाराष्ट्र के गौरव में और इजाफा करेगा। सांस्कृतिक मामलों का विभाग परियोजना को संभालेगा। विकास के लिए राजस्व विभाग से एक भूखंड हस्तांतरित किया जाएगा।

### राज्य सरकार एवं बीएमसी मिलकर करेंगे रखरखाव

मिलकर करेंगे रखरखाव नया संग्रहालय मुंबई में मौजूदा संस्थानों से प्रेरणा लेगा। डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय और छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय मॉडल के रूप में काम करेंगे। राज्य सरकार और बीएमसी संयुक्त रूप से छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय का रखरखाव करते हैं।

### संग्रहालय की विशेषताएं

- प्रदर्शनियों में प्राचीन और मध्यकालीन स्थापत्य खंडहर, हथियार, कपड़े, वेशभूषा, मूर्तियां, शिलालेख, ताम्रपत्र और खुदाई में मिली वस्तुएं शामिल होंगी।
- प्रसिद्ध कलाकारों की दुर्लभ पेंटिंग भी प्रदर्शित की जाएंगी।
- यह संग्रहालय इतिहास के बहुमूल्य टुकड़ों को संरक्षित करके अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी के रूप में काम करेगा।

## बढ़ती गर्मी से निपटने को प्रशासन तैयार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार मुंबई, ठाणे और नागपुर के लिए हीट रेजिलिएशन फ्रेमवर्क पर काम कर रही है। इससे बढ़ते तापमान और हीटवेव की घटनाओं के लिए तैयारियों और प्रतिक्रिया में सुधार होगा। यह राज्य में अपनी तरह की पहली परियोजना होगी। यह फ्रेमवर्क सामाजिक और आर्थिक पहलुओं जैसे कारकों के आधार पर प्रत्येक शहर की भेद्यता का पता लगाएगा। यह वार्ड स्तर पर हीट-स्ट्रेस-प्रवण क्षेत्रों का मानचित्रण भी करेगा। रिपोर्टों के अनुसार, यह संरचित दृष्टिकोण उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करेगा, जिनमें तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इस फ्रेमवर्क में तीन प्रमुख घटक हैं जिसमें पहला तैयारी चरण है, जो हीटवेव से पहले तत्परता के मानक निर्धारित करता है। दूसरा अत्यधिक गर्मी की घटनाओं के दौरान प्रतिक्रिया रणनीतियों पर केंद्रित है। वहीं तीसरा भविष्य के जोखिमों को कम करने के लिए दीर्घकालिक समाधानों को शामिल करता है। मुंबई, ठाणे और नागपुर को अलग-अलग कारणों से चुना गया था। ठाणे शहरीकरण और हरित क्षेत्रों के नुकसान के कारण बढ़ते हीट स्ट्रेस का सामना कर रहा है। मुंबई शहरी हीट आइलैंड प्रभाव, उच्च आर्द्रता और भारी वर्षा से जूझ रहा है।

# हटनी चाहिए औरंगजेब की कब्र : शिवसेना

▶▶ केंद्र को पत्र लिखने की तैयारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में औरंगजेब कब्र विवाद पर एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार में मंत्री शंभूराजे देसाई ने कहा है कि आरएसएस एक अलग संस्था है। वह अपना विचार रख सकती है लेकिन शिवसेना की भूमिका स्पष्ट है औरंगजेब की कब्र हटनी ही चाहिए। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कब्र को ASI का प्रोटेक्शन मिला हुआ है। हम केंद्र को पत्र लिखेंगे ताकि इस संरक्षण को हटाया जाए। इसके लिए हमारे सांसद दिल्ली जाएंगे। ASI से फॉलोअप लेते रहेंगे। मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब नागपुर में हिंसा के बाद इलाके में तनाव है।

### ▶▶ उद्धव भी चाहते हटाई जाए कब्र

इससे पहले शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेता उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी पर '400 साल पुराने मुद्दे' को उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को खुल्दाबाद में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटा देना चाहिए। ठाकरे ने कहा, "औरंगजेब की कब्र को तुरंत हटा दें लेकिन ऐसा होने पर नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को बुला लें।

### ▶▶ औरंगजेब कब्र के आसपास कड़ी सुरक्षा

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की दक्षिणपंथी संगठनों की धमकी के बीच आसपास के इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने आगंतुकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है और पर्यटकों से पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे हैं। पुलिस ने खुल्दाबाद शहर के प्रवेश द्वार से लेकर समाधि स्थल तक के मार्ग पर कई सुरक्षा चौकियां स्थापित की हैं।

## दंगों में लोग पत्थर ही फेंकते : असलम शेख

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में हुई हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस विधायक असलम शेख ने एक ऐसा बयान दिया है, जिस पर विवाद हो सकता है। असलम शेख ने कहा है कि दंगों में लोग पत्थर ही फेंकते हैं, इसे कश्मीर की तर्ज पर हो रहे पथराव से जोड़ना ठीक नहीं है। बता दें कि इससे पहले महाराष्ट्र गृह विभाग के सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि नागपुर में हुए पथराव का पैटर्न 'कश्मीर स्टोन पेल्टिंग' की तरह नजर आ रहा है। नागपुर में उपद्रवियों ने बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की थी। हिंसा में 34 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। असलम शेख ने नागपुर में हुए बवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'पूरे देश में जहां भी दंगे होते हैं, वहां पर दंगाई पत्थर ही फेंकते हैं, इसलिए इसे कश्मीर से जोड़ना उचित नहीं है।

# अवैध बांग्लादेशियों को काम पर रखा तो खैर नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अब ठेकेदार अपनी परियोजनाओं में बांग्लादेशियों को काम पर नहीं रख सकेंगे। राज्य सरकार ने हाल ही में मुंबई के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल, सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में सुरक्षा के चलते यह फैसला उठाया है। बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान पर घर में हुए हमले में भी हमलावर के तार बांग्लादेश से जुड़ रहे थे। जानकारी के मुताबिक, गृहराज्य मंत्री योगेश कदम ने विधानसभा में बताया है कि डेवलपर्स और ठेकेदारों से कहा है कि वह वचन देंगे कि किसी बांग्लादेशी को काम पर नहीं रखेंगे। इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार की ओर से उन्हें सूचित भी कर दिया गया है। अगर कोई बांग्लादेशी प्रोजेक्ट में देखा जाता है, तो उनकी जिम्मेदारी है कि पुलिस को खबर करेंगे।

महाराष्ट्र सरकार ने ठेकेदारों के लिए जारी किए आदेश

### बंगाल में बनाए गए अधिकांश दस्तावेज

कदम ने कहा, 'गिरफ्तार किए गए 400-500 बांग्लादेशियों में से केवल 20-25 को ही अदालती कार्यवाही के बाद निर्वासित किया जा सकता है।' कदम ने कहा कि उनमें से ज्यादातर के पास दस्तावेज थे और 99% मामलों में ये दस्तावेज बंगाल में बनाए गए थे।' अदालत में, हमें साबित करना होगा कि ये दस्तावेज फर्जी हैं। पश्चिम बंगाल सरकार सहयोग नहीं करती और हमारी मदद नहीं करती।'



### बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर निर्वासित किया

कदम ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के इतिहास में सबसे ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया और निर्वासित किया है। 2024 में, राज्य ने 202 बांग्लादेशियों को निर्वासित किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि राज्य बांग्लादेशी प्रवासियों के पास मौजूद दस्तावेजों के बारे में बंगाल सरकार से सहयोग की कमी के कारण ज्यादातर गिरफ्तारियों को निर्वासन में नहीं बदल पा रहा है।

### मनीषा चौधरी के सवाल का दिया जवाब

कदम ने कहा, 'पुलिस और श्रम विभाग ने मुंबई और ठाणे में बांग्लादेशियों को काम पर रखने के बारे में ठेकेदारों और डेवलपर्स से पूछताछ की, लेकिन जानकारी देने में देरी हुई। इसके बाद मुंबई के संरक्षक मंत्री ने एक बैठक की और कहा कि मुंबई के ठेकेदारों और डेवलपर्स को वचन देना होगा कि वे बांग्लादेशी मजदूरों को काम पर नहीं रख रहे हैं। कदम भाजपा विधायक मनीषा चौधरी द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

युजवेंद्र-धनश्री तलाक

# बॉम्बे हाईकोर्ट से कूलिंग-ऑफ अवधि माफ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ फैसला आज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की आपसी सहमति से तलाक की याचिका में छह महीने की कूलिंग-ऑफ अवधि को माफ कर दिया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि पारिवारिक न्यायालय गुरुवार (20 मार्च) को इस याचिका पर अंतिम फैसला सुनाए, जिससे चहल आईपीएल 2025 में बिना किसी कानूनी अड़चन के भाग ले सकें। न्यायमूर्ति माधव जामदार की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तथ्य पर जोर दिया कि चहल और धनश्री पिछले ढाई वर्षों से अलग रह रहे हैं और उन्होंने मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान गुजारा भत्ता संबंधी शर्तों का पालन किया है। चहल 4.75 करोड़ रुपए का गुजारा भत्ता देंगे, जिसमें से 2.37 करोड़ रुपए पहले ही धनश्री को दिए जा चुके हैं, जबकि शेष राशि तलाक के अंतिम आदेश के बाद दी जाएगी। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13बी(2) के तहत, तलाक की याचिका दायर करने के बाद कम से कम 6 महीने की कूलिंग-ऑफ अवधि का प्रावधान है। इसका उद्देश्य पति-पत्नी के बीच सुलह की संभावनाओं को तलाशना होता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में स्पष्ट किया था कि यदि कोर्ट को लगता है कि पुनर्मिलन की कोई संभावना नहीं है, तो वह इस अवधि को माफ कर सकता है। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ने 2020 में सगाई की थी और उसी साल दिसंबर में गुरुग्राम में शादी की। लेकिन 2022 से दोनों अलग रह रहे थे। उनके तलाक की खबरें पिछले कुछ महीनों से चर्चा में थीं, लेकिन अब हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद तलाक की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। अब, हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद चहल के व्यक्तिगत जीवन में एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है, जबकि उनकी क्रिकेट यात्रा पहले से कहीं ज्यादा रोमांचक होने जा रही है।

# महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट को बड़ा झटका

▶▶ कई बड़े नेता शिंदे की शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट ने ऑपरेशन 'टाइगर' शुरू कर दिया है। इस बीच उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के दापोली के पूर्व विधायक संजय कदम, छत्रपति संभाजी नगर के पूर्व विधायक भाऊसाहेब पाटिल चिकटगांवकर, शिवसेना में शामिल हो गए हैं। शिंदे गुट में इस प्रवेश से कोंकण और छत्रपति संभाजी नगर में उद्धव गुट के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। शिंदे ने कहा, "दापोली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय कदम बालासाहेब और धर्मवीर आनंद दिघे की शिवसेना में वापस आ गए हैं। कोंकण में शिवसेना का विस्तार हो रहा है। कोंकण में एक सीट को छोड़कर सभी सीटों पर महायुति के विधायकों ने जीत दर्ज की है। कोंकणी जनता हमेशा से बालासाहेब और शिवसेना से प्यार करती आई है।" शिंदे ने कहा कि मंत्री उदय सामंत, मंत्री योगेश कदम कोंकण में काम कर रहे हैं।

### ये भी शामिल

इस मौके पर मुंबई के भांडुप के पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल, चेंबूर की पूर्व नगरसेविका अंजलि नाईक और गोरेगांव की पूर्व नगरसेविका लोचना चव्हाण सहित कई पदाधिकारी, शाखा प्रमुख, उप शाखा प्रमुख, महिला सेना और शिवसैनिक शिवसेना में शामिल हुए। संभाजीनगर के वैजापुर, गंगापुर निर्वाचन क्षेत्र में विधायक रमेश बोरनारे की पहल को पूर्व विधायक भाऊसाहेब पाटिल चिकटगांवकर, पूर्व महापौर साबिर खान, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष दिनकर बापू पवार, माननीय ने समर्थन दिया। जिला परिषद सदस्य बादशाह पटेल, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष राजू मगर, डॉ. राजू डोंगरे, राम हरि जाधवे, बाबासाहेब जगताप शिवसेना में शामिल हुए।

# आंचल गोयल बनीं मुंबई शहर जिला कलेक्टर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** राज्य सरकार ने IAS अफसरों के तबादलों की गति बढ़ा दी है और हर 8 से 15 दिन में 'ए' श्रेणी अफसरों के तबादलों के आदेश जारी किए जा रहे हैं। महज 15 दिन पहले कुछ जिला कलेक्टरों और नगर आयुक्तों का तबादला किया गया था और अब फिर से 6 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इन तबादलों में नागपुर के अतिरिक्त नगर आयुक्त को मुंबई शहर में पदोन्नत किया गया है तथा आंचल गोयल को मुंबई का जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में नागपुर शहर दो समूहों के बीच तनाव के कारण सुर्खियों में था, वहीं नागपुर के वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। नागपुर, जलगांव, नांदेड़, पालघर और गढ़चिरौली में अधिकारियों का तबादला किया गया है। इसमें जलगांव जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित को छत्रपति संभाजीनगर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसलिए, ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर में कुछ महत्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारियों को बदल दिया है।

**अधिकारी एवं उनकी नई नियुक्तियां**

| | |
|---|---|
| आंचल गोयल (आईएएस 2014) | मुंबई शहर जिला कलेक्टर |
| अंकित (आईएएस 2019) | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, छत्रपति संभाजीनगर जिला परिषद |
| मीनल करनवाल (आईएएस 2019) | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जलगांव जिला परिषद |
| कावली मेघना (आईएएस 2019) | नांदेड़ जिला परिषद का मुख्य कार्यकारी अधिकारी |
| करिश्मा नायर (आईएएस 2021) | नासिक नगर निगम में अतिरिक्त नगर आयुक्त |
| रंजीत मोहन यादव (आईएएस 2022) | परियोजना अधिकारी, आईटीडीपी और सहायक कलेक्टर, गढ़चिरौली |



# बीएमसी ने रात भर चलाया मुंबई हाईवे पर सफाई अभियान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बीएमसी इस महीने की शुरुआत से ही राजमार्गों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों पर कई सफाई अभियान चला रहा है। राजमार्गों के अलावा, यह रैंप, सर्विस रोड और आस-पास के इलाकों को भी कवर करता है। नवीनतम घटनाक्रम में, बीएमसी ने मुंबई के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर यातायात प्रवाह और सफाई में सुधार के लिए सफाई अभियान शुरू किया है। यह अभियान 18 मार्च को शुरू हुआ जो 22 मार्च तक चलेगा।

यह अभियान रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक चलेगा। बीएमसी की टीमें अतिक्रमण हटाने, लावारिस वाहनों को हटाने और सड़कों को साफ करने के लिए विभिन्न मशीनों का उपयोग कर रही हैं। पहली रात को 16.3 किलोमीटर सड़कों की सफाई की गई। इसमें EEH पर 8.8 किलोमीटर, M-पश्चिम, N और L वार्ड और WEH पर 7.8 किलोमीटर, H-पूर्व और K-पूर्व वार्ड शामिल थे। इस अभियान में 16 यांत्रिक मशीनों का इस्तेमाल किया गया, जिनमें स्वीपर, कूड़ा बीनने वाले, मिस्टिंग मशीन, डंपर और पानी के टैंकर शामिल थे। विशेष अभियान के पहले दिन नगर निगम के कर्मचारियों ने वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से 9.5 टन अपशिष्ट पदार्थ और 25 टन मलबा एकत्र किया और उसका निपटान किया।

### ये किए गए कार्य

- श्रमिकों ने मलबा, कचरा और अवैध होर्डिंग हटाए
- सड़क के चिह्नों, चौराहे के चिह्नों और दिशा-सूचक चिह्नों को साफ किया और रंगा
- सार्वजनिक कूड़ेदानों की भी सफाई और मरम्मत की गई।
- बस स्टॉप पर बैठने की व्यवस्था में भी सुधार किया गया
- पेड़ों के तने रंगे, पौधों के पास अवरोधों को हटाया और सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव किया
- सड़कों को अवरुद्ध करने वाले लावारिस वाहनों को हटाया गया
- सड़क के डिवाइडरों को रंगा गया और उनकी मरम्मत की गई। जहां आवश्यक था, वहां पेवर ब्लॉक हटाए गए
- गहन सफाई के लिए जेटिंग और प्रेशर-वाशिंग मशीनों का उपयोग किया गया
- उन्होंने वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर अनधिकृत होर्डिंग और विज्ञापन बोर्ड भी हटाए
- 20 मार्च: बांद्रा से अंधेरी और सायन से घाटकोपर
- 21 मार्च: अंधेरी से कांदिवली और घाटकोपर से विक्रोली को जोड़ने वाली 90 फुट लंबी सड़क
- 22 मार्च: कांदिवली से दहिसर चेक नाका तक 90 फुट लंबी सड़क और विक्रोली से मुलुंड चेक नाका मार्ग। यह अभियान सरकारी, नगरपालिका और निजी सुविधाओं सहित 44 से अधिक अस्पतालों में चलाया गया।

# शहादा में स्थापित किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र : उदय सामंत

**मुंबई।** नंदुरबार जिले के शहादा में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इस औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के माध्यम से राज्य सरकार इस क्षेत्र में औद्योगिक निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रति सकारात्मक है, ऐसा उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर में कहा। सदस्य राजेश पाडवी ने नंदुरबार जिले में औद्योगीकरण से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की थी, जिसमें सदस्य योगेश सागर ने भी भाग लिया। मंत्री सामंत ने कहा कि राज्य सरकार नंदुरबार जिले में औद्योगीकरण को बढ़ावा देकर वहां के पलायन को कम करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि गुजरात के सूरत से वस्त्र उद्योग नंदुरबार जिले में स्थानांतरित हो रहे हैं, जिसके तहत 1,000 करोड़ के निवेश वाले वस्त्र उद्योग परियोजनाएं जिले में आ रही हैं।

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की करेंगे जांच : बावनकुळे



**मुंबई।** जालना शहर के पास सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण के संबंध में उच्च न्यायालय में उपलब्ध पाठक समिति की रिपोर्ट प्राप्त कर जांच की जाएगी। इस रिपोर्ट में दी गई वस्तुनिष्ठ जानकारी के आधार पर इस मामले की गहन जांच की जाएगी, ऐसा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने विधानसभा में कहा। सदस्य अर्जुन खोतकर ने जालना शहर के पास सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण से जुड़ा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया था मंत्री बावनकुळे ने बताया कि इस क्षेत्र की जमीनों के लेन-देन में कई जटिलताएँ उत्पन्न हो गई हैं, जिसके कारण उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार पाठक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट माननीय न्यायालय में पेश कर दी है। विभागीय आयुक्त को यह रिपोर्ट माननीय न्यायालय से प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। जब तक इस मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक इस क्षेत्र में बची हुई जमीनों की खरीद-बिक्री पर अस्थायी रोक लगाई गई है। साथ ही, नए लेआउट विकास और भूमि पंजीकरण प्रक्रियाओं पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्री बावनकुळे ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार इन जमीनों पर बने घरों को सुरक्षा प्रदान करेगी। हालांकि, अगर किसी ने धोखाधड़ी की है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन नागरिकों ने वैध रूप से घर खरीदे हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। धोखाधड़ी करने वालों पर राजस्व कानून, पुलिस कानून और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

आईआईटी में थ्राइव-2025

# इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के प्रयास जरूरी : डा. वी. के. सारस्वत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** नीति आयोग के सदस्य डा. वी. के. सारस्वत ने कहा है कि सोलर एनर्जी हो या विंड या एग्री टेक्नोलॉजी के साथ रोजगार की संभावनाएं जुड़ी होती हैं। इसका मतलब यह कतई नहीं निकाला जा सकता कि प्रत्यक्ष रोजगार दे दिया जाए। हम चाहते हैं कि आईआईटी में जो भी टेक्नोलॉजी डेवलप हो, उन्हें रिसर्चर्स और इन्वेस्टर्स एक प्लेटफार्म पर आकर एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा दें। सारस्वत ने ये बात बुधवार को जोधपुर आईआईटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन थ्राइव के उद्घाटन समारोह के दौरान मीडिया से बात करते हुए कही। आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश के. अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान में सस्टेनेबल एंटरप्रेन्योरशिप को आगे बढ़ाने में मदद मिले, इसी उद्देश्य को लेकर आईआईटी काम कर रही है।

## 21 मार्च तक चलेगा सम्मेलन

सतत विकास के लिए स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के जरिए थार पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने पर मंथन के लिए जोधपुर आईआईटी में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन थ्राइव-2025 का आगाज बुधवार को मुख्य अतिथि व नीति आयोग के सदस्य डा. सारस्वत ने दीप प्रज्वलित करके किया। 21 मार्च तक चलने वाले इस सम्मेलन में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा, पर्यावरण और स्थिरता सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में देश के कई स्टार्टअप के सीईओ, नामी उद्यमी, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और शिक्षाविद हिस्सा ले रहे हैं।

## बोले- एंटरप्रेन्योर आगे आएं

डा. सारस्वत ने सोलर एनर्जी के लिए सोलर सेल बनाने का उदाहरण देते हुए कहा कि सोलर पैनल्स बनाने के लिए या विंड एनर्जी के लिए मोटर या अन्य उपकरण बनाने के लिए उसी रुचि के एंटरप्रेन्योर आगे आएं। इनमें से बहुत सी संभावनाएं निकल सकती है। कृषि से संबंधित आविष्कारों में ड्रोन की अहमियत भी कम नहीं है। ड्रोन डवलप करके बीज डालने से लेकर दवा छिड़काव जैसे कई काम हो सकते हैं और इस तरह के कई प्रोजेक्ट पर आईआईटी के एक्सपर्ट काम कर रहे हैं, जो आने वाले दिनों में बहुत कारगर साबित होंगे।

# जोधपुर : स्कूल बस का एक्सीडेंट, आठ बच्चे घायल

▶▶ भिड़ंत में ट्रक की तेल टंकी फटी



**जोधपुर।** जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। बालेसर कस्बे के पास कुई इंदा क्रेशर के निकट होली मिशन स्कूल की बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई। इस हादसे में आठ स्कूली बच्चे घायल हो गए। घटना सुबह करीब नौ बजे की है। होली मिशन स्कूल की बस में बच्चे और स्टाफ सवार थे। बस कुई चौराहे से आगे बढ़ी ही थी कि सामने से आ रहे एक ट्रक ने अचानक होटल की तरफ मुड़ने की कोशिश की। ट्रक ड्राइवर ने साइड मिरर में देखे बिना मोड़ लिया। इससे बस ड्राइवर वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक की तेल टंकी फट गई। आसपास के लोगों ने तुरंत मदद के लिए पहुंचकर बच्चों को बस से बाहर निकाला। सभी घायल बच्चों को निजी वाहनों से बालेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया। बाकी छह बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बालेसर थाना प्रभारी मूल सिंह भाटी ने बताया कि बस और ट्रक की दुर्घटना की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचे।

# बाड़मेर में लाखों के जेवर और नकदी चोरी का खुलासा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



■ दो आरोपी गिरफ्तार, 2.63 लाख रुपए व चार तोला सोना भी बरामद

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की सेड़वा पुलिस ने लाखों के जेवर और कैश चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2.63 लाख रुपए और चार तोला सोने के आभूषण बरामद किए है। वहीं पुलिस आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार कुंहारों की बेरी गंगासरा ने पुलिस थाना सेड़वा में 22 फरवरी को रिपोर्ट दी थी। 21 फरवरी की रात में करीब दो बजे के आसपास घर में बने कमरे में पेटी में रखे रुपए व चार तोला सोने का तिमणिया चोरी कर ले गए। सुबह जब नींद से जगे और देखा तो कमरे में से पेटी गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। वहीं घटना स्थल का मौका मुआयना किया। सेड़वा थानाधिकारी दीपसिंह ने बताया- चोरी स्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की गई। पदचिन्हों के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की। थाना स्तर पर टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी और सूचना के आधार पर जानकारी जुटाई गई। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी का पता लगाया गया। आरोपी नरसीराम उर्फ नरेश कुमार पुत्र हरजीराम निवासी गंगासरा और जगदीश पुत्र खेताराम निवासी गंगासरा सेड़वा को डिटेन किया। पूछताछ करने के साथ उसकी निशानदेही से चुराया गया माल चार तोला सोने का तिमणिया और दो लाख 63 हजार 820 रुपए बरामद किए। खुलासा करने में एएसआई बींजराज सिंह, हेड कॉन्स्टेबल आसुराम, कॉन्स्टेबल कमलेश कुमार, भोजाराम, मोहनलाल, मनोहरसिंह, जगदीश, जुंजाराम और नरपत कुमार शामिल रहे।


# जोधपुर के साइबर एक्सपर्ट गैस बुकिंग के फोन से परेशान

**जोधपुर।** जोधपुर के साइबर एक्सपर्ट पिछले 36 घंटे से परेशान हैं और इसका कारण है उनके मोबाइल पर 18 मार्च की सुबह छह बजे से शुरू हुई अनजान कॉल्स। लगातार आ रही कॉल्स से परेशान होकर पड़ताल की, तो पता चला कि किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल नंबर पर आने वाली तमाम कॉल्स को फॉरवर्ड कर रखा है। झारखंड की किसी गैस एजेंसी की बुकिंग का वो नंबर बाद में किसी गुजरात के व्यक्ति ने लिया। उसने ये कॉल फारवर्ड जोधपुर के कारोबारी के नंबर पर कर रखी है। तंग आकर कारोबारी ने पुलिस से मदद मांगी, तो अब पुलिस इस समस्या का समाधान ढूंढने में जुटी है। दरअसल, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी युधिष्ठिर गुप्ता के मोबाइल नंबर 9829##4#44 पर मंगलवार सुबह छह बजकर नौ मिनट पर एक अनजान नंबर से कॉल आई, तो वे नींद से जागे। बात करने पर कॉलर ने गैस बुकिंग करने की बात की, तो गुप्ता को लगा कि शायद गलत नंबर डायल कर दिया होगा। इसके बाद तो लगातार हर दो मिनट में एक कॉल आने लगी और हर बार अलग-अलग नंबरों से कॉल आ रही थी। सभी गैस बुकिंग की बात करते सुनाई दिए। शाम होते-होते तो गुप्ता पूरी तरह से परेशान हो गए और अपने मोबाइल को साइलेंट करना पड़ा। युधिष्ठिर गुप्ता ने बताया- बुधवार सुबह से यही क्रम जारी रहा। उन्होंने अपने स्तर पर छानबीन की, तो पता चला कि झारखंड की एक एचपी की गैस एजेंसी के नंबर 9507123456 थे। गूगल सर्च करने पर भी यही नंबर मिला। इस पर गुप्ता ने एचपी के कॉल सेंटर पर बात की, तो उन्हें बताया गया कि पूर्व में ये नंबर गैस बुकिंग के लिए था, लेकिन अब वो नंबर उपयोग में नहीं है। गुप्ता ने इस नंबर के बारे में पड़ताल की तो पता चला कि वर्तमान में यह नंबर गुजरात में जियो यूजर का हैं और उसी ने जानबूझकर या अनजाने में गुप्ता के मोबाइल पर कॉल फॉरवर्ड कर रखी है। चूंकि, गुप्ता का पर्सनल मोबाइल नंबर एयरटेल का है, जो उन्होंने एयरटेल की हेल्पलाइन पर संपर्क किया। वहां से भी गुप्ता को निराशा ही हाथ लगी।



# फार्मर रजिस्ट्री शिविर के पंजीकरण में तेजी लाने के निर्देश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बालोतरा।** बालोतरा कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने फार्मर रजिस्ट्री शिविर में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इनमें संपत्ति स्वामित्व का सत्यापन, कानूनी विवादों से सुरक्षा और बैंक ऋण प्रक्रिया में पारदर्शिता शामिल है। साथ ही उत्तराधिकार मामलों में सही हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। पंजीकृत किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी ले सकेंगे।
राजस्व वसूली के संबंध में उन्होंने सभी लक्ष्यों को मार्च माह तक पूरा करने के निर्देश दिए। नहरबंदी के दौरान जल विभाग के साथ समन्वय कर अभावग्रस्त गांवों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डा. गुंजन सोनी ने नगर पालिका और ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जैसलमेर में करंट से सिनेरियस गिद्ध घायल

**जैसलमेर।** जैसलमेर के फतेहगढ़ तहसील के देगराय ओरण में बिछी बिजली की लाइनों से टकराकर प्रवासी सिनेरियस गिद्ध घायल हो गया। देगराय ओरण इलाके के सावंता गांव की सरहद पर घायल गिद्ध को देखकर वन्य जीव प्रेमी सुमेर सिंह सावंता ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने प्रवासी पक्षी सिनेरियस गिद्ध को रेस्क्यू कर उसका इलाज किया। घायल गिद्ध पक्षी के पंख को हाईटेंशन लाइनों से टकराकर काफी नुकसान हुआ है। सुमेर सिंह ने बताया कि लगातार बिजली की लाइनों से टकराकर हो रही प्रवासी पक्षियों की मौत और दुर्घटनाओं से पक्षी प्रेमियों में रोष है। सुमेर सिंह ने बताया कि बिजली की हाईटेंशन लाइनों से टकराकर सिनेरियस गिद्ध के पंख में चोट आई है। घायल होकर सिनेरियस गिद्ध नीचे गिरा और उड़ने में नाकाम रहा। इस दौरान चरवाहों की उस पर नजर पड़ गई अन्यथा वो घायल पक्षी जंगली कुत्तों के हत्थे चढ़ जाता तो मौत के घाट उतार देते। फिलहाल वन विभाग की टीम ने उसका इलाज किया है और उसको जंगल में औब्जर्वेशन में रखा है ताकि वो जल्दी से स्वस्थ हो सके। सुमेर सिंह ने बताया कि भारतीय उप महाद्वीप में गर्मियों में यह सिनेरियस गिद्ध पक्षी बलूचिस्तान, गिलगिट, पंजाब, असम और हिमालय के कुछ हिस्सों में 1800 से 5600 मीटर की ऊंचाई पर पाया जाता है। यह दक्षिणी यूरोप से पूर्वी चीन तक प्रजनन काल के समय पाया जाता है।



▶▶ घायल सिनेरियस गिद्ध का वन विभाग ने रेस्क्यू कर इलाज किया

# बालोतरा में अपहरण और दुष्कर्म का मामला

▶▶ मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार

**बालोतरा।** पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि रात करीब एक बजे पीराराम और उसके साथी स्कॉर्पियो गाड़ी में आए। आरोपियों ने चाकू दिखाकर उसका अपहरण किया। पीड़ित के अनुसार, पीराराम और उसके साथियों ने स्कॉर्पियो में बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे जोधपुर और अन्य स्थानों पर ले जाया गया। वहां भी अन्य साथियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सिणधरी थाना अधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम ने मुख्य आरोपी पीराराम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जांच में एक अन्य आरोपी जुगताराम की भी संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है।



## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 926 | 919 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 268 | 268 |
| जिंक स्लैब | 283 | 278 |
| लीड इन्गॉट | 185 | 184 |
| टिन स्लैब | 3133 | 3118 |
| निकल | 1450 | 1448 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 862 | 856 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 852 | 846 |
| कॉपर आर्मेचर | 841 | 836 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 782 | 776 |
| कॉपर सीट | – | – |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 558 | 553 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 602 | 596 |
| एल्युमिनियम | 206 | 206 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9615 | -2525 |
| टिन | 34905 | +70 |
| लीड | 2066 | +9250 |
| जिंक | 2903 | -725 |
| एल्युमिनियम | 2681 | -4125 |
| निकल | 16170 | +534 |

# व्यापार जगत

# मारुति, टाटा, महिंद्रा, बजाज और आइशर मोटर्स सब पर यह चाइनीज कंपनी भारी

**नई दिल्ली।** चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ी (ईवी) बनाने वाली बड़ी कंपनी BYD ने साल 2025 में 40% की ज़बरदस्त तरक्की की है। इस समय इसका कुल मार्केट कैप 165.7 अरब डॉलर हो गया है। यह भारत की टॉप पांच ऑटोमोबाइल कंपनियों की मार्केट कैप से भी ज्यादा है।
निवेशकों को BYD की नई अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी बहुत पसंद आ रही है। इस टेक्नोलॉजी से ईवी सिर्फ पांच मिनट में चार्ज हो जाती है। इसलिए कंपनी के शेयर बढ़ रहे हैं।



▶▶ गिरते बाजार में अपनाएं ये टिप्स

## भारत की पांच ऑटो मेकर्स पर भारी

BYD की मार्केट कैप अब भारत की सबसे बड़ी पांच ऑटोमोबाइल कंपनियों से ज्यादा हो गई है। भारत में मारुति सुजुकी इस समय कार बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 42.36 अरब डॉलर है। इसके बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा है, जिसका मार्केट कैप 39.12 अरब डॉलर है। टाटा मोटर्स का मार्केट कैप 29.02 अरब डॉलर है। इसे बाद स्थान आता है बजाज ऑटो और आइशर मोटर्स का, मार्केट कैप क्रमशः 24.87 अरब डॉलर और 16.15 अरब डॉलर है।

## भारतीय ऑटो कंपनियों के शेयर का क्या हाल

इस समय शेयर बाज़ार में यह एक बड़ा बदलाव दिख रहा है। एक तरफ BYD के शेयर इस साल बहुत तेजी से बढ़े हैं। वहीं, भारत की पांचों ऑटोमोबाइल कंपनियों के कुल मार्केट कैप साल 2025 की शुरुआत से 6% तक गिर गई है। पिछले दिनों ही BYD ने एक मेगावाट चार्जिंग सिस्टम लॉन्च किया है। इससे गाड़ी सिर्फ पांच मिनट में 400 किलोमीटर तक चल सकती है। इसके खरीदार काफी खुश हैं। दरअसल, ईवी खरीदने वालों को सबसे ज्यादा चिंता चार्जिंग में लगने वाले समय की होती है। BYD ने इस समस्या को हल कर दिया है।

## टेस्ला से अंतर कम हुआ

BYD के शेयरों में तेज़ी आने से टेस्ला और BYD की कीमतों का अंतर भी कम हो गया है। बुधवार तक टेस्ला का मार्केट कैप 724.7 अरब डॉलर था। यह BYD से लगभग चार गुना ज्यादा है। लेकिन, टेस्ला को चीन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। फरवरी में टेस्ला की गाड़ियों की बिक्री 49% गिरकर 30,688 हो गई। यह जुलाई 2022 के बाद सबसे कम है। वहीं, BYD का चीनी EV बाज़ार पर दबदबा है। BYD की गाड़ियां कुल बिक्री का एक तिहाई से ज्यादा हैं।

# UPI ट्रांजैक्शन पर मोदी सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने छोटे ट्रांजैक्शन पर बड़ी राहत दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को छोटे डिजिटल पेमेंट के लिए 1,500 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत सरकार किसी व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किए गए 2,000 रुपए से कम के भुगतान पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) खर्च उठाएगी। इसका लाभ विशेष रूप से छोटे कारोबारियों को मिलेगा। सरकार का लक्ष्य कारोबारियों और कंज्यूमर पर वित्तीय बोझ को कम करते हुए डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपने बयान में कहा, 'बुधवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 'कम वैल्यू वाले भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) प्रोत्साहन योजना' को मंजूरी दे दी। कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने की योजना को 1,500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत केवल छोटे व्यापारियों के लिए 2,000 रुपए तक के यूपीआई लेनदेन को कवर किया गया है।' बयान में कहा गया है, ₹छोटे व्यापारियों की कैटेगरी से संबंधित 2,000 रुपए तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। बता दें कि कोरोना से पहले दो हजार रुपए से कम के UPI ट्रांजैक्शन पर MDR लगता था लेकिन इसे साल 2020 में माफ कर दिया गया था। इसका मकसद यूपीआई ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देना था। बता दें कि मर्चेंट डिस्काउंट रेट को MDR कहा जाता है। यह चार्ज आमतौर पर दुकानदार यानी मर्चेंट, बैंक को ऑनलाइन पेमेंट प्रोसेस करने के लिए देते हैं। ऐसे में मर्चेंट इसकी वसूली ग्राहकों से करते हैं।






# रॉकेट बना है टाटा का यह शेयर, 12 दिन में ही 80 चढ़ गया भाव

**मुंबई।** टाटा मोटर्स के शेयर बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर कारोबार के दौरान 1% से अधिक चढ़कर 688.95 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इससे पहले बीते मंगलवार को इस का बंद प्राइस 679.80 रुपए था। शेयरों में तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, घरेलू और कमर्शियल वाहनों की प्रमुख निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के आधार पर नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर जारी करके कुल 2,000 करोड़ जुटाने को मंजूरी दी। ये एनसीडी तीन किस्तों में जारी किए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक पर सालाना 7.65% की निश्चित कूपन दर की पेशकश की जाएगी। नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर एक निश्चित अवधि और ब्याज दरों के लिए जारी किए गए निश्चित आय वाले साधन हैं। इन डिबेंचर को इक्विटी में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। कंपनियां NCD का उपयोग करती हैं क्योंकि यह उन्हें किसी भी इक्विटी को कम किए बिना फंड जुटाने में सक्षम बनाता है। प्रत्येक किश्त में सालाना ब्याज भुगतान के साथ 7.65% प्रति वर्ष की एक निश्चित कूपन दर होगी। किश्त I 26 मार्च, 2027 को, किश्त II 24 मार्च, 2028 को और किश्त III 27 मार्च, 2028 को मैच्योर होगी। तीनों किश्तों के लिए आवंटन की प्रस्तावित तिथि 27 मार्च, है। जुटाई गई फंड का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किए जाने की उम्मीद है, जिसमें अनुसंधान और विकास, क्षमता विस्तार और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। ब्रोकरेज फर्म मैक्वेरी ने टाटा मोटर्स पर 'आउटपरफॉर्म' रेटिंग बनाए रखी है, जिसका टारगेट प्राइस 826 प्रति शेयर है। शेयर की कीमत में गिरावट की अवधि के बाद, मैक्वेरी का मानना है कि टाटा मोटर्स अब अक्ट्रैक्टिव रिस्क रिवॉर्ड अवसर प्रोवाइड करता है।

# UDF में बढ़ोतरी, दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट से हवाई सफर होगा महंगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट से सफर करना महंगा पड़ सकता है। दोनों एयरपोर्ट यूजर डेवलपमेंट फीस (UDF) बढ़ा सकते हैं। अगर यह फीस बढ़ाई जाती है तो इससे हवाई जहाज के टिकट महंगे हो सकते हैं। यूजर डेवलपमेंट फीस (UDF) एक तरह का शुल्क होता है। यह हवाई अड्डे पर मिलने वाली सुविधाओं के लिए यात्रियों से लिया जाता है। जैसे कि एयरपोर्ट को बेहतर बनाना, साफ सफाई रखना आदि। दिल्ली एयरपोर्ट ने जहां पिछले महीने यूडीएफ बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था तो वहीं मुंबई एयरपोर्ट ने भी हाल ही में ऐसा ही प्रस्ताव सरकार को भेजा है। मुंबई एयरपोर्ट की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में घरेलू यात्रियों के लिए UDF 325 रुपए लगाने की बात कही गई है। वहीं इंटरनेशनल यात्रियों के लिए मौजूदा UDF को 187 रुपए से बढ़ाकर 650 रुपए करने का प्रस्ताव है।

बात अगर दिल्ली एयरपोर्ट की करें तो इसके लिए अलग-अलग समय के अनुसार UDF बढ़ाने की बात कही गई है। दिल्ली एयरपोर्ट का संचालन करने वाली डायल (दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) ने पीक ऑवर और नॉन-पीक ऑवर के आधार पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए यूडीएफ का प्रस्ताव रखा है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच, इसने चढ़ने वाले यात्रियों पर ऑफ-पीक ऑवर में 405 रुपए और पीक ऑवर में 610 रुपए का शुल्क प्रस्तावित किया है। उतरने वाले यात्रियों को ऑफ-पीक ऑवर में 140 रुपए और पीक ऑवर में 210 रुपए का भुगतान करना होगा। इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए यह ज्यादा होगा। UDF एक तरह का शुल्क है। यह टैक्स और ईंधन सरचार्ज की तरह ही हवाई टिकट की कीमत में जुड़ा होता है। पहले जब हवाई अड्डों ने ऐसे शुल्क लगाए या बढ़ाए थे, तो एयरलाइनों ने इसे यात्रियों से ही वसूला था।

## आप का राशिफल 20 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित श्रम से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): संताप रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-5-7

# जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 33वीं बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने ओटीएमपी व नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट का रिव्यू कर नर्मदा परियोंजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को निर्देशित किया कि एफ.आर प्रोजेक्ट में कार्य की गति बढ़ाते हुए लक्ष्यानुसार अधिकतम नल कनेक्शन जोड़े जाएं जिससे मासिक प्रगति में सुधार हो सकें। उन्होंने जेजेएम के तहत चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति में सुधार के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल टेंकर तथा कंटीजेन्सी प्लान की जानकारी मांग। जिस पर सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि कंटीजेन्सी प्लान का मुख्यालय जयपुर से अनुमोदन किया जा चुका है जिसकी शीघ्र की वित्तीय स्वीकृति जारी हो जाएगी। अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि गर्मियों में पेजयल सप्लाई की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आगामी



1 अप्रेल से जिले के सभी सहायक अभियंता उपखंड रेगूलर कार्यालय पर हैल्पलाईन कन्ट्रोल रूम शुरू की जाएगी। बैठक में नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभिंयता ने जानकारी दी कि वर्तमान में डीआर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित 7 उच्च जलाशय में से 7 का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 1 पंपहाउस का कार्य पूर्ण हो चुका है। ई.आर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित 145 उच्च जलाशय में से 41 का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 70 का कार्य प्रगतिरत है व पंपहाउस 4 का कार्य पूर्ण तथा 10 प्रगतिरत हैं। इन दोनों प्रोजेक्ट में शेष चल रहे कार्यो का डेविऐशन तैयार कर मुख्यालय को स्वीकृति के लिए भिजवाया जा चुका है। एफआर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित 108 उच्च जलाशय में से 21 का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 46 का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता एवं सदस्य सचिव द्वारा भविष्य में जेजेएम के कार्य पूर्ण होने के उपरांत समस्त पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संघारण के लिए होने वाले प्रति घर प्रति माह व्यय राशि की सूची के अनुमोदन के लिए चर्चा की गई। जिस पर जिला कलक्टर ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा को ब्लॉक विकास अधिकारियों से पंचायतसमिति वाईज बैठक कर तैयार की गई अनुमानित व्यय राशि की समीक्षा करने के निर्देश प्रदान किए।

### इनकी रही उपस्थिति

■ बैठक में डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता, वृत जालोर संजय शर्मा ने पूर्व बैठक की पालना रिपोर्ट की जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी में प्रस्तुत कर बताया कि जिलें में नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर, एफआर, सीलूजैसला भाटकी तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिलें के 793 गांवो के घरो में कुल 3,17,283 नल कनेक्शन दिए जाने प्रस्तावित है इसमें वृहद परियोजना अंतर्गत 3,03,982 लक्ष्य की तुलना में 1,32,119 तथा ओटीएमपी योजनाओं अंतर्गत 13,301 लक्ष्य की तुलना में 11,890 तक नल कनेक्शन जोडे.जा चुके है। बैठक में अधिशाषी अभियंता व तकनीकी सहायक जितेंद्र त्रिवेदी, अधिशाषी अभियंता मोनेटरिंग वृत जालोर राजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता परियोजना खंड जालोर धर्मचंद सोनी, अधिशाषी अभियंता परियोजना खंड भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशाषी अभियंता एवं त.स. परियोजना दिलीप गोपलानी, अधिशाषी अभियंता नर्मदा नहर परियोजना वृत सांचैर से अनिल कुमार व नीतिन जैन, सहायक अभियंता परियोजना भीनमाल से सीताराम यादव, सहायक अभियंता वृत जालोर से विजय कुमार, भूजल विभाग से गणपतलाल, जिला सलाहकार डीएसयू दीपक कुमार, पीएचईडी लेब से मोतीलाल, आईएसए से कैलाश शमा, टीपीआई जेजेएम से बी.एस.यादव तथा पीएचईडी परियोजना के संवेदक उपस्थित रहे।

# सांचौर : आमरण अनशन के तीसरे दिन भी नहीं बनी बात

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ पूर्व मंत्री सहित पांच जने भूख हड़ताल पर

**सांचौर।** किसानों की 14 सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई सहित तीन जनों के स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं समस्याओं को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कोई सुनवाई नहीं होने से ग्रामीणों ने आंदोलन को ओर तेज करने की चेतावनी दी है। वहीं भूख हड़ताल पर पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई , हिंदुसिंह चौहान, पोकराराम विश्नोई हिंडवाड़ा, पुनमाराम गोदारा करावड़ी अध्यक्ष किसान यूनियन, मोहनलाल कड़वासरा बैठे हैं। वहीं मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया कि किसान फसल बीमा पॉलिसी, कृषि आदान-अनुदान व अन्य मांगों को लेकर के समय-समय पर ज्ञापन व धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन करते आए हैं, जिसमें न तो बीमा कंपनी व न ही राज्य सरकार की तरफ से कोई उचित समाधान निकाला है। ऐसे में विधानसभा क्षेत्र सांचौर के कास्ताकरों ने संघर्ष के रास्ते पर चलने का निर्णय लिया हैं। ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2022 के कृषि आदान-अनुदान से वंचित की राशि से शेष रहे कास्तकारों की राशि तुरंत दिलवाई जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ व रबी सीजन 2023 का बीमा रिलायंस कंपनी द्वारा मनमाने तरीके से तहसील चितलवाना के काफी ग्राम पंचायतों का नहीं दिया गया हैं। जैसे-खासरवी, सुराचंद, रणोदर, देवड़ा, आकोली, ईटादा, भीमगुड़ा, डावल, परावा, निंबाऊ, झाब, मेघावा, विरावा, खेजड़ीयाली, टांपी इत्यादी ग्राम पंचायतों का भुगतान अविलंब करवाया जाएं, किसानों की बीमा पॉलिसी जो निरस्त की गई हैं, उसे पुनः दूरस्त कर भुगतान करवाया जाए, जिन किसानों ने फसल नुकसान की कंपनी को सूचना दी है उन्हें बीमा क्लेम दिया जाए। रबी व खरीफ फसल की क्रॉप कटिंग सर्वे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपचं व पंचायत समिति सदस्य या जिला परिषद सदस्यों को सम्मिलित किया जाए, जिस किसानों ने अपने स्तर पर व्यक्तिगत बीमा करवाया हैं उसे सर्वे के आधार पर भुगतान किया जाए, रिलायंस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ बीमें से संबधित की गई बेईमानी/धोखाधड़ी के मुकदमें पर तुरंत कार्यवाही की जाए, सांचौर के तीनों खंडों के बिजली के बिल अचानक एक साथ भारी भरकम राशि का दिया जा रह हैं किसान राशि जमा करवाने में असमर्थ हैं बिजली बिलों में लगी पेनेल्टी व अन्य सरचार्ज वगैरा हटाकर किस्तों में राशि ली जाए, आरडीएसएस के तहत विधुत विभाग द्वारा ग्राम गुड़ाहेमा, आंबा का गोलिया व केरिया में जीएसएस बनकर तैयार हैं जिसको जल्द चालू करवाया जाए। विधानसभा क्षेत्र सांचौर में डब्ल्यूबीएम के तहत अपूर्ण डामरीकरण सड़कों को जल्द पूर्ण करवाया जाए। विधानसभा क्षेत्र सांचौर में नर्मदा नहर के कारण जहां जमीन खारी हुई है नर्मदा नहर के पास स्थित अनकमांड क्षेत्र को कमांड क्षेत्र घोषित किया जाएं, संवत 2080 मौसम रबी का खराबा सांचौर तहसील से 33 प्रतिशत से ज्यादा का खराबा भेजा हुआ हैं जिसका एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के तहत प्रति हेक्टर 17000 रुपए का आवंटन किया जाना शेष हैं। तो वर्ष 2023 का भी आदान-अनुदान किसानों को देना बाकी हैं। सांचौर एवं भादरूणा तथा चितलवाना डिस्कॉम से कृषि एवं घरेलु विद्युत कनेक्शन की पत्रावलियों का डिमांड भरा हुआ है, उनको तुरंत सामान देकर कार्य शुरू किया जाए, विधानसभा क्षेत्र सांचौर के विद्युत विभाग के तीनों खंडों में एफआरटी टीमों में लगी हुए वाहन के नंबर व कार्मिकों के नाम व संपर्क नंबर की सूची खंडवार उपलब्ध करवाने सहित कई मांगे रखी। उन्होंने कहा कि जब तक समस्याओ का समाधान नहीं होता तब तक धरना जारी रहेगा।

# अज्ञात कारणों से लगी आग छप्पर जलकर राख

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के निकटवर्ती जाखड़ी गांव में एक किसान के रहवासी छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। किसान ईश्वर लाल गर्ग अपने खेत मे कार्य कर रहा था इसी दौरान अचानक से रहवासी छप्पर मे आग लग गई। छप्पर में रखा नकदी,सामान, सिलाई मशीन सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना पर आस-



पास के लोगो ने मौके पर पहुचकर आग पर काबू पाया। सूचना पर पुलिस एंव प्रशासनिक अधिकारी मोके पर पहुचे एंव कडी मशक्कत के बाद आग पर काबु पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नही हुआ है। बता दे कि किसान खेत मे कृषि कार्य कर रहा था इसी दौरान आग लग गई।समाज सेवी विष्णुपाल सिंह देवड़ा ने बताया कि जाखड़ी नदी के पास खेत मे किसान कार्य कर रहा था जहां आग लग गई एवं किसान को नुकसान हुआ है।

# कार्यक्रमों में किसान एवं वंचित वर्ग को मिलेंगी विभिन्न सौगातें

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/जालोर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आगामी राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले वृहद् कार्यक्रमों में प्रदेश के किसान एवं वंचित वर्ग को राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण योजनाओं को सुशासन के जरिए धरातल पर उतार रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान वर्ग का कल्याण हो रहा सुनिश्चित शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश का किसान वर्ग लाभान्वित हो रहा है। राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत प्रदेश के अन्नदाता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए किसान उत्पादक संगठनों के 3 दिवसीय मेले व प्रदर्शनी का आयोजन 28 मार्च से 30 मार्च के मध्य किया जाएगा। यह आयोजन एफपीओ के लिए बाजार संपर्क, ब्रांड निर्माण, बिक्री संवर्धन और क्षमता विकास को मजबूत बनाने तथा एफपीओ को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए एक बाजार भी प्रदान करेगा। साथ ही, किसान कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान हस्तांतरण किया जाएगा। जरूरतमंद व्यक्ति विभिन्न योजनाओं से होगा लाभान्वित मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गांव-ढाणी के अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति के उत्थान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण, निर्माण श्रमिकों को राशि हस्तांतरण, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, डेयरी बूथ आवंटन, विद्युत चलित चाक का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

■ **किसान कल्याण और गरीब का उत्थान हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

# मतदाता सूची को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक एसडीएम मोहित कासनियां की मौजूदगी में स्थानीय एसडीएम कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम मोहित कासनियां ने बताया कि मतदाता सूची को गुणवत्तापूर्वक तैयार करने के लिए सरकार द्वारा बूथ स्तरीय अधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं। कासनियां ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा बूथ स्तरीय अभिकर्ता नियुक्त कर सहयोग दिया जाए तो, मतदाता सूची शत-प्रतिशत शुद्ध व त्रुटिरहित बन सकती है। कासनियां ने बताया कि स्थानीय व्यक्तियों के सहयोग से मतदाता सूची में लिंगानुपात यानी जैंडर रेसियो बढ़ाना, ईपी रेसियो में सुधार करना, मृत, बोगस व अन्यत्र निवासरत मतदाताओं की पहचान कर नाम पृथक करवाना, मतदान केंद्र के हल्के में योग्य व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाना, निर्वाचन विभाग व राजनीतिक दलों के आपसी समन्वय से मतदाता सूची को शुद्ध व स्वच्छ तैयार करवाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मौजूद थे।

# यात्रियों की सुविधा को प्याऊ का शुभारंभ

**सांचौर।** शहर के चार रास्ता पर आमजन के पीने के पानी की भारी समस्या को देखते हुए चार रास्ता पर अमृत जल की व्यवस्था का शुभारंभ किया गया, समाजसेवी हरिसिंह राव ने बताया कि गर्मी के सीजन में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। आस-पास नगर परिषद द्वारा भी कोई व्यवस्था नहीं कर रखी है ऐसे में उनके परिवार द्वारा लंबे समय से यह व्यवस्था संचालित की जा रही है। जिस पर इसका शुभारंभ किया गया है।



# जालोर में समीक्षा बैठक आज

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकीकृत परिवाद निवारण प्रणाली 'अटल जन सेवा शिविर' के तहत 20 मार्च, गुरुवार को प्रातः 11 बजे जिला कलक्ट्रेट कार्यालय के भारत निर्माण सेवा केंद्र पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने दी।

# वाहनों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा बकाया कर वार्षिक कर जमा नहीं करवाने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही हैं। जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा वार्षिक कर देय भारत वाहनों के वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रिम कर जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 मार्च, 2025 निर्धारित की गई थी।

उन वाहनों के विरूद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए वाहनों का जब्त किया जा रहा हैं। उन्होंने बकाया कर वाले वाहनों के स्वामियों को सूचित किया हैं कि जिन वाहनों का कर बकाया हैं, वे अपने वाहन का कर मय शास्ति अविलंब जमा करा देवें। विभाग की ओर से ई-रवन्ना में ओवरलोड माल का परिवहन करने वाले वाहनों के चालानों में 95 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही हैं। इसलिए एमनेस्टी योजनांतर्गत छूट प्राप्त कर चालानों का निस्तारण 31 मार्च, 2025 से पूर्व कराकर अनावश्यक कार्यवाही से बचा जा सकता हैं।

## अब तक 147812 किसानों ने करवाया पंजीकरण

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 147812 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत 20 व 21 मार्च को खोखा, वाडा भाडवी, चैनपुरा, नांदिया, सोबडावास व वाडानया में, 20 से 22 मार्च तक भंवरानी, रोडला, पावटा, उम्मेदाबाद, लेटा, सांथू, केशवना, बागरा, रानीवाड़ा खुर्द, रतनपुर, मालवाड़ा, सुरजवाड़ा, खारा, पहाड़पुरा, जाखल, मेड़ा जागीर, पुर तथा 21 व 22 मार्च को पांचोटा, बाला व वलदरा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने बताया कि किसानों को इस यूनिक आईडी नंबर के आधार पर पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यूनिक फार्मर आईडी नंबर नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सकेगा।

# मीठा पानी पिलाने की योजना में लगे RO प्लांट कई सालों से बंद

**गुड़ामालानी।** एक तरफ सरकार की ओर से गांवों में मीठा व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए लाखो रुपए की धनराशि खर्च कर आरओ प्लांट लगाए गए हैं। उधर गुड़ामालानी के सोलंकी हिरजी की ढाणी नया नगर में ये आरओ प्लांट लंबे समय से बंद होने के कारण ग्रामीणों को इनका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार की लाखों रुपए की धनराशि का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लोराइड की अधिक मात्रा को देखते हुए आरओ प्लांट लगाए गए थे। यहां से ग्रामीणों को 10 पैसे प्रतिलीटर शुद्ध व मीठा पानी उपलब्ध करवाने की योजना थी। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही व जलदाय विभागाधिकारियों की अनदेखी के चलते कई जगहों पर आरओ प्लांट बंद पड़े है। गुड़ामालानी क्षेत्र में सोलंकी हिरजी की ढाणी नया नगर में लगे आरओ प्लांट बंद होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा देखरेख के अभाव में यहां बबूल की झाड़ियां लग गई है इसके बावजूद भी जलदाय विभागाधिकारियों की ओर से इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। साथ ही गांवों में लगे आरओ प्लांट की जलदाय विभाग की ओर से देखरेख भी नहीं हो रही है जिसके चलते यह प्लांट बिखर रहा है। प्लांट के चारों तरफ निर्माण करवाई गई तारबंदी टूट गई है प्लांट परिसर में बबूल की झाड़ियां लग गई है ऐसे में प्लांट परिसर में घुस पाना ही मुश्किल हो रहा है।



# एक माह से स्टांप पेपर उपलब्ध नहीं होने से लोग परेशान

**सांचौर।** स्थानीय उपखंड मुख्यालय पर पिछले एक माह से ज्यादा वक्त से सांचौर उपकोष कार्यालय में स्टांप उपलब्ध नही होने से स्टांप वेंडरों एवं आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही स्टांप उपलब्ध नहीं होने से राजकोष को भी भारी नुकसान हो रहा हैं, जिसको लेकर स्टांप वेंडर ऐसोसिएशन ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कार्यालय उपमहानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक वृत-पाली के आदेश कमांक-1594/1631, दिनांक-06.03.2025 को स्टांप वेंडरों को अधिक से अधिक मात्रा में स्टांप कय करने के निर्देश जारी किए हैं, मगर उक्त आदेश की भी पालना नहीं की जा रही हैं, ज्ञापन में बताया कि सभी स्टांप वेंडर उपकोष कार्यालय-सांचौर में पिछले 15 दिनों से मौखिक रूप से निवेदन कर स्टांप उपलब्ध करवाने का मांग कर रहे है किंतु अभी तक स्टांप उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं, जबकि हम स्टांप वेंडरों को बुधवार को ही 20 लाख से भी अधिक के स्टांपों की आवश्यकता है।



# विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया विदा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जसवंतपुरा।** कस्बे के स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगवत सिंह राणावत, शिवचरण मीणा, दुर्गाराम देवासी, पांचाराम देवासी, भेराराम देवासी, नरसाराम लोहार, मनोज देवासी, थानाराम मेघवाल, जेपाराम मेघवाल आतिथ्य के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य की भी प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान महावीर जीनगर, खेतमल जीनगर, जगदीश कुमार, घनश्याम बैरवा, दीप्ति नगर, पूजा देवल, जयना प्रजापत, दक्षा कुमारी आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार जाविया के राजकिया उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों का श्रीफल व माला के द्वारा सम्मान कर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। साथ ही विद्यालय के संस्थाप्रधान और गुरुजनों के द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद प्रदान कर विदाई दी गई। अध्यापक गुलाब सिंह ने बताया कि अनुशासन ही देश को महान बनाया है और आप जहां भी उच्च अध्ययन के लिए जाओ वहां अनुशासित रहना।



# जिला कलक्टर ने बाकरा रोड ग्राम में की रात्रि चैपाल



**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जालोर उपखंड के बाकरा रोड़ ग्राम में रात्रि चैपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चैपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चैपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जालोर उपखंड अधिकारी मनोज चौधरी, तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी प्रदीप मायला सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शीतला सप्तमी मेला शुक्रवार को

**मुडतरा।** सिली शीतला सप्तमी का मेला कल शुक्रवार है। मेला ट्रस्टी गण दिलीप भाई राजपुरोहित, बताया कि मेले के महोत्सव को लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दर्शन के लिए अलग से लाईन लगाई के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं ग्राम विकास अधिकारी नितेश कुमार ने बताया कि पंचायत की ओर से बिजली पानी की व्यवस्था की गई है। वहीं आस पास गांवों में शीतला सप्तमी मेला शुक्रवार को मनाया जाएगी। पर्व को लेकर गुरुवार को एक दिन पहले ही सप्तमी के लिए घरों में भोजन तैयार किया जाएगा। शुक्रवार को अधिकाश घरों में ताजा भोजन नहीं बनेगा व एक दिन पहले बना ठंडा भोजन किया जाएगा। गांव के विभिन्न मंदिरों में सुबह से दर्शन लोगों की कतार लगेगी। शीतला सप्तमी पर सुबह से ही महिलाएं सजधज कर मंदिरों व शीतलामाता के स्थानों पर पहुंचेगी। और शीतला माता को बासोड का भोग लगाकर मन्नत मांगेगी।

# पावटी में विशाल भजन संध्या 22 को 23 को रवाना होगा पैदल यात्रा संघ

**जसवंतपुरा।** कस्बे के समीपवर्ती पावटी गोलुआ से दसवीं बार आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल एवं सोनाणा खेतलाजी मंदिर सारंगवास के दर्शनार्थ के लिए पैदल यात्रा संघ रविवार को सुबह ढोल धमाकों के रवाना होगा। पैदल यात्रा संघ के आयोजक आशापुरा नवयुवक मंडल पावटी के सदस्यों द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं में लगे हुए है मंडल के भावाराम प्रजापति ने बताया कि पैदल यात्रा संघ पावटी गोलुआ से रवाना होकर गांव में स्थित आशापुरा माता मंदिर में दर्शन करने के बाद दोपहर में हालीवाड़ा होते हुए कलापुरा के भीमेश्वर महादेव मंदिर पहुंच दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। रात्रि विश्राम फैदाणी गांव के खेतलाजी मंदिर में होगा। इसी तरह पैदल यात्रा संघ 24 मार्च को रात्रि विश्राम रामसीन, 25 को जावाल, 26 को पालड़ी एम, 27 को पेरवा, 28 को मुंडारा, 29 को नवाधाम सारंगवास खेतलाजी मंदिर में पहुंचेंगे। यहां



खेतलाजी के दर्शन कर रात्रि विश्राम किया जाएगा। इसके अगले दिन 30 मार्च को सुबह आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल पहुंचकर पैदल यात्रा संघ का विसर्जन होगा। इस दौरान श्रद्धालु आशापुरा माताजी मंदिर में धोक लगाकर विशेष पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना करेंगे।

### दो स्थानों पर विशाल भक्ति संध्या

पैदल यात्रा संघ की रवानगी से पूर्व 22 मार्च शनिवार रात्रि में पावटी गोलुआ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक कलाकार श्याम पालीवाल व प्रवीण प्रजापत द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही नृत्य कलाकार रवि वणजारा पाली एवं कुलदीप सिंह सिरोही की ओर से नृत्य पेश करेंगे। इसके अगले दिन 23 मार्च रविवार को फैदाणी गांव के खेतलाजी मंदिर में भी भजन संध्या एवं रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। भजन संध्या में प्रवीण माली एंड पार्टी उड़ व नृत्य कलाकार भरत प्रजापत की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# नगर परिषद में फर्जी पट्टों का मामला गरमाया

▶▶ जीवाराम चौधरी ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

**सांचौर।** विधानसभा सत्र में बुधवार को विधायक जीवाराम चौधरी ने नगर परिषद द्वारा जारी फर्जी पट्टों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए इस कथित घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। विधायक चौधरी ने सदन में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान नगर परिषद में नियमों को ताक पर रखकर फर्जी पट्टे जारी किए गए, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ और आम जनता के साथ अन्याय हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घोटाले में कई प्रभावशाली लोग शामिल हो सकते हैं, इसलिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने सरकार से मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और पीड़ितों को न्याय मिले। वहीं, सरकार की ओर से जवाब देते हुए संबंधित मंत्री ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं इस दौरान स्वायत शासन मंत्री ने जबाब देते हुए कहा कि सांचौर नगर परिषद में पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान बनाए गए पट्टों में से 13 फर्जी पट्टे जो नियम विरूध थे जिसे निरस्त किया गया है, जिसमें किशोर पुत्र गोकुलदास वैष्णव, भभुताराम पुत्र धन्नाराम विश्नोई व नारायण सिंह पुत्र राजू सिंह राव, पुरुषोतम राजपुरोहित सहित अन्य लोगों के नाम से जारी पटटे निरस्त किये जा चुके हैं।

**यह था मामला** - नगर परिषद द्वारा कांग्रेस सरकार के दौरान नियमों को ताक में रखकर फर्जी पट्टे जारी कर दिए गए। जिसमें सरकारी भूमि पर पट्टे जारी कर दिए गए जिसमें पट्टा जारी करने के दौरान न तो अड़ोस - पड़ोस दर्शाया गया और न ही अन्य औपचारिकता को पूरा किया गया। खाली पड़े भूखंड पर पट्टे जारी कर दिए गए।

## सुविचार

अगर आपका भरोसा तोड़ने के बाद माफ़ी मांगे
तो भले माफ़ कर दो पर दोबारा भरोसा ना करें।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## बदले-बदले से थरूर नजर आते हैं

कांग्रेस सांसद शशि थरूर काफी समय से कुछ बदले-बदले से नजर आते हैं। कांग्रेस के ये पुराने वफादार नेता अब पिछले काफी समय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रूस-यूक्रेन युद्ध मुद्दे पर भारत के रुख को लेकर अपना नजरिया बदला लिया है। उन्होंने सरकार को उचित ठहराते हुए बुधवार को कहा कि उन्होंने एक भारतीय के तौर पर अपनी राय रखी और वह इसमें कोई राजनीति नहीं देखते। थरूर ने मंगलवार को कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद भारत के रुख का विरोध करना उनके लिए शर्मिंदगी भरी बात साबित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार द्वारा अपनाई गई नीति के कारण देश अब उस स्थिति में है जहां वह स्थायी शांति के लिए भूमिका निभा सकता है। रूस ने जब यूक्रेन पर हमला किया था तो थरूर ने भारत के रुख की आलोचना की थी और मॉस्को के इस कदम की निंदा करने का आह्वान किया था। अब इस मामले में अपने सुर बदलते हुए कह रहे हैं कि मैंने इस मामले पर एक भारतीय के रूप में बात की। मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती। यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है। हालांकि उन्होंने इस पर ज्यादा विस्तार से बात नहीं की। मुद्दे को लपकते हुए केरल में भाजपा नेतृत्व ने थरूर के बदले रुख की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति की प्रशंसा करने में उनकी ''ईमानदारी'' ''सराहनीय'' है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि वह हमेशा से कांग्रेस सांसद की स्पष्टवादिता की प्रशंसा करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के सांसद थरूर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक उत्थान को देख रहे हैं और यह ''वास्तव में एक नया दृष्टिकोण'' है। सुरेंद्रन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रिय शशि थरूर जी, मैं हमेशा से आपकी स्पष्टवादिता का प्रशंसक रहा हूं। आपका ईमानदारी से कहना कि 'मैंने शुरू में इसका विरोध किया था' और अब रूस-यूक्रेन पर मोदी की कूटनीति की सफलता की प्रशंसा करना सराहनीय है। आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक उत्थान को देख रहे हैं, जो वास्तव में एक नया दृष्टिकोण है। हालांकि कांग्रेस के आपके साथियों को यह नहीं दिख रहा। थरूर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने जो नीति अपनाई, उसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की दोनों को गले लगा सकते हैं। 'रायसीना डायलॉग' में एक सत्र के दौरान पूर्व विदेश राज्य मंत्री थरूर ने कहा, ''मैं आज भी शर्मिंदगी को खत्म करने का प्रयास कर रहा हूं क्योंकि संसदीय चर्चा के दौरान मैंने फरवरी 2022 में भारत के रुख की आलोचना की थी। खैर, असली वजह जानने के लिए तो इंतजार ही करना होगा।

### चुनाव को ईमानदार बनाने की कवायद

# वोटर आईडी को किया जाएगा आधार से लिंक



नरेंद्र शर्मा

गत दो वर्षों के दौरान देश में हुए लगभग सभी चुनावों में विपक्षी पार्टियों ने मतदाता फ्रॉड का गंभीर आरोप लगाया है। इस पृष्ठभूमि में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 18 मार्च 2025 को नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, यूआईडीएआई के सीईओ एस कृष्णन आदि वरिष्ठ अधिकारी व चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। बैठक में आधार को एपिक (इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर्स से जोड़ने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया और इस मुद्दे पर जल्द ही यूआईडीएआई (भारत का विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) से तकनीकी विचार विमर्श किया जाएगा। इस पहल का किसी राजनीतिक दल ने विरोध तो नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग को सभी सियासी पार्टियों व स्टेकहोल्डर्स से बात करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'एक भी योग्य मतदाता को उसके मतप्रयोग अधिकार से वंचित न किए जाने के पर्याप्त सुरक्षा कवच हों'।

इमेज

यह ज़रूरी भी है क्योंकि बुजुर्ग नागरिकों के अक्सर उंगलियों के निशान लेना तकरीबन असंभव हो जाता है जिससे उनका आधार कार्ड नहीं बन पाता है। मतदाता सूची में भी अक्सर पूरे मोहल्ले के नाम गायब मिलते हैं। यह भी देखने में आया है कि एक घर में अगर पांच मतदाता हैं तो तीन के नाम मतदाता सूची से नदारद होते हैं। हाल ही में राजस्थान का एक मामला प्रकाश में आया था जिसमें एक पते पर सैंकड़ों मतदाता पंजीकृत थे और पत्रकार जब उस पते पर पहुंचे तो वहां कोई घर था ही नहीं। बहरहाल यह पहला अवसर नहीं है जब आधार को वोटर आईडी से लिंक करने का प्रयास किया जा रहा है। फरवरी 2015 में वोटर आईडी को आधार से लिंक करने और डुप्लीकेट एंट्री को खत्म करने के लिए एनईआरपीएपी (नेशनल इलेक्टोरल रोल्स प्योरिफिकेशन एंड ऑथेंटिकेशन प्रोग्राम) लांच की थी, जिसके तहत तीन माह के भीतर ही 300 मिलियन मतदाताओं को लिंक कर दिया गया था। लेकिन अगस्त 2015 में सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश आया कि केवल कल्याणकारी योजनाओं और पैन कार्ड से ही आधार कार्ड को लाज़मी तौरपर लिंक कराया जा सकता। फलस्वरूप यह योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई। अब एपिक-आधार लिंक योजना को फिर से शुरू किया जा रहा है, विशेषकर इसलिए कि 11 मार्च 2025 को तृणमूल कांग्रेस के दस सदस्यों वाले प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से डुप्लीकेट एपिक नंबरों व क्लोन आधार कार्डों के आरोपों को लेकर मुलाक़ात की थी। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में निर्धारित हैं, जिसकी तैयारी अभी से आरंभ हो गई है। इस बीच इस राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल को कुछ ऐसे एपिक नंबर मिले जो अन्य राज्यों में भी आवंटित किए गए थे। साथ ही उसे क्लोन आधार कार्ड भी मिले। इन्हीं 'साक्ष्यों' को लेकर वह चुनाव आयोग से मिली थी। विपक्षी पार्टियों ने इस मुद्दे को संसद व उसके बाहर उठाया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में भी इस बात को उठाया था। इससे पहले कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान



मतदाता सूची में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाये थे। इन आरोपों पर चुनाव आयोग की सफाई यह है कि मतदाता सूची तैयार करने के लिए एरोनेट डिजिटल प्लेटफार्म के आने से पहले मैन्युअल गलतियों के कारण सूचियों में डुप्लीकेशन हुआ। उसने राजनीतिक दलों को यह आश्वासन भी दिया था कि समान एपिक नंबर वाले मतदाता जो अन्य राज्यों में पंजीकृत हैं वह फिर भी अपने अधिवास कागज़ात का प्रयोग करके मतदान कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने इस मुद्दे का हल तीन माह में करने का वायदा किया है। केंद्र सरकार ने संसद को सूचित किया है कि आधार-वोटर आईडी को लिंक करना 'प्रक्रिया संचालित' एक्सरसाइज है और इस प्रस्तावित लिंकिंग के लिए कोई लक्ष्य या समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो लोग अपने आधार को अपने वोटर आईडी से लिंक नहीं कराएंगे उनके नाम मतदाता सूची से हटाए नहीं जाएंगे। जनप्रतिनिधि कानून 1950, जैसा कि चुनाव नियम (संशोधन) कानून 2021 द्वारा संशोधित किया गया है के सेक्शन 23 के अनुसार, मतदाता पंजीकरण अधिकारियों से उम्मीद की जाती है कि वह वर्तमान या भावी मतदाताओं से उनकी पहचान स्थापित करने के लिए उनके आधार नंबर स्वैच्छिक आधार पर मांग सकते हैं। अब चुनाव आयोग का कहना है कि एपिक को आधार से लिंक अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के तहत किया जाएगा, जो कहता है कि मतदान के अधिकार केवल नागरिकों को ही दिये जा सकते हैं। आधार कार्ड से व्यक्ति की सिर्फ़ पहचान स्थापित होती है। चुनाव आयोग का यह भी कहना है कि लिंकिंग जनप्रतिनिधि कानून 1950 के सेक्शन्स 23(4), 23(5) व 23(6) के प्रावधानों और डब्ल्यूपी (सिविल) नंबर 177/2023 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप की जाएगी। सेक्शन 23(6) के अनुसार, "मतदाता सूची में शामिल करने के लिए दी गई कोई भी अर्ज़ी इसलिए निरस्त नहीं की जा सकती कि व्यक्ति ने निर्धारित पर्याप्त कारण से अपना आधार नंबर प्रेषित नहीं किया है।" इसका अर्थ यह हुआ कि लिंकिंग उन्हीं मामलों में की जाएगी जिनमें मतदाता ने अपनी इच्छा से आपना आधार नंबर प्रेषित किया है। चुनाव आयोग ने 2023 में सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उसने मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में लगभग 66.23 करोड़ आधार कार्डों को अपलोड किया हुआ है। चुनाव आयोग 1 अगस्त 2022 से वर्तमान व भावी मतदाताओं के आधार नंबर ऐच्छिक आधार पर एकत्र करने का कार्यक्रम चलाए हुए है, जैसा कि उसने 2023 में संसद को बताया। आधार को लिंक करने की मंजूरी मतदाता से फॉर्म 6बी के जरिए ली जाती है, लेकिन मंजूरी वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि एपिक नंबर को आधार नंबर से जोड़ने पर मतदाता सूची से डुप्लीकेट इंट्री हटाने में मदद मिलेगी, जोकि ज़रूरी भी है। लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ चिंताएं भीं हैं जिन पर विचार किया जाना ज़रूरी है। आधार डाटाबेस में गलतियां हैं, जो भले ही बहुत कम हों, लेकिन हैं, जिनकी वजह से मतदाता सूची में से सही वोटर्स के नाम भी हटाए जा सकते हैं। दूसरा यह कि आधार केवल रिहाईश का सबूत है न कि नागरिकता का। इसलिए इसकी वजह से मतदाता सूची से उन नामों को नहीं हटाया जा सकता जो देश के नागरिक नहीं हैं। इसके लिए चुनाव आयोग को अलग से प्रयास करने होंगे। अंतिम यह कि भले ही मतदाता सूची में आधार नंबर का उल्लेख निजता के अधिकार का उल्लंघन न हो, लेकिन फिर भी उसका दुरुपयोग हो सकता है क्योंकि मतदाता सूची राजनीतिक पार्टियों में बड़े पैमाने पर वितरित की जाती है। मतप्रयोग का हक़ संवैधानिक अधिकार है, जिसे किसी विधायकी प्रक्रिया से सीमित नहीं किया जा सकता।

## पंचांग

गुरुवार, 20 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - कृष्ण |
| तिथि | - षष्ठी 26.46 तक |
| वार | - गुरुवार |
| नक्षत्र | - अनुराधा 23.32 तक |
| योग | - वज्र 18.20 तक |
| करण | - गर 13.45 तक |
| सूर्योदय | - 06.44 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.48 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.45 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.52 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - वृश्चिक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.22 से 13.10 |
| राहु काल | - 14.17 से 15.47 |
| व्रत, त्यौहार | - एकनाथ षष्ठी, रांधण छठ, सूर्य सायन मेष में 14.33, उत्तर गोलारंभ, विषुवदिन, बिच्छुड़ा, रवियोग 23.32 प्रारंभ, |
| दिशा शूल | - दक्षिण |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## मंदिर में फसल चढ़ाने दूर-दूर से आते किसान

विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में भगवान शिव की पूजा के लिए देश के कोने-कोने से भक्त आते हैं। बाबा महाकाल की पूजा के साथ ही भगवान श्री गणेश की पूजा का भी विशेष महत्व है। उज्जैन से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चिंतामण गणेश मंदिर में चैत्र माह के हर बुधवार को भक्तों का मेला लगता है और कई किसान अपनी फसल लेकर चिंतामण गणेश के मंदिर सुबह से पहुंच रहे हैं। चैत्र मास की पहली जत्रा पर सुबह से ही चिंतामण मंदिर में भक्तों का ताता लगा।

**इस बार निकलेंगी चार जत्रा-** इस बार चैत्र मास में चार बुधवार होने से चार जत्रा निकाली जाएंगी। जिसकी शुरुआत 19 मार्च से हो चुकी है। वही 26 मार्च को दूसरी, 02 अप्रेल को तीसरी तथा 09 अप्रेल को शाही जत्रा होगी। इन चारों बुधवार में चिंतामण मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। लोगों का कहना है कि चैत्र मास में जो भी भक्त यहां आकर दर्शन कर लेता है, उसकी समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और सारी चिंताएं दूर होती हैं।

चिंतामण मंदिर के पुजारी का कहना है कि चैत्र में गेहू-चने की फसल पक जाती है। किसानों के यहां धान के भंडार भर जाते हैं। किसान नया धान बाजार में बेचने से पहले भगवान चिंतामण गणेश के दरबार में चढ़ाने आ रहे हैं। यह परंपरा पुरानी है, कालांतर में इसने जत्रा का रूप ले लिया है। इसके अलावा अनेक श्रद्धालु मनोकामना के लिए भी जत्रा में शामिल होते हैं।

किसान लखन ने बताया यह मंदिर काफ़ी प्रसिद्ध है। यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। चैत्र माह में यहां किसान भगवान क़ो फ़सल चढ़ाने पहुंचते हैं। भगवान की कृपा से इस बार अच्छी फ़सल हुईं है। अब यह फ़सल बेचने से पहले भगवान क़ो फ़सल चढ़ाकर धन्यवाद देने आए हैं। मान्यता है कि भगवान राम भी इस मंदिर में आए थे। धार्मिक मान्यतानुसार, इस गणेश मंदिर में भगवान चिंतामण गणेश की स्थापना भगवान राम ने वनवास से लौटने के बाद की थी। वहीं इच्छामन और सिद्धिविनायक गणेश की स्थापना लक्ष्मण जी और सीता माता ने की थी। ऐसा मान्यता है कि जो भक्त चैत्र माह के बुधवार के दिन चिंतामण गणेश मंदिर में दर्शन पूजन करता है, भगवान गणेश उसकी सभी मनोकामना पूरी कर देते हैं।

## तारीख विशेष

### विश्व गौरैया दिवस

विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत "नेचर फॉरएवर" नामक एक पक्षी संरक्षण संगठन द्वारा 2010 में की गई थी। इसका उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी के बारे में जागरुकता बढ़ाना था। यह आयोजन 50 से अधिक देशों में फैल चुका है। इसका लक्ष्य गौरैयों की रक्षा करना और उनकी संख्या में कमी को रोकना है। 2012 में, घरेलू गौरैया को दिल्ली का राज्य पक्षी बनाया गया। इसके बाद से इस आयोजन ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। हर जगह लोग गौरैया का जश्न मनाते हैं और उन्हें बचाने के लिए काम करते हैं। गौरैया छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पक्षी हैं जो पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। वे विभिन्न कीड़ों और कीटों को खाकर कीटों की आबादी को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, गौरैया परागण और बीज प्रसार में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। उनकी उपस्थिति जैव विविधता को बढ़ाती है, जिससे वे ग्रामीण और शहरी दोनों पारिस्थितिकी तंत्रों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बन जाती हैं। भारत में गौरैया महज पक्षी नहीं हैं; वे साझा इतिहास और संस्कृति का प्रतीक हैं। हिंदी में इसे "गोरैया", तमिल में "कुरुवी" और उर्दू में "चिरिया" जैसे कई नामों से जानी जाने वाली गौरैया पीढ़ियों से दैनिक जीवन का हिस्सा रही हैं। वे अपने खुशनुमा गीतों से हवा को भर देती थीं, खासकर गांवों में, जिससे कई लोगों की यादें जुड़ी हुई थीं। परन्तु वर्तमान में गौरैया तेजी से लुप्त हो रही हैं। इस गिरावट के कई कारण हैं। सीसा रहित पेट्रोल के उपयोग से जहरीले यौगिक पैदा हुए हैं जो उन कीटों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिन पर गौरैया भोजन के लिए निर्भर हैं। वहीं शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थान भी छीन लिए हैं। शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थानों को छीन लिया है। आधुनिक इमारतों में वे स्थान नहीं होते जहां गौरैया घोंसला बना सकें, जिससे उनके बच्चों को पालने के लिए जगह कम हो गई है। कृषि में कीटनाशकों के इस्तेमाल से कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे गौरैया के भोजन की आपूर्ति पर और असर पड़ा है। कौओं और बिल्लियों की बढ़ती मौजूदगी और हरियाली की कमी ने समस्या को और बढ़ा दिया है।

### विशेष कवर स्टोरी

# धरती पर स्वागत सुनीता विलियम्स..!!!

संजय श्रीवास्तव

समुद्रतल से महज 408 किलोमीटर की दूरी पर बना इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन हमारे सिर के ऊपर से न जाने कितनी बार गुजरा होगा, पर हमने किंचित ही कभी नंगी आंखों से देखे जा सकने वाले इस स्टेशन पर निगाह डाली होगी। इस बात पर भी शायद ही कभी गहराई से गौर किया होगा कि किसी बड़े फुटबाल मैदान के बराबर, 15 हजार करोड़ डॉलर के इस स्टेशन पर मात्र आठ दिन के लिए गई लेकिन 287 दिन गुजारने के लिए मजबूर सुनीता विलियम्स ने बस कुछ क्रू सदस्यों के साथ अपने रुटीन लाइफ वाले दिन सीमित स्थान वाले अंतरिक्ष में कैसे काटे होंगे। अखबारों और टीवी चैनलों के दावे से इतर सुनीता वहां काम और व्यायाम के जरिए पर्याप्त प्रसन्न, स्वस्थ और स्थिर थीं। अंतरिक्ष स्टेशन की, अल्पतम गुरुत्वाकर्षण में बंधी दिनचर्या के तहत तंग सी जगह में कुछ ही चेहरों के साथ रहना, लटके हुए सोना, संभलकर दैनिक क्रिया निबटाना, व्यायाम करना, टूथपेस्ट को ब्रश के बाद निगल जाना। बिना नहाए महीनों रहना उनके लिए सामान्य था। रोज रख-रखाव और रिसर्च, आकलन, सेल्फ असेसमेंट जैसे काम निबटाना, खानपान में अपेक्षित सावधानी बरतना, छलकी बूंदों का पीछा कर उन्हें गटक जाना, सुनीता के लिए कोई नई बात नहीं थी।

इमेज

अंतरिक्ष में जाने या वहां से आने में लेटलतीफी झेलने अथवा फंसने का भी यह कोई पहला मौका नहीं था। कभी स्पेसक्राफ्ट के कैप्सूल में हीलियम लीकेज, तो कभी थ्रस्टर्स बंद तो कभी प्रॉपेलेंट वॉल्व का बंद न होना। एक बार तो यान के सुरक्षा कवच में दरार आ गई थी फिर अंतरिक्ष केंद्र के कंप्यूटरों में ख़राबी बमुश्किल ठीक हुई यहां तक कि सोलर पैनल की भी कई बार मरम्मत करनी पड़ी। किस्सा कोताह, हर बार तमाम अड़चनें, एक बार सुनीता को अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने रुकना पड़ा था तो इस बार नौ महीने। पर इस बार उनको वापस लाने के बार बार हुए प्रयासों में तकनीकी विफलता अवश्य निराशाजनक थी। लेकिन वापसी के इंतज़ार में हंसती, मुस्कराती दिखती सुनीता कभी निराश नहीं दिखीं। धरती पर नियत, निश्चित वापसी के बार बार टलने का अहसास क्या होता है धरती पर अपने घरों में रहते नहीं महसूसा जा सकता। 5 जून 2024 को सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में फ्लाइट टेस्ट मिशन पर बतौर पायलट गई थीं, 8 दिन स्पेस स्टेशन पर रुककर, शोध प्रयोग कर 10वें दिन स्पेसक्राफ्ट को धरती पर वापस लाना तय था। पर जो हुआ सबके सामने है।

भारतवंशी सुनीता ने अंतरिक्ष में न सिर्फ धैर्यपूर्वक लंबा समय बिताया, स्पेसवाक किए, तमाम प्रयोग परीक्षण निबटाए, कीर्तिमान बनाया, प्रेरणास्पद बनीं। पर इन सबके बावजूद यह प्रार्थना कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की जो बची पांच साल की उम्र है, उसके दौरान वहां अब इस तरह से कोई न फंसे। सुनीता की वापसी की डगर कम खतरनाक नहीं थी। मौसम का बिगड़ा मिजाज एक बार फिर विलंब करवा सकता था। एक तकनीकी गलती, कोण में बदलाव उन्हें भाप बना सकती थी, ताउम्र अंतरिक्ष में गुम कर सकती थी, कक्षाओं में भटका सकती थी। जिंदा जमीन छूने से दूर कर सकती थी। फिलहाल धरती पर सुनीता का स्वागत है। लौटने के बाद सुनीता के सामने तमाम समस्याएं हैं। शरीर के अंगों और उनके द्वारा क्रियाकलाप को स्वभावतः पृथ्वी की सतह पर वायुमंडलीय दबाव तथा गुरुत्व की आदत होती है। स्पेस में जाकर ज्यादा समय वहां रहकर वापस आना तमाम विसंगतियां पैदा करता है। गुरुत्व की आदी मांसपेशियां जिन्हें धरती पर हर हरकत पर कसरत करनी पड़ती है, स्पेस में लगभग निष्क्रिय रहती हैं। सो कमजोर और खराब होने लगती हैं।

इसके अलावा हर समय हवा में तैरते रहने के चलते हड्डियों को शरीर का भार सहन करने की जररूत नहीं रहती इससे हड्डियों के ऊतक विकसित नहीं होते, जरा भी धक्के से टूटफूट की आशंका बनती है। अंतरिक्ष से वापस आने पर शायद कुछ दिनों बाद ही ठीक से खड़े हो पाएं। कुछ अल्पतम गुरुत्वाकर्षण में रहने की आदत के चलते हाथ का सामान अधर में छोड़ देते हैं। सुनीता को गुर्दे की पथरी की समस्याएं हो सकती हैं, दिल भी सिकुड़ सकता है। इतना ही नहीं उनका इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है। नजर बेहद कमजोर हो सकती है और कान से कम सुनाई देना तथा शरीर का बेहतर संतुलन बनाने में भी कठिनाई हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का अतिशय साफ-सुथरा वातावरण, धरती आने पर उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। धरती पर पाए जाने वाले बहुत से प्राकृतिक सूक्ष्म जीवाणु उनमें इम्यून सिस्टम से जुड़ी कई समस्याएं पैदा कर सकते हैं। अंतरिक्ष का रेडिएशन कोशिकाओं में म्यूटेशन, कैंसर आदि ला सकता है। भले ही इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या स्पेससूट में रह कर इसकी आशंका न हो लेकिन इस पर शोध जारी है और निस्संदेह यह जानलेवा है। फिलहाल सुनीता के व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही के निष्कर्षों का इंतज़ार है।

सुनीता के नौ महीने अंतरिक्ष स्टेशन प्रवास ने यह प्रश्न पैदा किया है कि आखिर कोई अंतरिक्ष स्टेशन पर कितने दिन रह सकता है, खास तौर पर अगर कोई यान उन्हें लेने न पहुंचे न ही रसद इत्यादि की आपूर्ति हो सके। एक बार अंतरिक्ष स्टेशन पर लगातार तीन आपूर्ति मिशन विफल रहे थे तो भोजन, पानी और दूसरी आवश्यक चीजों को दुबारा स्टाक किए बिना अंतरिक्ष यात्रियों ने आठ महीने गुजारे थे। विशेषज्ञों के अनुसार दो दशकों के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन तक आना जाना सहज हो चुका है सो ऐसी नौबत नहीं आयेगी लेकिन अंतरिक्ष यात्री जो अपना पसीना और पेशाब रीसाइकिल कर पीते हैं, कम भोजन करते हैं, लगभग दो साल बिना आपूर्ति के काट सकते हैं। सुनीता को वापस लाने जाने वाले ड्रैगन क्रू-10 यान में चार लोग थे। अमेरिका के ऐनी मैकक्लेन जो सेना में कर्नल हैं और एयरफोर्स की मेजर निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के फ्लाइट इंजीनियर ताकुया ओनिशी और रूसी रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष एजेंसी के किरिल पेस्कोव। 14 मार्च को भारतीय समयानुसार भोर में 4:30 बजे केनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरकर 28 घंटे बाद 16 मार्च को भारतीय समयानुसार सुबह 9:40 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच कर डॉकिंग शुरू की, 11:05 बजे इसका हैच खुला।

## गीता सार



**संन्यासस्तु महाबाहो दुःखमाप्तुमयोगतः।**
**योगयुक्तो मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाधिगच्छति॥**

**हिंदी अर्थ-**
परन्तु हे वीर अर्जुन! कर्मयोग के बिना कर्म–संन्यास कठिन है और कर्मयोग में स्थित मुनि परब्रह्म को शीघ्र ही प्राप्त हो जाता है।

## पाठक पाती


### समाज में अराजकता फैलाने के बेजा प्रयास

वक्फ बोर्ड को लेकर जंतर मंतर पर किया गया आयोजन विफल रहा, जिसमें मुस्लिम उलेमा और नेताओं ने अपने भाषणों में कई तरह के अनर्गल आरोप लगाए और लोगों को डराने और भड़काने के प्रयास किए। यह आयोजन वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में आयोजित किया गया था, जिसे लोकसभा में पेश किया जाना है। इस विधेयक के पीछे का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को मजबूत बनाना और उसके कार्यों में पारदर्शिता लाना है। हालांकि, इस आयोजन में शामिल कुछ नेताओं ने अपने भाषणों में विवादित बयान दिए और लोगों को डराने के प्रयास किए। यह आयोजन विफल रहा, लेकिन इससे यह सवाल उठता है कि क्या ऐसे आयोजनों से समाज में अराजता फैलाने में मदद मिलती है। इस पूरे मुद्दे पर यह कहा जा सकता है कि ऐसे आयोजनों से समाज में अराजता फैलाने में मदद मिलती है। इसके बजाय, हमें ऐसे आयोजनों का समर्थन करना चाहिए जो समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। हमें यह भी समझना चाहिए कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को मजबूत बनाना और उसके कार्यों में पारदर्शिता लाना है।

**-मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, मप्र**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



देश तभी विकसित हो सकता है जब पूंजीगत व्यय के लिए धन उपलब्ध हो। चुनावी प्रक्रिया के दौरान दिए जाने वाले प्रलोभनों से सत्ता में आने के बाद सरकारें खुद को बहुत असहज महसूस करती हैं। सरकारें एक बार फिर अपने द्वारा दिए गए प्रलोभनों पर विचार करने के बारे में सोचती हैं।

**-जगदीप धनखड़**



भारत को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौती मिल रही है। जहां तक इससे मिली सीख की बात है तो मुझे लगता है कि जमीन पर सैनिकों की मौजूदगी का कोई विकल्प नहीं है। तकनीक मदद कर सकती है, लेकिन ये लोगों की जगह नहीं ले सकती और ये बेहद अहम है।

**-अनिल चौहान**



औरंगजेब आज प्रासंगिक नहीं हैं। किसी भी तरह की हिंसा को प्रोत्साहित नहीं जाना चाहिए। किसी भी तरह की हिंसा समाज के लिए ठीक नहीं हैं।

**-सुनील आंबेकर**

## कुछ अलग | अजब गजब

# अमेरिकी बच्चे ने हिंदी में की बात, पब्लिक ने लुटाया जमकर प्यार, बोले ये हमसे भी ज्यादा इंडियन है...

आपने देखा होगा कि आजकल अपने देश में भी ज्यादातर लोग बच्चों से अंग्रेज़ी में ही बात करते हैं। वे उनसे हिंदी में बात नहीं करते ताकि उनकी इंग्लिश अच्छी हो जाए। हालांकि इस वक्त एक वीडियो ऐसा वायरल हो रहा है, जिसमें एक अमेरिकन मां अपने छोटे से बच्चे से हिंदी में बात कर रही है और बच्चा भी इसे समझकर बिल्कुल परफेक्ट जवाब दे रहा है।

अमेरिकी कंटेंट क्रिएटर क्रिस्टन फिशर पिछले कुछ समय से भारत में रह रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बच्चे का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बहुत ही प्यारी आवाज़ में हिंदी में बात कर रहा है। उसके एक्सप्रेशन और एक्सेंट किसी का भी दिल जीत लेगा। वायरल हो रहे वीडियो की शुरुआत में आप देखेंगे कि मां से बच्चा पानी मांगता है। यहां पर वो वॉटर के बजाय पानी ही कहता है। फिर वो अपनी मां को खिलौने का डिब्बा देकर कहता है- "मम्मी खोलो"। इतना ही नहीं वो एक्सप्रेशन के साथ बोलता है – क्या हुआ? मां ने दिल को छू लेने वाले वीडियो को कैप्शन देते हुए, लिखा है- 'मेरी अमेरिकी बच्ची का हिंदी बोलना हमेशा सबसे प्यारी चीज़ों में से एक रहेगा। मुझे यकीन नहीं होता कि वह कितना कुछ समझ और बोल सकती है।'




**लोगों ने लुटाया प्यार**

वीडियो को क्रिस्टन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। वीडियो को अब तक लाखों लोगों ने देखा और पसंद किया है। इस पर कमेंट करने वालों ने बच्चे पर खूब प्यार लुटाया है। एक यूज़र ने लिखा -मुझे आपके बच्चे और उसकी बोली जाने वाली हिंदी से प्यार हो रहा है। एक अन्य यूजर ने लिखा- "क्या हुआ" सबसे बढ़िया है। वहीं कुछ यूज़र्स ने कहा कि वो उसे पूरे दिन ही सुन सकते हैं।

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# संत महामंडलेश्वर स्वामी विनोदानंदपुरी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि मनाई

## यज्ञ हवन में आहुति देकर सुख-समृद्धि की की कामना, भंडारे का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में देव धाम भगवती जोहड़ी आश्रम में ब्रह्मलीन संत महामंडलेश्वर स्वामी विनोदानंदपुरी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि साधु संतों के सानिध्य में मनाई गई। इस अवसर पर यज्ञ हवन में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की गई तथा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं ग्रामीण महिलाएं लोकगीत गाती हुई आश्रम पहुंचकर स्वामी विनोदानंद पुरी महाराज को अपनी भावना व्यक्त की। इस मौके पर महंत बलरामपुरी महाराज ने स्वामी विनोदानंदपुरी महाराज के व्यक्तित्व ओर कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा मानव जीवन के कल्याण के लिए काम करने का संदेश दिया। वहीं आश्रम में भागीरथ शास्त्री के नेतृत्व में स्वामी विनोदानंदपुरी महाराज की स्मृति में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु गण आहुति देकर अमन शांति की कामना की तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया।इस मौके पर आश्रम में दिनभर भजन कीर्तन का दौर चला वही जूना अखाड़े से प्रसिद्ध संत भी पहुंचे। इस मौके पर जूना अखाड़े के। संत मनोहर पुरी संत नवीन पुरी, चेतन पुरी, राजू पूरी, मोहित पूरी सहित मुकेश पूरी तथा मंडोली के संत नरदीप पूरी आदि सहित, प्रताप मूड, महेंद्र सिंह भगेला, राजेन्द्र फौजी मनजीत कुमार, समाज सेवी मामन राम सैनी हिसार, एडवोकेट रमेश कुमार पारीक, विनोद कुमार सोमानिया हिसार, मनमोहन अग्रवाल गुरुग्राम, भादर राम गोदारा, सरपंच सुनील कुमार गोस्वामी, विनोद गौतम, मुकेश प्रजापत, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांव के लोगों सहित हरियाणा क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई तथा संत गुरु महाराज विनोदानंद पुरी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## क्रोप कटिंग हेतु खसरा निर्धारण रेण्डम पद्धति से करने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में सिधमुख में अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी सिद्धमुख के द्वारा तहसीलदार के मार्फत कलेक्टर को दिया ज्ञापन। ज्ञापन में सरसों फसल की क्रॉप कटींग हेतु खसरा निरधारण रेडम पद्धति करने हेतु। मोहनलाल शर्मा ने बताया कि सरसों फसल खसरो का निर्माण सम्राट रॉपलिंग पद्धति से किया जा रहा है। परंतु अभी तक कुछ एस एस प्लस पॉइंट इस पद्धति में नहीं मिले हैं। कंपनी को निर्देशित किया जाए, कि खसरो का निर्माण रेंडम पद्धति से किया जाए। क्योंकि नियमनुसार सारे प्रयोग सैटेलाइट निर्माण नहीं होते हैं तो सभी प्रयोग रेंडम पद्धति से करवाकर किसानों की समस्या का निराकरण करें।

# फॉस्टैक ट्रेनिंग फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में व्यापारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी हेतु फॉस्टैक ट्रेनिंग फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम शिविर का आयोजन आशीर्वाद होटल में किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि बुधवार को शहर के सभी खाद्य कारोबारियों को एफ एस एस ए आई टीम ने निशुल्क फॉस्टैक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मुकुल गुप्ता ने खाद्य व्यापारियों को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की संरचना और कार्यप्रणाली कि जानकारी के साथ-साथ लाइसेंस का महत्व एवं लाइसेंस नंबर की पूर्ण जानकारी भी दी। जिससे खाद्य कारोबारी किसी भी लाइसेंस नंबर से उसके राज्य, जिले एवं अन्य सभी जानकारियां खुद समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में पैकेज्ड फूड मटेरियल से संबंधित सभी नियमों की जानकारी प्रत्येक पैकेज मटेरियल के लेबल पर लिखे जाने वाले अनिवार्य बिन्दुओं की जानकारी, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट नियम की जानकारी एवं उनके पालन का तरीका बताया गया। मिलावट के प्रकार और उन्हें पहचानने के तरीके समझाए गए साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य उपलब्ध करवाने में बरतने वाली सावधानियों के बारे में बताया। फूड हैंडलिंग तथा स्वच्छता संबंधी सभी नियमों के पालन के तरीके भी बताए गए। प्रशिक्षण के बाद व्यापार मंडल के विनोद अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान संरक्षक व्यापार मंडल अशोक कुमार, अध्यक्ष दिनेश मंगल सहित कई खाद्य व्यापारियों ने भाग लिया।

# पोषण अभियान के अन्तर्गत कन्या महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी एवं कार्यशाला आयोजित




**धौलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण अभियान के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय धौलपुर में प्रश्नोत्तरी एवं पोषण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार मीडिया प्लान गतिविधियों के तहत बालिकाओं को लक्षित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं में पोषण के सम्बंध में समझ विकसित करने तथा एनीमिया नियंत्रण के सम्बंध में जागरूकता लाना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल गोस्वामी ने अतिथि स्वागत करते हुए विभाग की इस पहल की सराहना की तथा बालिकाओं से न केवल स्वयं बल्कि परिवेश में भी खानपान की विविधता पर ध्यान देने की अपील की। सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने विभागीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि बालिकाओं को न केवल परिवार बल्कि परिवेश और समाज का नेतृत्व करना होगा ब्रांड अम्बेसडर बनना होगा। इस मौके पर महाविद्यालय से डॉ. लक्ष्मी, मिथलेश कुमारी, डॉ. प्रतिभा बैरवा, राहुल पाल, धर्मेंद्र कुशवाह, डॉ. विमल कुमार एसआरएफ आयुर्वेद तथा 150 से अधिक बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग का शिविर आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** राजस्थान सरकार की ओर से चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की और से फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर व्यापार महासंघ फुलेरा के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में आस पास के खाद्य कारोबारी शामिल हुए। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव ने खाद्य सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य विक्रेता तथा स्टोर परिवहन करने वाले फूड विक्रेताओं को फूड लाइसेंस बनवाना अनिवार्य है । ऐसा नहीं करने वाले व्यापारियों पर विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई कर सकता है । वहि व्यापार महासंघ अध्यक्ष आहूजा ने बताया कि शिविर के दौरान लाइसेंस बनवाने व रजिस्ट्रेशन के लिए 100 फार्म प्राप्त हुए। जिन्हें मौके पर प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में खाद्य कारोबारियों को शुद्ध खाद्य पदार्थ आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा टीम से अवधेश गुप्ता, एफएसओ, रमेश चंद यादव, नंदकिशोर कुमावत, लल्लू प्रसाद शर्मा, सहायक बबलू शर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा, पूर्व व्यापार महासंघ अध्यक्ष अशोक सोनी, त्रिलोक शर्मा, प्यारेलाल कुमावत, सूजाराम कुमावत, इकरामुद्दीन कुरैशी, विमल जैन, इंद्र चंद शर्मा सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद् शाखा के वार्षिक चुनाव संपन्न



**चूरू।** जिला मुख्यालय पर भारत विकास परिषद् शाखा के वार्षिक चुनाव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया। शाखा सचिव पुनीत लाटा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वित्त सचिव पवन कुमार जांगिड़ ने आय व्यय ब्यौरा दिया। जिला समन्वयक उमेशचंद्र चौहान ने रानी अहिल्याबाई की 300 वी वर्षगांठ पर उनके राष्ट्र और संस्कृति के रक्षण के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। चूरू शाखा के संरक्षक विश्वनाथ गोटेवाला ने शाखा की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। प्रांतीय उपाध्यक्ष व चुनाव अधिकारी बासुदेव चाकलान ने निर्विरोध चुनाव कराए। जिसमें आगामी सत्र के लिए उमेशचंद्र चौहान को अध्यक्ष, संदीप कुमार शर्मा को सचिव व पवन कुमार जांगिड़ को वित्त सचिव चुना गया।

# श्योदानपुरा गांव को वर्तमान पंचायत में यथावत रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** आपणी योजना स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में श्योदानपुरा गांव को वर्तमान पंचायत में यथावत रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम श्योदानपुरा गांव के ग्रामीणों ने कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। गांव के शीशराम कालेर ने बताया कि श्योदानपुरा वर्तमान में ग्राम पंचायत दांदू में शामिल है। श्योदानपुरा गांव को पंचायत पुनर्गठन में लाखाऊ पंचायत में मिलाने का विचार चल रहा है। जिसे हम सभी ग्रामवासी नही चाहते है। पिछली बार पंचायत पुनर्गठन हुआ था और ग्राम पंचायत दांदू को नवीन पंचायत बनाया गया था। जिसके बाद हमारे गांव श्योदानपुरा का सडक के रास्ते सहित सभी संसाधनों से दांदू पंचायत से जुडाव हो गया है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बास जैसेका और श्योदानपुरा की जनसंख्या 2000 के करीब है। तथा 1600 से ऊपर की जनसंख्या पर नवीन पंचायत बना दी जाती है तो हमारी प्रमुख मांग ये है कि या तो बास जैसेका और श्योदानपुरा दोनों गाँवो को मिलाकर अलग पंचायत बना दी जाये अन्यथा यथावत दांदू पंचावन में ही रखा जाये। जिसमे हमें किसी भी प्रकार की समस्याओ का सामना ना करना पड़े। श्योदानपुरा से लाखाऊ की दूरी लाखाऊ की दूरी सात किमी है जो पंचायत पुर्नगठित मापदंडों के विपरीत है।

# अग्रसेन नगर में रंग पंचमी उत्सव मनाया-झूम उठे लोग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** स्थानीय अग्रसेन नगर में रंग पंचमी उत्सव पंडित जनार्दनाचार्य के सान्निध्य में धूमधाम से मनाया गया। जिसके मुख्य यजमान वैद्य बनवारी लाल शर्मा सपत्नीक थे जिन्होंने कलश पूजन किया। अग्रसेन समग्र विकास समिति के अध्यक्ष मदन लाल राजपुरोहित ने बताया कि कलश यात्रा राम मन्दिर से शुरू होकर अग्रसेन नगर की विभिन्न गलियों से होते हुए गीता भवन राधा कृष्ण मन्दिर पहुंच कर विसर्जित हुई। रास्ते में भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर प्रतिभा नगर के बुजुर्ग कन्हैयालाल सांखला द्वारा प्रस्तुत सुन्दर नृत्य के साथ-साथ परस्पर गुलाल लगा कर भक्तों ने नाच गान करते हुए रंग पंचमी महोत्सव का भक्ति भाव से आनन्द लिया। इस अवसर पर हर्षित सोनी ,विक्रम भार्गव कैलाश चन्द्र, परमेश्वर लाल शर्मा सोहनलाल दाधीच, धर्मपाल सिंह बीका, ओमप्रकाश इन्दौरिया सुरेन्द्र, हितैष चौधरी, भागीरथ सैन, महेंद्र कुमार, कश्यप, सज्जन लाटा और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन नगर समग्र विकास समिति के अध्यक्ष मदनलाल राजपुरोहित ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से धार्मिक और सौहार्द पूर्ण वातावरण बनता है।

## जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय चूरू के तत्वावधान मे नेशनल ग्रीन कोर इको कल्ब योजनान्तर्गत शहीद शमशेर सिंह राउमावि रतनपुरा में जलवायू परिवर्तन के सम्बन्ध में निबन्ध, भाषण, स्लोगन रंगोली, पोस्टर चार्ट, प्रोजेक्ट, सास्कंतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा ग्राम रतनपुरा में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृति पैदा करने के लिए रेली निकाली गई व घर-घर सम्पर्क कर पौधारोपण व परिण्डा अभियान के लिए प्रेरित किया गया। सहायक जिला कमिश्नर गाइड व प्रधानाचार्य अनिता पूनिया, उप प्रधानाचार्य इन्दिरा व प्राध्यापक बत्तासिह, मनोज नेहरा व गोपी चन्द खरवास ने पर्यावरण विशेषज्ञ के रूप में वार्ताएं दी तथा उन्होंने बताया कि पर्यावरण में आ रहे बदलाव के बारे में चिन्ताजनक है, पौधारोपण, परिण्डा अभियान चलाकर प्लारिटक मुक्त बनाकर हम पृथ्वी की रक्षा में योगदान दे सकते हैं।

# हर घर निशुल्क झंडा अभियान शुरू



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** डॉ. बीआर अम्बेडकर संघ की ओर से निशुल्क हर घर झंडा अभियान शुरू किया गया बाबा साहेब प्रतिमा स्थल पर झंडा लगाकर संघ के अध्यक्ष सीताराम खटीक, बजरंग बजाड़, घनश्याम अलवरिया, विनोद खटीक, देवीलाल कोटवाद, चेतन खारड़िया, अशोक पंवार, एडवोकेट सुनील मेघवाल विनोद चंदेल, विक्रम भाट, हितेश बजाड़, मेघसर से बनवारी टालनिया, मोतीसर से नरेन्द्र बरोड़, सहनाली से सुरेश बरोड़, छाजुसर से खीवराज, गाजसर से सीताराम बरोड़, पवन, जसरासर से जितेंद्र मेघवाल, जासासर से मुकेश कल्ला, लालसर से नरेंद्र सुनिया, संजय सुनिया, नाकरासर से परमेश्वर तालनिया, पीथीसर से जेपी, पवन इंदलिया, घंटेल से राधाकिशन जी, इंद्रपुरा से प्रमोद, अशोक जी, राणासर से कृष्ण जी रॉयल, रामसरा से किशन जी, ऊंटवालिया से लोकेश विकास अनिल, कुन्सीसर से मैनपाल, सुरेश , बालरासर से अमरचंद झारिया से राकेश, विकास बूंटिया से विकास, ललित, ताराचंद आदि ने झंडे प्राप्त किए।

# न्यूज ब्रीफ

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 20 मार्च गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रात: 11 बजे से जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया जायेगा।

## 31 मार्च तक पेंशन सत्यापन अवश्य कराएं अन्यथा रुकेगी पेंशन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे पेंशनधारियों को वार्षिक भौतिक सत्यापन 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करवाना होगा। सत्यापन न करवाने की स्थिति में पेंशन बंद कर दी जाएगी। सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग के जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह जांगल ने बताया कि सत्यापन के लिए अधिकृत अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखंड अधिकारी को सत्यापन के लिए अधिकृत किया गया है। जिले में योजनान्तर्गत कुल 1 लाख 63 हजार 804 पेंशन लाभार्थियों में से 23 हजार 746 लाभार्थियों का पेंशन सत्यापन शेष है। देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि ई-मित्र केन्द्र अथवा ई-मित्र कियोस्क से बॉयोमैट्रिक सत्यापन के माध्यम से, एंड्राइड मोबाइल ऐप से फेस रिकॉग्निगेशन अथवा बॉयोमैट्रिक के माध्यम से एवं ओटीपी सत्यापन से संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा लाभार्थी के आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी के माध्यम से पेंशन का भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं। कुछ पेंशनधारियों का सत्यापन बॉयोमैट्रिक पहचान या आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के अभाव में नहीं हो पा रहा है, ऐसी स्थिति में पेंशन पोर्टल पर नया विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके तहत पेंशनधारियों को स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेजों पीपीओ, जनाधार, आधार आदि के आधार पर सत्यापन करवाना होगा। इस प्रक्रिया में अधिकारी के आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से वार्षिक सत्यापन किया जाएगा।

## 20 और 21 को भरा जाएगा शीतला माता का विशाल मेला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्व हिन्दू समाज शीतलामाता सेवा समिति द्वारा शीतलामाता मेले का आयोजन मन्दिर



परिसर में 20.10.2025 गुरूवार को जागरण 9.15 से शुरू होगा मेला 21.03.2025 से रात्री 1 बजे से लगातार दो दिनों तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे कुचामन क्षेत्र की 30000 तीस हजार से ज्यादा महिलाएँ शीतला माता की पूजा अर्चना करती है। मेला रात्रि 1 बजे ही शुरू हो जाता है। प्रशासन को निम्न प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए लिखित में सूचनाकर अवगत करवाया गया है। संस्था के आयोजक संरक्षक जुगल किशोर सेवदा, जगदीशप्रसाद माली, चुन्नीलाल सैनी, बजरंगलाल शर्मा, सोहनलाल गुर्जर, डॉ. विजयकुमार गुप्ता, गोपाललाल जीनगर, बजरंगलाल सेन, मोहनरिह, कुंजबिहारी जोशी, राजकुमार गोड, महेंद्र कुमार गोयर, ओमप्रकाश स्वामी, रमेश कुमार सैनी, देवीलाल कुमावत, पवन कुमावत, ओमप्रकाश कुमावत, राजकुमार भाटी, गुलाबचन्द धनवानी, खेताराम सिसोदिया, गोपाललाल अग्रवाल राजेन्द्रप्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष परमेश्वर लाल सोनगरा, उपाध्यक्ष कमल कुमार जोशी सचिव तरूण कुमार सोनी,कोषाध्यक्ष कमल किशोर गोयर एवं सदस्य रामेश्वर कुमावत, अशोक राणा अशोक भाटी, गौतम शर्मा,पवन अग्रवाल, मोनू सैनी, रमेश सास्यान, जयकुमार सैनी, हीरालाल सैनी, मुकेश मोहनपुरिया अमरचन्द सेन, गणेश कुमावत, अजय कुमावत, श्यौप्रसाद शर्मा, ओम प्रकाश चौधरी, सुमित टेलर, लूणाराम बागडा, रविकान्त स्वामी, रविप्रकाश लखन, रामनिवास सुकरिया मेले में रहकर व्यवस्था बनाने में सहयोग करेंगे। मेला प्रभारी कमल कुमार जोशी, व कमल किशोर गोयर द्वारा बताया गया है कि मेले की व्यवस्था बहुत जोर-शोर से चल रही है। इस बार महिलाओं को बहुत ही अच्छी प्रकार की व्यवस्था दी जायेगी। जिसका उललेखन निम्न प्रकार से किया गया है। श्री सर्व हिन्दू समाज शीतलामाता मन्दिर सेवा समिति कुचामन सिटी के द्वारा दी जाने वाली व्यवस्था 1. सुरक्षा व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए संस्था के सभी संरक्षकों को रजिस्ट्रर बैज लगाकर एवं सदस्यों को संस्था की रजिस्ट्रर आई डी कार्ड एवं पौशाक में रहकर व्यवस्था करवाएंगे। अगर कोई अन्य व्यक्ति या संस्था के संरक्षक व सदस्य बिना संस्था का बैज एवं आई डी कार्ड व पोशाक के रहकर व्यवस्था में रहते हैं तो उन्हे पुलिस प्रशासन द्वारा हटाया जा सकता है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2025-40

**कार्य का नाम:** झाँसी-परौना - पम्पिंग आउट ऑफ़ स्टैगनैन्ट वाटर एट डिफरेंट लोकेशन ऑफ़ सब वे अंडर एडीईएन/एचक्यू-I/झाँसी सब डिवीज़न फॉर 02 ईयर।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 2591548.55 | **अमानत राशि:** ₹ 51800.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 24 माह

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2025-41

**कार्य का नाम:** प्रोविजन ऑफ़ आरसीसी बाउंड्री वाल अलोंग दी ट्रैक इन झाँसी यार्ड टू एलसी-118. अंडर एडीईएन/एचक्यू-I/झाँसी सब डिवीज़न।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 26648045.98 | **अमानत राशि:** ₹ 283300.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 08 माह

**दोनों निविदा बन्द होने की तिथि: 16.04.2025 at 15:00 hrs.**

- निविदा **दिनांक 16.04.2025** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**499/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या-01/2025** **दिनांक-13.03.2025**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

| निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | ई.म.डी. ₹ | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 19255530 | सेफ्टी शूज | 13248 नग | ₹ 1,82,500/- | 14.04.2025 |

**नोट-** 1. उपरोक्त सभी ई -प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप मे बिड स्वीकार नहीं की जायेगी । वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **I. T. Act 2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Class III Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें । 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट **https://www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

**498/25(DG)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# रामनवमी पर्व हमें देता है सत्य, धर्म और मर्यादा का संदेश : रावल

## शोभायात्रा में 21 फीट की श्रीराम प्रतिमा होगी आकर्षण का केन्द्र



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** रामनवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर आदर्श विद्या मंदिर रामझरोखा में मंगलवार को सर्वसमाज के प्रतिनिधियों की बैठक संघ के जोधपुर प्रांत के धर्म जागरण संयोजक रामचन्द्र रावल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विहिप के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी महोत्सव पहले से अधिक भव्य और ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। जिसके लिए रामनवमी महोत्सव समिति का गठन किया गया। रामचन्द्र रावल ने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आदर्शों और धार्मिक परंपराओं की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह उत्सव हमें सत्य, धर्म और मर्यादा का संदेश देता है। समिति के प्रसार प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भगवान राम की 21 फीट की प्रतिमा आमजन के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी। वर्मा ने बताया कि 6 अप्रैल को रामनवमी महोत्सव के तहत शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का शुभारंभ रामझरोखा मंदिर प्रांगण से होगा जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पैलेसरोड स्थित राममंदिर प्रांगण में शोभायात्रा का समापन होगा। समिति के अध्यक्ष केशरसिंह ने नगरवासियों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में आने का आह्वान किया है।

### समिति ने इनको दी जिम्मेदारी

कार्यक्रम संयोजक मांगूसिंह बावली, उपाध्यक्ष नारायण लोहार, हिरालाल माली, माधुसिंह आकुना, महामंत्री शंकरलाल माली, शिवलाल सुथार, कार्यक्रम समन्वय प्रमुख कैलाश जोशी, कोषाध्यक्ष पुखराज सुथार, सह कोषाध्यक्ष कपील त्रिवेदी, राजेन्द्रसिंह, बस्ती संयोजक हिमांशु राजपुरोहित, सह बस्ती प्रमुख भगवतसिंह, नगर सजावट प्रमुख प्रशांतसिंह, सह नगर सजावट प्रमुख जब्बरसिंह, अनिल सगरवंशी, सह प्रचार प्रसार प्रमुख लोकेश खण्डेलवाल, झाकी प्रमुख सुनिल गुप्ता, मदन सेन, राम मूर्ति प्रमुख जसवंत माली, भजन मंडली प्रमुख इन्द्रा खत्री सह भजन मंडली प्रमुख पिंकी राजपुरोहित, कार्यालय प्रमुख प्रकाश सेन, शोभायात्रा प्रमुख रेवाशंकर रावल, सह प्रमुख विक्रमसिंह इन्दा, समाज सम्पर्क प्रमुख शिवलाल जीनगर एवं हितेश ओझा एवं मनोज पुरोहित को मनोनित किया गया है ।



## न्यूज़ ब्रीफ

### विद्यार्थियों ने ली राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** कस्बे के प्रयागराज एवं महावीर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के 883 विद्यार्थियों को नेताजी फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुम्बाराम मेघवाल ने निःशुल्क शिक्षा देकर उनको राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा दी। मेघवाल ने विद्यार्थियों को युवा पीढी में नवाचार कार्य' म के तहत सुखद संदेश दिया। प्रयागराज विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयसिंह परमार, महावीर रा.बा.उ.मा. वि विद्यालय के संस्था प्रधान मुकेश कुमार सुथार,का सहयोग रहा। जब्बरसिंह परमार, व्याख्याता जेएल डांगी, दिलीपसिंह बारड़, महेन्द्रसिंह सोलंकी, संदीप सूर्याल, संजय कुमार, अर्जुन कुमार सुथार, भुवनेश कुमार, जुगल किशोर, शंकरलाल, कमलेश कुमार मीणा, शैलेन्द्रसिंह परमार, सुश्री गीता कुकरेजा, श्रीमती संतोष गौड मौजूद रहे।

## केंद्रीय विद्यालय खुलने की राह हुई आसान

### सांसद चौधरी की मेहनत लाई रंग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सांसद लुंबाराम चौधरी के अथक प्रयासों से सिरोही में अब केंद्रीय विद्यालय खुलने की राह आसान हो गई है। बुधवार को केंद्र सरकार की एक टीम ने सिरोही पहुंचकर स्कूल भवन एवं जमीन का मौका मुआयना किया। अगर सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले नए सत्र जुलाई 2025 से पहली से पांचवीं (प्रथामिक स्तर) की कक्षाएं चालू हो जाएगी। साथ ही केंद्रीय टीम ने सिरोही में केन्द्रीय विद्यालय के लिए नवीन भवन, आवास, खेल मैदान इत्यादि के लिए प्रस्तावित भूमि का भी अवलोकन किया गया। ज्ञात रहे कि सांसद लुम्बाराम चौधरी पिछले छह माह से केन्द्रीय विद्यालय को सिरोही मुख्यालय पर खुलवाने के लिए प्रयासरत है। इसी दिशा में अब उनके द्वारा किये गये प्रयासों की सफलता के रुप मे सिरोही जिले को केन्द्रीय विद्यालय



मिलना लगभग तय हो गया। जिससे सिरोही के बालक-बालिकाओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर पैदा होगें। एडीएम दिनेशराय सपेला, एसडीएम हरिसिंह देवल, तहसीलदार जगदीश कुमार, केंद्रीय विद्यालय संगठन के डिप्टी कमिश्नर डॉ अनुराग यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष चिराग रावल,नगर मंत्री राजेंद्रसिंह चौहान, गोपाल मीणा, बाबूलाल मीणा, खुशवीरसिंह, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग दिलीप कोरी, जिला शिक्षा अधिकारी मृदुला व्यास सहित पीडब्लूडी, रमसा के अधिकारी मौजूद थे।



## मनरेगा मजदूरों को नहीं मिला पांच पखवाडे से मजदूरी का भुगतान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य पर जुटे प्रदेश के लाखों मजदूरों को पिछले पांच पखवाडे से मजदूरी का पैसा नहीं मिल पाया है। इस बात का खुलासा बुधवार को उस समय हुआ जब पूर्व पूर्व विधायक संयम लोढ़ा को राडबर के मनरेगा मजदूरों ने उन्हें भुगतान नहीं होने की जानकारी दी। इस पर लोढ़ा ने ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा से दूरभाष पर बात की तो पता चला कि केन्द्र सरकार की ओर से मनरेगा मजदूरों के भुगतान की राशि नहीं मिलने की वजह से यह स्थिति हुई है। लोढा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से फोन पर बात कर वास्तविकता जाननी चाही तो बताया गया कि यह सही है कि मजदूरों को पांच पखवाडे से भुगतान नहीं मिला है। यह स्थिति केवल सिरोही जिले की ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में है। इसके बाद लोढा ने जिला कलक्टर से बात करनी चाही तो वे किसी मिटींग में व्यस्त थी। आखिरकार लोढा ने मनरेगा कार्य स्थल से ही ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा से दूरभाष पर वार्ता कर मजदूरों को भुगतान नहीं होने की जानकारी दी। हालाकि उन्होंने लोढा का आश्वस्त किया कि अप्रैल माह में मजदूरों को भुगतान कर दिया जाएगा।

## माधव के विद्यार्थियों ने देखा मेहरानगढ़ का किला



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने जोधपुर स्थित ऐतिहासिक स्थल मेहरानगढ़ किले का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर एवं वास्तुकला के बारे में ज्ञान प्रदान करना था। अधिष्ठाता डॉ. प्रीणन बागची ने बताया कि मेहरानगढ़ का किला भारत के प्राचीनतम और विशालतम किलो में से एक है। जो अपनी अद्भुत संरचना और अजेयता के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि इस किले को आज तक कोई जीत नहीं पाया है। जिससे इसकी ऐतिहासिक महत्ता और भी बढ़ जाती है। कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष संगीतासिंह ने विद्यार्थियों को किले के ऐतिहासिक पहलुओं और सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस शैक्षणिक भ्रमण में करीब 100 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को बेहद ज्ञानवर्धक और रोचक बताया। इस सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों को निरंतर आयोजित करने पर बल दिया।

## बाल कौशल मेले का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालन्द्री में बुधवार को व्यावसायिक शिक्षा के तहत कक्षा 6 से 8वीं तक विद्यार्थियों के लिए बाल कौशल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें अनुपयोगी सामग्री से विभिन्न उपयोगी सामग्री बनाई। प्रभारी और व्याख्याता दुर्गाराम ने बाल कौशल मेला की रूपरेखा प्रस्तुत की। समस्त व्यावसायिक मेले की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसका समस्त अध्यापकों मय विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। अव्वल प्रतिभाओं का प्रधानाचार्य अमृतलाल माली ने सम्मान किया। व्याख्याता सनत आढा, जितेद्र कुमार, श्रवण कुमार, बाबूलाल, जतिन कुमार गजेन्द्र सोलंकी ने निर्णायक भुमिका निभाई।

## डीएमसीएमसी के सदस्य खबरों पर बारीकी से रखें नजर : चौधरी


जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** लोकसभा आम चुनाव 2024 मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी जिलास्तर पर एमसीएमसी कमेटी की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि जिले में डीएमसीएमसी सक्रिय रहकर विभिन्न मीडिया के माध्यम से यथा समाचार पत्र, पत्रिकाओं, समाचार चैनल और सोशल मीडिया की नियमित रूप से प्रभावी निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यमों से निर्वाचन आयोग और चुनावी प्रक्रिया के सबंध में प्रकाशित अथवा प्रसारित संवेदनशील खबर और सूचना विशेष पर नजर रखें। किसी भ्रामक, गलत अथवा संदेहस्पद सूचना के प्रकाशन पर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित विभाग अथवा शाखा से तथ्यात्मक विवरण प्राप्त कर सही जानकारी एवं तथ्य सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किए जाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश राय सापेला ने कहा कि जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय का प्रभारी अधिकारी



समिति का सदस्य सचिव है। समिति को अधिक सजग और सक्रिय से जुड़ी सूचनाओं की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला समिति स्थानीय स्तर पर प्रकाशित अथवा प्रसारित हुई फेक न्यूज तथा उसके विषय में की गई कार्रवाई के बारे में विभाग को तत्काल अवगत कराए। उन्होंने जन संचार के माध्यमों से भ्रामक अथवा गलत खबरों, सूचनाओं के प्रसारण को रोकने के लिए निर्वाचन विभाग की गाइडलाइन में दी गई प्रभावी कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सदस्य सचिव एवं पीआरओ कार्यालय के फूलाराम निर्वाचन विभाग की ओर से गठित जिलास्तरीय डीएमसीएमसी सदस्यों के क्रियाकलापों एवं सजग रहकर मॉनिटरिंग के संबंध में जानकारी दी। बैठक में सिरोही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ( एसडीएम) हरिसिंह देवल ने निर्वाचन विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी। केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रभारी फूलचंद गहलोत, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक गोविन्द चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्रसिंह परिहार आदि मौजूद थे।

## अतिक्रमण की जद में आकराभट्‌टा-पाण्डूरी मार्ग, जिम्मेदार मौन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** पाण्डूरी से आकराभट्टा जाते समय मोरथला चौराह पर सड़क के समीप आवासीय कॉलोनीयों का निर्माण किया जा रहा हैं। सड़क सीमा में ही चारदीवारी का निर्माण किया गया। ऐसे में सड़क के पास होने वाले अतिक्रमण के कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं गेट भी सड़क की ओर खोले है। जिससे सामने से आ रहे वाहनों नहीं दिखने से आए दिन हादसे हो रहें हैं। सड़क के मध्य से अस्सी फिट तक सड़क के दोनो तरफ किसी भी प्रकार का कोई भी निर्माण नहीं किया जाता है। यदि सड़क सीमा में अतिक्रमण पाया जाता है। तो नियमानुसार कार्यवाई की जाती है। लेकिन, यहां ऐसा कुछ भी नही हैं। सड़क सीमा में अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को लिखित में अवगत करवाया गया। लेकिन, विभाग की ओर से समस्या का समाधान नही हो पाया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हैं।

## महिला उद्यमिता पर कार्यशाला का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** हैंड इन हैंड इंडिया संस्था द्वारा महिला उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण के लिए जिला परिषद के सभाभवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीपीएम अंबिका राणावत, महिला अधिकारिता विभाग की अंकिता राजपुरोहित, पीरामल फाउंडेशन से राजेन्द्र कुमार, गोल सरपंच इन्द्र रावल, खाम्बल सरपंच मनोहर कंवर



उपस्थित रहे। एनजीओ के मुख्य प्रबंधक राजीव राजपुरोहित ने संस्था के कार्यो से अवगत कराया। वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक शैलेश सिकरवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यक्रम में अनुभवी महिला उद्यमियों का समूह बनाया गया। जिसमे अलग अलग कार्य करने वाली महिलाओ को जोड़ा गया। महिलाओं के लिए विजिटिंग कार्ड प्रकाशित किए गए। जो भविष्य में उनके कार्यों में मदद करेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हैंड इन हैंड संस्था के सिरोही एवं पिंडवाड़ा स्टॉफ का सहयोग रहा।

## नई धनारी को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** पंचायत पुनर्गठन में नई धनारी को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को जिला कलेक्टर, पंचायती राज्यमंत्री, सांसद व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पंचायत पुनर्गठन में नई धनारी व गोलिया को मिलाकर नवीन पंचायत बनाने व नई धनारी गांव को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की। नई धनारी प्रतिनिधिमंडल के सुरेश हीरागर ने बताया कि ग्राम पंचायत धनारी में कुल चार राजस्व गांव है। जिसमें धनारी, नई जमीन, नई धनारी व गोलिया शामिल है। वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार नई धनारी की जनसंख्या 2144 वही गोलिया की 1083 है। नई धनारी गांव राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर स्थित है व दोनों गांव के लिए आवागमन में सुविधा रहेगी, वहीं जनसंख्या व संसाधन उपलब्धता के आधार के दृष्टिकोण से भी ग्राम पंचायत मुख्यालय के लिए उपयुक्त है। शिवराम प्रजापत, नारायणलाल हीरागर, रतिलाल प्रजापत, सोमाराम छीपा, थानाराम प्रजापत, प्रवीण राजपुरोहित, प्रवीण सुथार, पंकज प्रजापत, जितेंद्र सुथार, दिलीप प्रजापत, प्रतापराम, छोगालाल, भूराराम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## चतुर्थ श्रेणी के भरोसे ग्राम पंचायत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** ग्राम पंचायत जनापुर में ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच, उप सरपंच समेत दस वार्ड पंच है। इसके बावजूद आए दिन ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बुधवार को ग्राम पंचायत जाकर देखा तो वहां पर एक चतुर्थश्रेणी कर्मचारी तैनात था। इसके अलावा ग्राम विकास अधिकारी के कार्यालय बंद था। वहां खड़ी एक महिला को आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि कई दिनों से एक काम के लिए आ रही हूं। लेकिन, यहां अधिकारी नहीं होने के कारण काम नहीं हो रहा है। विडीयो को फोन लगाया तो उन्होंने बैठक का हवाला दिया। यहां जिम्मेदार नहीं होने के कारण ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।



## रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 3,48,350 पशुओं का होगा टीकाकरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के 3 लाख 48 हजार 400 गाय तथा भैंस में खुरपका मुहपका रोग नियंत्रण के लिए जिले के 3 लाख 48 हजार 350 टीकाकरण पशुपालकों के घर घर जाकर लगाए जाऐंगे। टीकाकरण का आगाज मंगलवार को किया गया जो 17 मई तक चलेगा। इसके लिए विभाग के सभी अधिकारी एवं कार्मिकों को नियुक्त किया है। जिले में गाय तथा भैंस की संख्या 4 लाख 16 हजार है। ब्लॉक स्तर के नोडल अधिकारी से प्राप्त कार्य योजना अनुसार ग्रामवार एवं दिनांक वार कार्य' म जारी टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए पशुपालक का भारत पशुधन एप पर पंजीकरण व टीकाकरण का इन्द्राज किया जाएगा।

लोकसभा में प्रदूषित जल और सरसों की खरीद का मामला उठाया

# राजस्थान की नहरों में प्रवाहित जल को प्रदूषित होने से बचाया जाए : बृजेंद्र ओला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** बुधवार को शून्य काल के दौरान सांसद बृजेंद्र ओला ने प्रदेश के 13 जिलों के निवासियों के दर्द को रखकर इसके लिए समाधान करने की मांग की। सांसद ने कहा कि पंजाब में प्रदूषित अपशिष्ट और औद्योगिक अपशिष्ट सतलज व उसकी सहायक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। पंजाब से उपरोक्त नदियों का पानी विभिन्न परियोजनाओं के तहत राजस्थान के 13 जिलों में आता है। वर्तमान में तीन अलग—अलग योजनाओं की बात करें तो इनसे राजस्थान के झुंझुनूं समेत 13 जिलों को पानी मिल रहा है। लेकिन यह पानी प्रदूषित अपशिष्ट और औद्योगिक अपशिष्ट से प्रदुषित है। उन्होंने सदन में बताया कि उनकी सरकार के वक्त एनजीटी में यह बात उठाई गई थी। इसके बाद एनजीटी ने प्रदुषित पानी को रोकने के लिए आदेश दिए थे। करीब 650 करोड़ रूपए की योजना भी बनाई गई थी। लेकिन यह अभी तक धरातल पर नहीं उतरी है। लगातार यह प्रदूषित पानी सप्लाई हो रहा है। जिससे अनेक बीमारियां, खासकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी फैल रही हैं है। अगर ध्यान नहीं दिया तो वर्तमान पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत ही चिंताजनक रहेगा। सांसद ने सदन में भारत सरकार से मांग करी कि जो इन नदियों में पंजाब की औद्योगिक इकाइयों व नगरीय प्राधिकरणों का प्रदूषित जल मिल रहा है। जिससे राजस्थान की नहरों में आपूर्ति हो रहे जल को प्रदूषित कर रहे है। उनको भी रोकने के लिए कोई कठोर कदम उठाएं और शुद्ध पानी ही राजस्थान की नहरों में प्रवाहित किया जाए। जिससे जनता के जीवन को बचाया जा सके।

**सरसों की खरीद एमएसपी की कानूनी गारंटी देते हुए खरीदी जाएं :** इसी तरह, सांसद ओला ने बुधवार को नियम 377 के तहत सरसों खरीद का मामला लोकसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र झुंझुनूं सहित राजस्थान प्रदेश में सरसों का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में होता है। देश का लगभग 48 प्रतिशत सरसों का उत्पादन अकेले राजस्थान में होता है। किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम नहीं मिल रहा, जिससे वे आर्थिक संकट में घिर रहे हैं। बाजार में सरसों के दाम गिरते जा रहे हैं। जिससे बिचौलियों को फायदा हो रहा है और किसान घाटे में जा रहे हैं। साथ ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के बिना ही किसानों की उपज खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर है। जिससे अन्नदाता ठगा हुआ महसूस कर रहा है। खरीद केंद्र दूर होने के साथ साथ वहां पर लंबी लंबी लाइनें लगती हैं। उसके बावजूद किसानो से उनकी फसल भी नहीं खरीदी जाती हैं। बीच बीच में खरीद केंद्र पर फसल खरीदना भी बंद कर दिया जाता है और अगर खरीदी जाती भी हैं तो वह पूरी और उचित भाव पर नहीं खरीदी जाती है। अन्नदाता के हित के लिए सरकार से आग्रह किया है कि अगर वह सच में किसान को संबल देना चाहती है तो सरसों की खरीद एमएसपी की कानूनी गारंटी देते हुए हर ग्राम सहकारी समिति को खरीद केंद्र बनाते हुए खरीदी करें। जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित भाव मिल सके। जिससे उनको आर्थिक संबल मिल सके। साथ ही ग्राम सहकारी समितियां खरीद केंद्र बनने से किसानो का खर्चा और समय की भी बचत होगी।

# एसआई भर्ती 2021 नकल मामले में एक और महिला एसआई गिरफ्तार

## प्रार्थना पत्र में हिंदी की अशुद्धियों की भरमार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 मामले में एसओजी ने प्रोबेशनर महिला सब इंस्पेक्टर को पुलिस लाइन झुंझुनूं से गिरफ्तार किया है। प्रोबेशनर महिला एसआई ने भर्ती परीक्षा के हिन्दी विषय में 200 में से 184 अंक प्राप्त किए थे और 34वीं रैंक हासिल की थी। इसके बावजूद जब पुलिस लाइन झुंझुनूं में अपनी आमद दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया तो उसमें अपना पदनाम तक सही नहीं लिख पाई। एसओजी के अनुसार एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में चयनित उप निरीक्षक पुलिस प्रोबेशनर मोनिका पत्नी विकास जाट निवासी तारपुरा दादिया-सीकर को गिरफ्तार किया है। मोनिका ने ब्लूटूथ डिवाइस से नकल की थी। इसके लिए नकल गिरोह के सरगना पौरव कालेर को 15 लाख रुपए दिए थे। मोनिका का एसआई भर्ती परीक्षा का सेंटर अजमेर आया था। उसने 15 सितंबर 2021 को परीक्षा दी थी। पौरव कालेर ने ब्लूटूथ से उप निरीक्षक पुलिस की लिखित परीक्षा की दोनों पारियों में पेपर पढ़वाया था। इसके चलते मोनिका ने हिन्दी विषय में 200 में से 184 अंक और सामान्य ज्ञान विषय में 200 में से 161 अंक प्राप्त किए थे। जब मोनिका इंटरव्यू में बैठी तो मात्र 15 अंक प्राप्त हुए। लेकिन लिखित परीक्षा में अच्छे अंक आने से 34वीं रैंक लगी और चयनित हो गई। एसओजी की मानें तो मोनिका ने भी स्वीकार किया है कि पौरव कालेर को इसके लिए 15 लाख दिए थे। एसओजी द्वारा पौरव कालेर को गिरफ्तार करने पर मोनिका पुलिस अकादमी जयपुर से ट्रेनिंग के दौरान फरार हो गई थी। वह 5 जून 2024 से 2 जुलाई 2024 तक मेडिकल पर रही। इसके बाद कोई मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं दे पाई। मोनिका ने पुलिस लाइन झुंझुनूं में आमद करवाने के लिए 11 नवंबर 2024 को हिंदी में प्रार्थना पत्र लिखा था। इसमें मोनिका ने कुल 20 लाइनें लिखी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** शिव कॉलोनी स्थित श्री ओंकारमल सराफ आदर्श विद्या मंदिर में अभिभावक सांवरमल, हनुमानप्रसाद, बृजलाल सांखला के सुपुत्रों सुशील कुमार, रमेश कुमार, राजकुमार द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर भेंट किया गया। इस कार्य के प्रेरणा स्त्रोत लोकेश सांखला रहे। इस अवसर पर आदर्श शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मदनलाल प्रजापत ने दुपट्टा पहना कर उनका सम्मान किया। प्रधानाचार्य भंवरलाल प्रजापत ने दानदाता परिवार का आभार जताया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### साधारण सभा की बैठक 23 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** मेघवाल समाज संघ रजिस्टर्ड जिला शाखा झुंझुनूं की साधारण सभा की बैठक 23 मार्च को शाम चार बजे डॉ. अंबेडकर भवन झुंझुनूं में होगी। जिला महासचिव डॉ. विकास काला ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष पवन आलड़िया करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से मेघवाल समाज वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 2025 की समीक्षा करना, जिला कार्यकारिणी के विस्तार पर विचार-विमर्श, सदस्यता अभियान चलाने तथा अन्य मुद्दे अध्यक्ष की अनुमति से उठाए जा सकते है।

### फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप में 290 किसानों का रजिस्ट्रेशन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडावा।** फतेहपुर स्टैंड नगरपालिका चौक के पास स्थित महाजन पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्रेशन शिविर में मंडावा क्षेत्र के किसानो ने उत्साह से भागीदारी निभाते हुए बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पटवारी विजय काला ने बताया कि शिविर में 290 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। शिविर में कृषि पर्यवेक्षक इंद्रा खीचड़, पटवारी धर्मेंद्र सिंह मीणा, पिंटू काला, सुभाष बारेठ, भू-अभिलेख निरीक्षक, वरिष्ठ सहायक राकेश सोनी सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### 'पुजारियों के हितों का संरक्षण करें सरकार'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान पुजारी संघ के संयोजक महेश बसावतिया ने भजनलाल शर्मा सरकार से भगवान की सेवा में लगे पुजारियों को उचित मानदेय देकर उनके हितों का संरक्षण करें। एक बयान में बसावतिया ने



कहा कि मंदिर माफी की जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है। उसको मुक्त करवा कर मंदिर को वापिस किया जाए। जीर्ण-शीर्ण अवस्था में जो प्राचीन मंदिर है। उनके जीर्णोद्धार को लेकर सरकार गंभीरता से काम करें। गौवंश सनातन धर्म की रीढ़ है। इसको लेकर बसावतिया ने मांग की है कि गोचर भूमि को जिन भूमाफियाओं ने अवैध कब्जे कर रखे हैं। इसको लेकर उनको मुक्त करवाने की मांग की। बसावतिया ने आगे कहा कि भाजपा सरकार बने करीब डेढ वर्ष हो गया। सभी जातियों के कल्याण बोर्डों का पुनर्गठन करीब करीब सरकार कर चुकी है। लेकिन विप्र कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन अभी तक नहीं हुआ है। इससे विप्र समाज में भारी आक्रोश है। उन्होंने तुरंत प्रभाव से विप्र कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन की मांग करते हुए इसकी कमान ऐसे विप्र को दी जाए जो पूर्ण रूप से विप्र समाज के प्रति समर्पण भाव रखता हो।

### जीएसटी एमनेस्टी स्कीम ने दी व्यापारियों को राहत

इंटरेस्ट और पेनेल्टी की छूट से टैक्स जमा करवा रहे व्यापारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में इनदिनों व्यापारियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी गई राहत का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। दरअसल जीएसटी



के बकाया टैक्स को वसूलने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाई गई एमनेस्टी स्कीम का फायदा मिल रहा है। हर दिन बकाया टैक्स जमा हो रहा है। जिससे ना केवल केंद्र, बल्कि राज्य सरकार का खजाना भी भर रहा है। वहीं बकाया प्रकरणों का निस्तारण तेजी के साथ हो रहा है। स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर उमेश जालान ने बताया कि 16 अगस्त 2024 से केंद्र सरकार एमनेस्टी स्कीम लेकर आई थी। जिसमें बकाया करदाताओं को 2017—18 से लेकर 2019—20 तक लगाई गई पैनल्टी और इंटरेस्ट, दोनों में 100 प्रतिशत छूट दी गई है। सिर्फ करदाता, अपना बकाया कर जमा करवाकर अपने प्रकरणों का निस्तारण करवा सकता है। इससे ना केवल करदाता का बकाया कर चुकता हो रहा है। बल्कि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। जालान ने बताया कि सीधे तौर पर हम समझ सकते है कि झुंझुनूं में एक माइनिंग व्यापारी पर 99 लाख रूपए का कर, शास्ति और ब्याज बकाया थी। लेकिन अब इस स्कीम का फायदा लेते हुए व्यापारी को सिर्फ 60 लाख रूपए ही जमा करवाने पड़ेंगे। उसने 20 लाख रूपए जमा भी करवा दिए है। ऐसे ही कई व्यापारी अपने अपने बकाया टैक्स को जमा करवाकर शास्ति और ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट प्राप्त कर रहे है। इसके अलावा जानकारी प्राप्त कर कई व्यापारी मानस बना चुके है। यह स्कीम 31 मार्च 2025 तक ही है। इधर, माना जा रहा है कि इस स्कीम का समय पूरा होने के बाद विभाग बकाया कर वसूलने के लिए अभियान भी चला सकता है।

### मादक पदार्थ तस्करी में 10 महीनों से वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** बाड़मेर जिले में वृत कार्यालय चौहटन पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई कर अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में 10 महीनों से वांछित आरोपी देवी सिंह पुत्र पदम सिंह राजपूत निवासी आकोड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी थाना स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल है, जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

भजनलाल सरकार की बगड़ को बड़ी सौगात

# बाईपास की घोषणा से इलाके के लोगों में खुशी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बगड़।** सूबे की भजनलाल सरकार ने हाल ही में बजट में झुंझुनूं को कई सौगातें दी है। इनमें एक है बगड़ कस्बे की बाइपास। जी, हां झुंझुनूं जिले के बगड़ कस्बे के उत्तर दिशा में एक नई बाईपास सड़क बनाने के लिए भजनलाल सरकार ने संकल्प ले लिया है। विधायक राजेंद्र भांबू की मांग पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने विधानसभा में घोषणा की है कि बगड़ कस्बे के उत्तर दिशा में बाईपास सड़क की डीपीआर बनाई जाएगी। जिसके लिए उन्होंने 20 लाख रूपए का बजट दिया गया है। चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़ ने बताया कि इस घोषणा के बाद मालीगांव, नारनौद समेत करीब आधा दर्जन ऐसे बड़े गांव, जहां पर हजारों की संख्या में लोग रहते है। उन्हें अभी तक झुंझुनूं और चिड़ावा जाने के लिए या तो किसी दूसरे लंबे रास्ते का सहारा लेना पड़ता है। या फिर बगड़ कस्बे के अंदर से उन्हें चिड़ावा और झुंझुनूं की तरफ जाने के लिए मुख्य सड़क पर आना पड़ता है। लेकिन यह बाईपास बनने के बाद उन्हें बगड़ कस्बे और लंबे रास्तों से मुक्ति मिल जाएगी। वे मिनटों में ही चिड़ावा—झुंझुनूं मुख्य रोड पर पहुंच जाएंगे। इधर, ग्रामीणों ने इसके लिए भजनलाल सरकार के साथ—साथ विधायक राजेंद्र भांबू का आभार जताया है। साथ ही कहा है कि सरकार इसकी जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करवाकर इसके लिए बजट का आवंटन करें। क्योंकि दशकों से इस बाईपास की मांग चल रही थी। पूर्व के कांग्रेस के प्रतिनिधि और कांग्रेस की सरकारें इस ओर ध्यान नहीं दे रही थी। अब भजनलाल सरकार ने इसकी सुध ली है तो इसे बनवाने में भी चुस्ती दिखाएं।

# झुंझुनूं में एक ही दिन में मिला 385 युवाओं को रोजगार

## रोजगार अधिकारी ने कहा-अगला मौका मई में आएगा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** भजनलाल सरकार लगातार युवाओं को रोजगार देने के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में अब हर तीन माह में एक बार जिला मुख्यालय पर रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। ताकि निजी क्षेत्रों में युवाओं को अधिक से अधिक नौकरियां मिल सके। इसी क्रम में बुधवार को झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीआई, ग्रेजुएशन, सैकेंडरी और सीनियर सैकेंडरी पास करने वाले युवाओं को रोजगार का अवसर मिला। जिला रोजगार अधिकारी दयानंद यादव ने बताया कि मेले का शुभारंभ एडीएम डॉ. अजय आर्य ने किया। दिनभर चले मेले में झुंझुनूं समेत प्रदेश के अन्य जिलों से आई 19 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं से उनके कौशल क्षमता के बारे में जाना। इनमें प्रमुख रूप से मानेसर, गुड़गावां, भिवाड़ी, रोहतक, अलवर आदि क्षेत्रों से कई नामचीन कंपनी भी शामिल है। इन्होंने 650 युवाओं में से 385 का चयन किया गया है। साथ ही उन्हें नौकरी ज्वाइन करने के लिए आमंत्रित भी किया है। उन्होंने बताया कि अगला रोजगार मेला मई में लगेगा। जिसके लिए भी कंपनियों से लगातार चर्चा हो रही है। सभी कंपनियों से सहमति मिलने के बाद अगले मेले की तारीख तय कर दी जाएगी। इधर, मेले को लेकर आज रोजगार कार्यालय में युवाओं की काफी गहमागहमी देखी गई। शिविर में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने अपने विभाग की ऋण संबंधी योजनाओं की जानकारी प्रदान की व रोजगार कार्यालय के हरफूल, पवन सैनी, विकास कुमार सहायक प्रोग्रामर, विकास सैनी व सुशीला ने नियोजकों से समन्वय व शिविर में अन्य व्यवस्थाएं संपादित की।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में आंगई थाना क्षेत्र से गुजर रहे करौली-धौलपुर एनएच 11बीं पर मंगलवार की रात आंगई थाना क्षेत्र के रहरई गांव के पास सड़क हादसा हुआ है। दुर्घटना में बाइक सवार मिस्त्री को एमपी नंबर की ईको गाड़ी ने टक्कर मारी है। जिसमें उसकी मौके पर मौत हुई है। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस 1033 से अचेत हुए बाइक मिस्त्री को बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया,जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया,ऐसे में उसके शव को चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया,जहां आज बुधवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का आंगई थाना पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है। दुर्घटना के मामले की जांच आंगई थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने एमपी नंबर की ईको गाड़ी को जप्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार सरमथुरा निवासी 26 वर्षीय बाइक मिस्त्री शाहरुख पुत्र लियाकत खान आंगई गांव में पिछले 2 साल से दुकान चलाकर बाइक रिपेयरिंग का काम करता था। जो मंगलवार की शाम करीब 8 बजे अपनी दुकान को बंद कर वापस सरमथुरा लौट रहा था। इस दौरान रहरई गांव के पास करीब 9 बजे वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस 1033 के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से उसे बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया,जहां चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

# दूसरे दिन माने सफाईकर्मी, उठाया धरना, एसडीएम ने दिया सहायता का चेक




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** राजस्थान सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहो और भामाशाह प्रेरकों को बुधवार को हनुमानगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा श्री सम्मान प्रदान किया गया । यहां श्री राधा कृष्ण राजबाउ मा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नोहर के श्रीमति जानकी देवी पेड़ीवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में लाखो रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के लिए उषा डागा धर्मपत्नी दीनदयाल डागा , स्व. नवल किशोर नेवर और श्याम सुन्दर नेवर को शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा गया।इसके अलावा श्री विनय कुमार पचिसिया को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा श्री सिंगाराम को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांव ललाना में विकास कार्य के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए शिक्षा श्री सम्मान दिया गया। इसके अलावा भी जिले भर के राजकीय विद्यालयों में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहो को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में भामाशाह प्रेरक के रूप में पूर्व नपा अध्यक्ष राजेंद्र चाचाण , हनुमान प्रसाद व्यास ,बाल कृष्ण व्यास, प्रदीप पुरोहित और सुरेश तिवाड़ी को भामाशाह प्रेरक सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह स्व. नवल किशोर नेवर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना लाल कड़ेला, जिला शिक्षा अधिकारी सीमा भल्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक, भाजपा नेता गुलाब सिंवर और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित सहू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वंचित वर्ग आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान में राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक प्रशासनिक हर दृष्टिकोण से कमजोर एससी समाज को तत्काल प्रभाव से आरक्षण उप वर्गीकरण का फायदा समाज को मिलना चाहिए। ये विचार सर्किट हाउस झुंझुनूं में मुख्य अतिथि वंचित वर्ग आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार ने कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज और अपने बच्चों के लिए हमें एकजुट होकर यह मांग करनी है। यह रथ यात्रा पूरे राजस्थान में पहुंच रही है। जो लगातार समाज को आरक्षण के लिए जागरूक कर रही है। समिति के झुंझुनूं जिला संयोजक शिक्षाविद बृजेश किराड़, राष्ट्रीय वाल्मिकी क्रांतिकारी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र हठवाल, कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सारवान, सुलताना नगरपालिका अध्यक्ष घीसाराम चांवरिया, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका बगड़ रामलाल चंदेलिया, उम्मेद ठेकेदार, विनोद चांवरिया सहित अनेक लोगों ने विचार रखे। संचालन लक्ष्मीकांत डूलगच ने किया। कार्यक्रम पश्चात एडीएम अजय कुमार आर्य को मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जातियों भील, गरासिया, सहरिया उप वर्गीकरण के न्यायालय के निर्णय अनुसार नॉन क्रिमीलेयर जातियों का वर्गीकरण कर उन्हें तत्काल आरक्षण का लाभ दिलवाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में लिखा गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीशों की पीठ द्वारा 6-1 से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति भील गरासिया सहरिया जन के उपवर्गीकरण का फैसला दिया गया है। जिसे राजस्थान में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक, प्रशासनिक हर दृष्टिकोण से कमजोर वाल्मिकी, मेहतर, सांसी, कंजर, नट, ढोली, बाजीगर, सपेरा, मदारी, कालबेलियां, बावरी भांड, धानक, कामड व अन्य (जिसे राज्य सरकार के सर्वे के बाद इसके लिए उपयुक्त समझे) जो कि वर्तमान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति भील गरासिया सहरिया वर्ग में सामाजिक रूप से अत्यधिक पिछड़ी हुई जाति है। इनके साथ अधिकतर छुआछूत, जातिगत, उत्पीड़न आर्थिक विषमता, शैक्षणिक आधार पर अत्यधिक पिछड़ी हुई है। जिन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाए। इससे पहले आरक्षण रथ यात्रा के झुंझुनूं पहुंचने पर सर्किट हाउस में वंचित वर्ग आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष विकास नरवाल का गुलदस्ता भेंट कर साफा पहना कर माल्यार्पण से स्वागत किया गया। इस दौरान एडवोकेट अमित चांवरिया चुरू, शंकर जैदिया खेतड़ी, पवन ठेकेदार, दयाराम निनाणिया, अमित डूलगच, बिशन चांवरिया, विजय कुमार चांवरिया, मनोज कुमार चांवरिया प्रियांशु हठवाल, रविंद्र चांवरिया, नरेंद्र डूलगच, राहुल डूलगच, धनराज चांवरिया सहित अनेक मौजूद रहे।

## प्रदूषण व जहरीले पानी से लोग परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** शहर के नजदीक दादर गांव के पास वर्धमान पोलीवर्क फैक्ट्री व जयंती फैक्ट्री सें निकलने वाला जहरीला पानी पास बहती सिचाई विभाग की नहर में पाईप लगा कर डाला रहा है। वहीं इस कंपनी की चिमनियों से निकलने वाला काला धुंआ लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहा है लेकिन अलवर का प्रदूषण विभाग आंख बंद कर सब देख रहा ग्रामीणों का कहना है कि इस वधर्मान पोलीवर्क व जयंती फैक्ट्री की फैक्ट्री की चिमनियों के द्वारा निकाली जाने वाली काली जहरीली धुंआ ने लोगों का जीना दूभर कर रखा है। लोग सांस लेने में भी परेशानी महसूस करते हैं। इस जहरीली काली धुंआ से घरों पर कालिख की काली सी बन गई है। लोगों ने इस बारे में अनेकों बार प्रदूषण विभाग में शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

# शीतला सप्तमी पर सांडेराव व दुजाना में सामूहिक गांवशाही गेर नृत्य का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांडेराव।** स्थानीय नगर के तालाब किनारे स्थित शीतला माता मंदिर परिसर 21 मार्च को दिनभर मेला व शाम को खेड़ा देवी मंदिर परिसर में गांव शाही गेर नृत्य का आयोजन होगा। यहां गुरुवार को गृहणियां अपने-अपने घरों में ठंडा भोजन प्रसाद तैयार करेगी तथा शुक्रवार अल सुबह शीतला माता की पूजा अर्चना के बाद बासोड़ा का भोग लगाएंगी। इधर दुजाना गांव में मीणा गेर आयोजक मंडल के कस्तूराराम मीणा ने बताया कि मीणा गेर आयोजक कमेटी के तत्वावधान में गांव के मीणा चौक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला सप्तमी पर सामूहिक गेर का आयोजन होगा। जिसमें सेवाड़ी गांव से गेर दल के गेरिए प्रस्तुति देंगे। इस दौरान स्थानीय गेर नृत्य की भी प्रस्तुति होगी जिसमें गांव के सर्व समाज के लोग भाग लेंगे, इसको लेकर एक समिति का गठन किया है। यह कमेटी गेर नृत्य कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ गेर दलों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगी। गेर नृत्य कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सरपंच कंकू देवी मीणा, कस्तूराराम मीणा, कूपाराम मीणा, गुलाबराम मीणा, गुणराज मीणा, घीसाराम मीणा, पकाराम मीणा, अकाराम मीणा सहित समस्त मीणा समाज युवा टीम तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# बाली किले में 20 फीट ऊपर चमत्कारी शीतला माताजी का प्राचीन मंदिर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली के ऐतिहासिक किले में 20 फीट ऊपर सैकड़ों वर्ष पुराना शीतला माताजी का मंदिर काफी दर्शनीय है। माताजी के दर्शन करने विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुगण धोक लगाने आते है। जिनकी मंगलकामनाएं पूर्ण होती है। इसी मंदिर के पास में सती हुए बोल माजीसा का मंदिर है जो गुफानुमा चट्टान में विराजमान है। उसके ऊपर मंदिर का निर्माण करवाया गया। मंदिर के पास पत्थर की प्राचीन मूर्ति है जिसमें एक ओर तोता और दूसरी ओर नागदेव बने हुए हैं। पंडित अवधेश व्यास महाराज ने बताया कि बोल



माजीसा मंदिर के पास में ही प्राचीन काल से शीतला माताजी का मंदिर बना हुआ है। जिसका वर्ष में एक दिन शीतला सप्तमी के दिन मेला भरता है जिसमें सैकड़ों की संख्या में बाली सहित आस पास के दर्जनों गांवों के मेलार्थी भाग लेते है। गेर नृत्य का भी आयोजन होता है। मेलार्थी किला देखने का आनंद भी लेते है। इस वर्ष यह मेला 21 मार्च शुक्रवार को भरा जाएगा और इसी दिन ठंडा भोजन का भोग लगाया जाएगा। उसके एक दिन पूर्व 20 मार्च गुरुवार को ठंडा बनाया जाएगा। शीतला माताजी के भव्य मेले अधिक संख्या में मेलार्थी भाग लेंगे।

# खेत की तारबंदी से करंट लगने से विद्यार्थी की मौत

## स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में 10 साल के एक मासूम की खेत की तारबंदी में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। स्कूल से घर लौटते समय मासूम के साथ यह हादसा हुआ। परिजनों का आरोप है कि खेत की तारबंदी में खेत मालिक ने क्षमता से अधिक करंट प्रवाहित किया। पाली जिले के रोहट क्षेत्र के भिंडर (कुलथाना) गांव निवासी 10 साल का मासूम सुनिल पुत्र जगदीश हमेशा की तरह मंगलवार शाम को अपने दोस्तों के साथ स्कूल से घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में एक की लोहे की तारबंदी के निकट से गुजरते समय मासूम तारबंदी प्रवाहित करंट के कारण उसकी चपेट में आ गया। उसके दोस्तों ने जब यह खबर दी तो परिजन तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचे। मासूम को गंभीर हालत में वायद गांव के हॉस्पिटल ले गए। जहां से उसे पाली रेफर किया गया। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की बॉडी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाकर जांच शुरू की। पांच भाई बहनों में तीसर नंबर पर था। सुनिल मृतक के काका दीपक कुमार ने बताया कि मृतक सुनिल के पिता जगदीश मजदूरी करते है। पांच भाई बहनों में सुनिल तीसरे नंबर पर था। जब वे मौके पर पहुंचे तो मासूम तारबंदी से चिपका हुआ था। उन्होंने तारबंदी में प्रवाहित हो रहे करंट की लाइन का



तार हटाया और उसे हॉस्पिटल लाए लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मवेशियों से फसल की सुरक्षा के लिए करते है। करंट प्रवाहित बता दे कि कई किसान मवेशियों से अपने खेत में उगी फसल को बचाने के लिए तारबंदी में हल्का करंट प्रवाहित करते है ताकि पशु अंदर खेत में न घुसे। मृतक के परिजनों का आरोप है कि उनके जिस किसान का खेत था। उन्होंने क्षमता से ज्यादा करंट तारबंदी में प्रवाहित किया। जिससे बच्चे की मौत हुई।

# विद्यार्थी के जीवन में शिक्षा का अति महत्वपूर्ण स्थान : भोपाजी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** खैड़ा देवी मंदिर के गादिपति जसाराम देवासी ने विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए मेहनत करने की सीख दी। देवासी कस्बे के दयानंद सरस्वती उच्च प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। देवासी ने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता हैं। केवल मेहनत व लगन की आवश्यकता हैं। परिश्रम करने वाले विद्यार्थी जीवन में कभी भी असफल नहीं होते हैं। इस अवसर पर संस्था प्रधान शंकरलाल देवासी, खेताराम घांची, नारायणलाल देवासी, आनंद शर्मा, अरुणा सोनल, मदनसिंह राव, प्रकाश सेन, मंगेश प्रजापत आदि उपस्थित थे।

### देसूरी अस्पताल में बैठक के दौरान टीबी पर विशेष ध्यान

# राजस्थान हो टीबी मुक्त : राठौड़

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी राजकीय अस्पताल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विकास मारवाल के निर्देशानुसार देसूरी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश राठौड़ व राजेन्द्र पुनमिया सादडी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर के समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एएनएम, सीएचओ और डीईओ उपस्थिति थे। बैठक में एजेंडा अनुसार समीक्षा की गई और टीबी सर्वे के बारे में आशा डिजिटल हेल्थ ऐप में प्रत्येक फिल्ड आशा द्वारा सर्वे करवाने हेतु निर्देशित किया गया। गांव के प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी बनाने हेतु एवीडीएम ऐप से आभा आईडी बनाने के बारे में बताया गया और आयुष्मान कार्ड, C-BAC फ़ॉर्म भरने, स्क्रीनिंग, ट्रीटमेंट के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही मातृ स्वास्थ्य व शिशु स्वास्थ्य के बारे में विस्तार



से चर्चा की गई। 12 वीक एएनसी, संस्थागत प्रसव, दो बच्चों पर महिला नसबंदी, टीकाकरण का ब्लॉक से प्राप्त लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने हेतु पाबंद किया गया और सेक्टर की समस्त एएनएम और सीएचओ को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP) के बारे में जिला स्तर से रेवत राम जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वयक व गुलशन कुमार जिला मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम समन्वयक द्वारा कोटपा नियम और चालान काटने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम के तहत देसूरी stls रणवीर सिंह द्वारा बताया गया कि लक्ष्य के अनुसार 1000 की जनसंख्या पर 30 सीबी नाट सेंपल की जांच करवाई जाए। यह भी बताया गया कि सेंपल फाल्कन ट्यूब में लेवे ओर उसे सीएचसी देसूरी पर लैब में जमा करावे और टीबी कार्यक्रम के बारे में रणवीर सिंह STLS देसूरी द्वारा विस्तृत जानकारी दि गई। डाक्टर राजेंद्र पुनमिया द्वारा राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य कार्यक्रमों पे विस्तार से चर्चा की गई। सेक्टर के सभी सब सेंटर की प्रोग्रेस रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इस ब्लॉक मीटिंग में डाक्टर राजेंद्र पुनमिया, डाक्टर हेमंत कुमार, डाक्टर उम्मेद सिंह, डाक्टर प्रियंक सोलंकी और ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर हितेश सिंह इंदा, बीएनओ भरत माली, कैलाश त्रिवेदी, चंपा लाल डीईओ मौजूद रहे ।

# चारभूजा मेले को लेकर आमंत्रण पत्रिका चढ़ाई

**खिंवाड़ा।** आगामी 27 अप्रेल को भादाकाकर स्थित चारभूजा मंदिर प्रांगण में भरे जाने वाले मेले को लेकर मेला आयोजक परिवार खिंवाड़ा निवासी पोकरलाल राकेचा, श्रीकांत राकेचा, विक्रम राकेचा व यशपाल राकेचा परिवार की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चारभूजा नाथ को मेला आमंत्रण पत्रिका चढ़ाई गई। श्री पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज ट्रस्ट भादाकाकर के मंत्री हस्तीमल राठौड़ ने बताया कि 27 को भरे जाने वाले मेले से पूर्व संध्या पर एक शाम श्री चारभूजा नाथ के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# पाली में भेरुजी महाराज मंदिर में भव्य मेले का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिले के रोहट उपखंड क्षेत्र दिवांदी ग्राम पंचायत खुटानी गांव में लोक देवता भेरुजी महाराज का मंदिर है जहां हर साल की तरह आज भव्य मेले का आयोजन हुआ। गेर नृत्य में प्रथम स्थान बाला गांव दूसरे स्थान पर खांडी गांव और तीसरे स्थान पर चेंडा गांव की गेर रही। मुख्य अथिति के रूप में जालौर जिले धूमडा माता जी मंदिर के महंत राजभर्ती, पाली विधायक भीमराज भाटी, दीवादी सरपंच शांति देवी वैष्णव, रोहट तहसीलदार प्रकाश पटेल बीडीओ मनमोहन मीणा, पाली लोक सभा प्रत्याशी दीपक बामनिया, रोहट सरपंच भरत पटेल खुटानी



मेला कमेटी धीरेंद्रवैष्णव कांग्रेस नेता मदन सिंह जगरवाल, महेंद्र सिंह राजपुरोहित शंकर राम पटेल दीवांदी आदि सैकड़ों ग्रामीण मेले में मौजूद रहे। पाली जोधपुर जालौर बाड़मेर जिले के गावों से इस मंदिर में बच्चों की चोटी उतारने आते हैं और हर साल में एक बार मेला कमेटी द्वारा मेला भराया जाता है। इस मंदिर को लेकर लोगों की अनेकों मान्यताएं हैं। दूर-दूर से भेरुजी महाराज को धोक लगाने के लिए यहां लोग आते हैं और राजस्थानी वेश धारण कर युवा बच्चे अपनी टीम के साथ गैर नृत्य करते हैं और हजारों ग्रामीण क्षेत्रों से आई जनता का दिल जीतते हैं। इस मंदिर को लेकर लोगों की अनेकों मान्यताएं हैं।

दूर-दूर से भेरुजी महाराज को धोक लगाने के लिए यहां लोग आते हैं। यहां हर साल बहुत बड़े मेले का आयोजन होता है, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी मन्नत मांगने आते है। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष पर भैरूजी वार्षिक मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु खुटानी में विराजमान भेरुजी महाराज के दरबार में अपनी मनौतिया लेकर पहुंचते है। भेरुजी महाराज के चमत्कार ऐसे हैं की दर्शन मात्र से ही भक्तों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। भैरव बाबा की पवित्र जोहड़ी में श्रद्धालु स्नान करते हुए अपने पुराने से पुराने रोगो से मुक्ति पाते हैं। यहां दरबार में नव विवाहित जोड़े गठजोड़े की जात देते हैं यहां अपने बच्चों के जात जडूलै भी उतारते हैं।

# मोबाइल वैन को दिखाई हरी झंडी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाली के निर्देशानुसार मोबाइल वैन द्वारा विधिक जागरूकता व विधिक सेवा का प्रचार प्रसार करने हेतु तालुका विधिक सेवा समिति, देसूरी के न्याय क्षेत्र में देसूरी से नारलाई, नाडोल, विगरला, वरकाणा, बिजोवा, रानी, मुंडारा, सादड़ी, सुथारों का गुड़ा, घाणेराव, देसूरी एवं देसूरी से लाम्पी, सुमेर, गांथी, डायलाना खुर्द, डायलाना कला, कैसूली, निप्पल, पनौता, सांसरी, देसूरी के लिए तालुका अध्यक्ष, श्रीमान ललित डाबी (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के द्वारा हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वैन को रवाना किया। जिसके दौरान बाल विवाह रोकथाम, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन, बाल श्रम, राष्ट्रीय लोक अदालत, नालसा टॉल फ्री नंबर 15100, निःशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में जानकारी दी।



# दहिया का राजस्थान सचिवालय की खो-खो टीम में चयन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** रमेश दहिया किशनपुरा का राजस्थान सचिवालय की खो-खो टीम में चयन होने तथा 21 मार्च से 25 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आल इंडिया सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट में राजस्थान सचिवालय की टीम से प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके चयन से किशनपुरा गांव के सभी साथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। दहिया वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटडी में अध्यापक पद पर कार्यरत है। कोटडी विद्यालय में संस्थाप्रधान अशोक कुमार घावरी, व्याख्याता ताराचंद, शोभा कंवर, लक्ष्मण सिंह सोलंकी, वरिष्ठ अध्यापक मोहनलाल मेघवाल, अध्यापक शंकरलाल, मगाराम, मेघाराम द्वारा स्वागत किया गया।

# मोरी गांव में देवासी समाज बाली परगना प्रथम रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

**नारलाई।** उपखंड बाली क्षेत्र में मोरी गांव में छोटे-छोटे गांव के खिलाड़ियों के माध्यम से कबड्डी जैसे खेल का उत्पत्ति हुई है। देवासी समाज बाली परगना के प्रथम कबड्डी रात्रिकालीन प्रतियोगिता हुई। समस्त के सहयोग से एक दिवसीय रात्रिकालीन शानदार यह दूसरी बार होने जा रहा है।

हर वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि-(ग्राम पंचायत) दूदनी अतिथि सरपंच



रम्बा देवासी, सरपंच प्रतिनिधि करण देवासी, भगवानसिंह राणावत, वार्डपंच सुकी देवी सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति में देवासी समाज बाली परगना प्रथम रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मोरी सरपंच प्रतिनिधि करण देवासी ने बताया इस प्रतियोगिता में बाली परगना की कुल 16 टीम खेल रही है और यह प्रतियोगिता तीन दिन चलेगी। 20 मार्च को समापन होगा समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थे।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**कार्यालय सहा. आयुक्त, डी वॉर्ड कार्यालय बिल्डींग, 2 रा तल, जोबनपुत्रा कंपाउंड, नाना चौक, ग्रांट रोड (प), मुंबई 400007**
**फोन नं. (कार्यालय ) 23861426/27/28 ई-मेल: pco@mcgm.gov.in**
**नं. पीसीओ/डी/1396/ई, दिनांक 19.03.2025**

**सूचना**

173 दिनों हेतु अर्थात 07 माह के लिए डी वॉर्ड में एंटीवायरल प्रक्रिया शुद्धि करण एवं मच्छर नियंत्रण एवं रोडेंट कंट्रोल आदि जैसी गतिविधियों हेतु 30 स्वयंसेवकों के प्रदाय के लिए पंजीकृत सहकारी/ बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित है।

इच्छुक संस्थाएं एम.सी.जी.एम. पोर्टल **http://portal.mcgm.gov.in** से आवेदन डाउनलोड कर सकते है या कार्यालय पेस्ट कंट्रोल अधिकारी,कमरा नं. 106, प्रथम तल, डी वॉर्ड कार्यालय भवन, जोबनपुत्रा कंपाउंड, नाना चौक, ग्रांड रोड (प), मुंबई 400007, फोन नं. (कार्यालय) 2386126/27/28 विस्तार 330/331 से संपर्क करें)।

कार्यालय पेस्ट कंट्रोल अधिकारी में आवेदन जमा करने की दिनांक कार्यकारी दिवसों में दिनांक **25.03.2025** को **शाम 4.00** बजे तक है।

हस्ता. 19.03.2025
सहायक आयुक्त, डी वॉर्ड

PRO/2862/ADV/2024-25

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।


### राजस्थान कांग्रेस की बाली में अहम बैठक

# कांग्रेस संगठन मजबूत हैं मजबूत रहेगा : सिसोदिया



**बाली।** बाली विधानसभा कांग्रेस पर्यवेक्षक देवीसिंह सिसोदिया पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ पूर्व सांसद प्रत्याक्षी संगीता बेनीवाल जिलाध्यक्ष अजीज दर्द का फालना पहुंचने पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सैन के सानिध्य में कार्यकत्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 36 कौम की जनहितेषी पार्टी हैं। आने वाला समय कांग्रेस का होगा।

वर्तमान डबल इंजिन की सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त हैं मंहगाई बेरोजगारी अपनी चरम सीमा तक पहुंच चुकी है लेकिन जनता से खोखले भ्रमित वादा खिलाफ कर सत्ता में आई सरकार की कथनी एवं करनी में फर्क हैं। इसका जवाब आने वाले पंचायत राज चुनावों में दिया जाएगा। आज का युवा बेरोजगारी को लेकर निराश हो चूका है। केन्द्र एवं राज्य की सरकारे सिर्फ खोखले वादे कर जनता को भ्रमित कर सत्ता में आने के बाद कोई विकासशील योजनाएं देखने को नहीं मिलने से जनता निराश हैं। कांग्रेस राज की जनहितेषी कल्याणकारी योजनाओं से आमजन खुश थे। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रतिपक्ष नेता भरत चौधरी, सुरेश राजपुरोहित बारवा, पार्षद श्रीपालसिंह, पूर्व पार्षद दलपतगिरी गोस्वामी, हैप्पी मेवाड़ा, उत्तमसिंह देवड़ा, दीपसिंह चौहान, अकरम कुरैशी, सलीम कुरैशी, प्रवीण चौधरी, संभव मरलेचा, हुकमाराम सरगरा, मोहन मैंशन, इरफान खान, पुष्करसिंह, फकीर मोहम्मद सहित कई युवा एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नेताओं को कार्यकर्ताओं के हर सुख दुःख में साथ खड़े रहना होगा : अभिमन्यु सिंह

**बाली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर बाली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। चेतन बालाजी भाटूंद में हुई इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित ने की। पाली लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व राज्य मंत्री संगीता बेनीवाल ने स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने की बात कही। बाली विधानसभा प्रत्याशी और पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ ने कार्यकर्ताओं को नए सिरे से काम करने का आह्वान किया। प्रदेश सचिव डिंपल राठौड़ ने संगठन विस्तार की रूपरेखा प्रस्तुत की। ठाकुर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि हमे कार्यकर्ताओं के लिए हर दुःख सुख में साथ खड़ा होना है। समय-समय पर कार्यकर्ताओं को संभाल कर मजबूती प्रदान करनी है। ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह ने हर गांव और पंचायत तक पहुंचने का संकल्प लिया। बाली विधानसभा प्रभारी सिसोदिया ने बूथ और मंडल स्तर पर नई कार्यकारिणी बनाने की घोषणा की। पाली जिला अध्यक्ष अजीत दर्द सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में कैलाश गरासिया, रतन नामलिया, प्रवीण सिंह, मुकेश अग्रवाल और महेंद्र सिंह बीजापुर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी नेताओं का पारंपरिक माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शक्ति सिंह करनोत ने मंच का संचालन किया। बैठक का माहौल शांतिपूर्ण और सकारात्मक रहा। इस दौरान- पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अर्जुन सिंह बेड़ा, फालना नगर अध्यक्ष अशोक सेन, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मनमोहन मेघवाल, थानाराम प्रजापत, भारत चौधरी, सोहन बारूपाल, राजेंद्र कुमार मेघवाल, चुन्नीलाल गरासिया, अरुण त्रिवेदी, सिराज मेहमान, याकूब मोयला, हंसराम गरासिया, हितेश मेवाड़ा, मदन गरासिया, प्रवीण चौधरी, विक्रम सिंह बेड़ा, महेंद्र सिंह बेड़ा, शाहिद सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।




## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

के.ई.एम. हॉस्पिटल, परेल
नं. केईएमएच/6706/एईएमई दि. 19.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | केईएम हॉस्पिटल विभाग |
| विषय | 1) केईएम हॉस्पिटल में विभिन्न विभागों में बहुआयामी फर्निनिशिंग कार्य। बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1162625 |
| | 2) केईएम हॉस्पिटल में यूजीपीजी होस्टल एवं स्ट्राँग रूम में विभिन्न कार्यों का संचालन। बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1162627 |
| | 3) केईएम हॉस्पिटल में विभिन्न विविध हॉस्पिटल उपकरणों का संधारण एवं सर्विसिंग। बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1162628 |
| | 4) केईएम हॉस्पिटल में न्यूरोपैथलॉजी लैबोरेटरी एवं हिरकणी कक्ष में उन्नतिकरण एवं फर्निशिंग तथा अन्य सहायक कार्य। बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1162634 |
| | 5) केईएम हॉस्पिटल में प्रशासनिक कार्यालय में विभिन्न अकांउंडटर कार्य। बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1162622 |
| बोली विक्रय का समापन | दिनांक 20.03.2025 को 16.00 बजे से दिनांक 27.03.2025 को 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| ए) संपर्क अधिकारी | सहा. अभियंता (एम एंड ई) केईएम |
| बी) नाम | श्रीमती मनिषा जाधव/श्री केतन गावडे |
| सी) फोन नं. | 022-24107768/7457 |
| डी) ई-मेल आईडी | ae02me.kem@mcgm.gov.in |

PRO/2868/ADV/2024-25

सहायक अभियंता (एम एंड ई)
के.ई.एम. हॉस्पिटल

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# बदल गया तीसरे टी20 मैच का समय



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की टीम इन दिनों न्यूजीलैंड के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के दो मैच खेले जा चुके हैं और दोनों ही मैचों में पाकिस्तान को करारी हार का सामना करना पड़ा है। अब सीरीज का तीसरा मैच 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। जिसका समय अब बदल चुका है। अभी तक सीरीज के शुरुआती दोनों मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6:45 बजे से खेले गए थे। टी20 सीरीज का तीसरा मैच 21 मार्च को खेला जाएगा। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 11:45 बजे शुरू होगा। यानी अब तीसरा मैच पांच घंटे की देरी से शुरू होगा। इसके अलावा सीरीज के चौथे और पांचवें मैच भी इसी समय पर खेले जाएंगे। भारत में अगर आप पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड का मैच देखना चाहते है तो स्टार स्पोर्ट्स पर नहीं, बल्कि सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। इसके अलावा मैच की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप पर होगी। इस टी20 सीरीज में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमें नए-नए कप्तान के साथ खेल रही है।

आईपीएल 2025

# हार्दिक नहीं सूर्यकुमार होंगे मुंबई इंडियंस के कप्तान



नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। मुंबई इंडियंस अपने अभियान की शुरुआत 23 मार्च से करेगी, जहां उसका सामना सीएसके से होगा। पहले मैच में हार्दिक पांड्या नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह सूर्यकुमार यादव को कप्तानी सौंपी गई है। वह पहले मैच में सीएसके के खिलाफ कप्तानी करेंगे। इसका ऐलान खुद हार्दिक पांड्या ने 19 मार्च को आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया है।



## हार्दिक पांड्या पर एक मैच का बैन

हार्दिक पांड्या पर स्लो ओवर रेट के तहत एक मैच का बैन है। ऐसे में वह सीएसके के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में मुंबई के नियामित कप्तान हार्दिक पांड्या ने 19 मार्च को आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान करते हुए बताया कि पहले मैच में सूर्यकुमार यादव ही मुंबई की कप्तानी करेंगे।

## जसप्रीत बुमराह भी बाहर

सीएसके के खिलाफ होने वाले मैच के लिए जसप्रीत बुमराह भी भाग नहीं लेंगे। क्योंकि बुमराह चोटिल चल रहे हैं। इसका खुलासा खुद हार्दिक ने किया है। सीएसके के खिलाफ मैच में मुंबई के दो बड़े स्टार भाग नहीं ले पाएंगे। ये टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जस्सी को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आखिरी मैच में चोट लगी थी।

**आईपीएल 2025 के लिए मुंबई इंडियंस का स्क्वॉड**

हार्दिक पांड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, जसप्रीत बुमराह, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेलटन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक, मिचेल सेंटनर, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपली, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, वेंकट सत्यनारायण राजू, मुजीब-उर-रहमान, कॉर्बिन बॉश।

# 'हर महीने 60 लाख मिलते हैं... उसका कॉन्ट्रैक्ट रद्द करो...'

**नई दिल्ली।** बात जब पाकिस्तानी क्रिकेट की हो तो ड्रामा खत्म होने का नाम नहीं लेता है। करीब तीन दशक बाद आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन करने वाले पाकिस्तान, लीग स्टेज से ही बाहर हो गया। ऐसे में टीम की काफी आलोचना हुई। कई दिग्गजों ने इसको लेकर अपनी भड़ास निकाली। वहीं अभी पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के ठीक बाद हो रही इस सीरीज के लिए मोहम्मद रिज़वान समेत कई दिग्गजों को मौका नहीं दिया गया है। ऐसे में यह उम्मीद थी कि पाकिस्तानी कप्तान नेशनल टी20 कप में खेलते हुए नजर आएंगे। लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तानी कप्तान ने पीसीबी के टूर्नामेंट में खेलने के बजाए, एक क्लब क्रिकेट खेलने का फैसला लिया। रिजवान के इस कदम की आलोचना हो रही है।

## मोहम्मद रिज़वान पर लगे पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड के अपमान के आरोप

- मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में पाकिस्तान की हार के बाद बोलते हुए, सिकंदर बख्त ने कहा कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी पीसीबी के कर्मचारी हैं इसलिए उन्हें बोर्ड द्वारा आयोजित सभी टूर्नामेंटों के लिए उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मोहसिन नकवी से अपने तौर-तरीकों में थोड़ा सख्त होने और अपराधियों पर कठोर दंड लागू करने का भी आग्रह किया।
- जियो सुपर से बात करते हुए सिकंदर बख्त ने कहा, वे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कर्मचारी हैं। उन्हें प्रति माह 60 लाख मिलते हैं, इसलिए उन्हें उन टूर्नामेंटों में खेलना चाहिए जो पीसीबी आयोजित कर रहा है। सारा दोष पीसीबी पर है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि खिलाड़ी उपलब्ध हैं। यदि आप क्लब क्रिकेट खेल रहे हैं और बोर्ड द्वारा आयोजित टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आप पीसीबी का अपमान कर रहे हैं।
- सिकंदर ने आगे कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए मोहसिन नकवी को सख्त होने की जरूरत है। वह एक विनम्र व्यक्ति के रूप में सामने आते हैं, लेकिन उन्हें अपने तरीके बदलने की जरूरत है। आपको पूछना होगा कि क्या हो रहा है सख्त रहें। उनके केंद्रीय अनुबंध बंद करें।
- बता दें, चैंपियंस ट्रॉफी में रिज़वान के नेतृत्व में पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा।



# IPL या PSL? चैंपियन बनने के बाद छप्परफाड़ पैसों की बारिश

**नई दिल्ली। भारत की प्रतिष्ठित इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान में खेले जाने वाली पाकिस्तान सुपर लीग दुनिया की दो सबसे लोकप्रिय टी20 क्रिकेट लीग में से एक हैं। इन दोनों ही लीग की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। दुनिया भर के लाखों क्रिकेट प्रेमी इसे पसंद करते हैं। इन दोनों लीगों की अपनी कुछ खूबियां भी हैं। सबसे बड़ा अंतर जो इन दोनों लीगों में है, वो है चैंपियन टीम को दी जाने वाली पुरस्कार राशि। वित्तीय पुरस्कार राशि ही दोनों लीगों के संचालन और पैमाने को दुनिया भर में मशहूर बना देती है। आईपीएल में जहां खिलाड़ियों के ऊपर छप्परफाड़ पैसों की बारिश होती है। वहीं पीएसएल में पैसों की साफ तंगी नजर आती है।**



### पाकिस्तान सुपर लीग

- पाकिस्तान सुपर लीग का आगाज साल 2016 में हुआ था। आईपीएल के बजाय पीएसएल का मार्केट अभी काफी छोटा है। यहां खुली नीलामी के बजाय ड्राफ्ट पद्धति के जरिए खिलाड़ियों का चुनाव किया जाता है।
- पीएसएल में पांच श्रेणियां होती हैं। जिसमें प्लैटिनम (2.3 करोड़), डायमंड (1.15 करोड़), गोल्ड (82 लाख), सिल्वर (41 लाख) और इमर्जिंग (16 लाख) श्रेणियों के तहत खिलाड़ियों को धनराशि प्रदान की जाती है।
- शुरूआती सालों में जरुर पीएसएल को कुछ खास पहचान नहीं मिली थी, लेकिन धीरे-धीरे इसकी सफलता में चार चांद लग रहे हैं।

### इंडियन प्रीमियर लीग

2008 से खेली जा रही इंडियन प्रीमियर लीग मौजूदा समय में दुनिया की सबसे धनी और देखी जाने वाली टी20 प्रतियोगिता है। भारी भरकम बजट होने की वजह से खिलाड़ियों के साथ-साथ टीमों को बेजोड़ वित्तीय लाभ प्राप्त होते हैं।

- साल 2018 से खिताब जीतने वाली टीम को पुरस्कार राशि के रूप में 20 करोड़ रुपए प्रदान किए जाते हैं। पिछले बार यानी कि साल 2024 में चैंपियन बनने वाली टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को 20 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई थी।
- वहीं पिछले साल उपविजेता रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 13 करोड़ रुपए की धनराशि सौंपी गई थी। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को भी क्रमशः सात करोड़ और 6.5 करोड़ रुपए की अच्छी खासी धनराशि हासिल हुई थी।
- यही नहीं आईपीएल में शिरकत करने वाले खिलाड़ियों को भी काफी मोटे अनुबंध हासिल होते हैं।

# अफ्रीकी क्रिकेटर ने पीसीबी को दिखाया आईना

## पीएसएल छोड़ आईपीएल खेलने की वजह बताई



**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग को छोड़ने जैसा बड़ा फैसला करने वाले साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने अपने फैसले के पीछे की वजह बताई है। दरअसल कॉर्बिन बॉश ने साफ-साफ ये कह दिया है कि पाकिस्तान की सुपर लीग में खेलने से उन्हें वो भविष्य नहीं मिल सकता था जिसकी चाहत बतौर प्रोफेशनल क्रिकेटर वो रखते हैं। वहीं आईपीएल की मुंबई इंडियंस फ्रैंचाइज़ी और पीएसएल की पेशावर ज़ालमी फ्रैंचाइज़ी की भी किसी भी स्तर पर तुलना नहीं की जा सकती। दरअसल पीएसएल ने अपने प्लेयर ड्राफ्ट के दौरान कॉर्बिन बॉश को डायमंड कैटेगरी में पेशावर जाल्मी ने अपनी टीम में शामिल किया था। लेकिन जब बॉश ने आईपीएल में खेलने के लिए मुंबई इंडियंस से पेशकश की गई तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट पीएसएल से हटने का फैसला कर लिया।**

- रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉश ने पीसीबी को भेजे अपने जवाब में कहा है कि, 'मुंबई इंडियंस जैसी मजबूत आईपीएल टीम के साथ खेलने से मेरे करियर को काफी फायदा होगा। मुंबई इंडियंस के पास अन्य लीगों में भी फ्रेंचाइजी हैं, जो मेरे करियर के लिए फायदेमंद हो सकती है। आईपीएल में खेलना भी इसी प्राथमिकता का हिस्सा है।
- यहां गौर करने वाली बात ये है कि मार्च महीने की ही शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग की मुंबई इंडियंस फ्रैंचाइज़ी ने साउथ अफ्रीका के ही लिजाद विलियम्स के चोटिल होने पर कॉर्बिन बॉश को अपनी टीम में बतौर रिप्लेसमेंट शामिल करने का ऐलान किया था। जिसे पीसीबी ने गलत बताते हुए आपत्ति जताई थी।
- आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी ट्वेंटी-20 लीग है जिसकी शुरुआत 2008 में हुई थी। जबकि पीएसएल की शुरूआत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2016 में की थी।
- वैसे 2016 के बाद ये पहला मौका है जब पीएसएल और आईपीएल का आयोजन एक-दूसरे के शेड्यूल से टकरा रहा है।

# म नो रं ज न



# आईपीएल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में चार चांद लगाएंगे शाहरुख, सलमान और प्रियंका

आईपीएल 2025 का उद्घाटन इवेंट धमाकेदार तरीके से शुरू होने वाला है। जिसमें शाहरुख खान, प्रियंका चोपड़ा और सलमान खान जैसे बड़े बड़े सेलिब्रेटीज के शामिल होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक ये शानदार इवेंट आईपीएल के 18वें सीजन के आगाज का तड़कता भड़कता अंदाज होगा। जिसमें क्रिकेट और एंटरटेनमेंट का शानदार कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा। सलमान खान इस मौके पर अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' मूवी का प्रमोशन भी करते नजर आएंगे। चलिए जानते हैं इस रंगारंग आगाज के साथ और क्या-क्या होगा इस इवेंट में खास। आईपीएल 2025 का इनॉग्रेशन इवेंट 22 मार्च को शाम छह बजे होगा। इसके ठीक पहले आईपीएल का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। ये इवेंट कोलकाता के प्रसिद्ध ईडन गार्डन्स स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जो आईपीएल सीजन की शुरुआत के लिए एक शानदार स्थान भी माना जाता है। आईपीएल के इस सीजन में 74 मैच होंगे और ये 25 मई तक चलेगा।



# जब इस गंभीर समस्या से जूझ रहे थे ऋतिक रोशन, खुद को बाथरूम में कर लिया था बंद



ऋतिक रोशन हिंदी सिनेमा के बड़े सितारे हैं। 'ग्रीक गॉड' अपनी जबरदस्त एक्टिंग और डांस से फैंस को इंप्रेस करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एक्टर ने अपनी फिल्म कहो ना...प्यार है, वॉर, कृष और धूम 2 जैसी फ़िल्मों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि एक्टर हकलाने की समस्या से जूझ रहे थे? ऋतिक के पिता राकेश रोशन ने हाल ही में बताया कि कैसे उनके बेटे ने हकलाने की वजह से खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था। राकेश रोशन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे ऋतिक ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था, क्योंकि उन्हें धन्यवाद, दुबई कहना मुश्किल लगता था। राकेश ने बताया कि उनका बेटा हमेशा से ही उच्च शिक्षित और बुद्धिमान था, लेकिन हकलाने की समस्या के कारण वह हमेशा खुद को रोक लेता था। राकेश ने कहा, मुझे बुरा लगता था कि उसके पास बोलने के लिए बहुत कुछ होता था, फिर भी वह हकलाने की वजह से हिचकिचाता था। वह 'डी' पर अटक जाता था। वह उस वाक्य को सीखने के लिए खुद को बाथरूम में बंद कर लेता था। उसने खुद पर बहुत मेहनत की। अब वह पिछले 10-12 सालों से हकलाता नहीं है। राकेश ने इंटरव्यू में आगे बताया कि कैसे ऋतिक हमेशा अपनी हकलाने की समस्या को सुधारने के लिए दृढ़ संकल्पित थे।

# सिकंदर को लेकर बड़ा सीक्रेट रिवील

'सिकंदर' की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है, फैन्स के दिलों की धड़कने बढ़ती जा रही हैं। फिल्म के डायरेक्टर ए.आर.मुरुगादॉस हैं और फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और रश्मिका मंदाना है। फिल्म का एक्शन से भरा टीजर और जबरदस्त गाने पहले ही लोगों को काफी पसंद आ चुके हैं। अब सबकी नजरें इसके मच अवेटेड ट्रेलर पर टिकी हैं। इसी बीच, डायरेक्टर ए.आर.मुरुगादॉस ने फिल्म से जुड़ी कुछ मजेदार बातें शेयर की हैं, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। फिल्म के डायरेक्टर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म में कुछ सरप्राइज पैकेज रहने वाला है। जब ए.आर.मुरुगादॉस से पूछा गया कि जैसे गजनी में एक्शन के साथ-साथ इमोशनल कनेक्शन भी था, क्या सिकंदर में भी ऐसी ही गहराई देखने को मिलेगी? इस पर डायरेक्टर ने कहा, 'हां, बिल्कुल। ये सिर्फ एक मास एंटरटेनर फिल्म नहीं है, इसमें फैमिली इमोशन्स बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। गजनी में बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड की लव स्टोरी थी, लेकिन सिकंदर पति-पत्नी के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें दिखाया जाएगा कि आजकल फैमिली कैसे काम करती है, कपल्स एक-दूसरे के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और हम अपनी रिलेशनशिप में क्या मिस कर रहे हैं। ये फिल्म का एक बड़ा हाइलाइट होगा। गजनी को लोगों ने एक साइको थ्रिलर के तौर पर देखा, लेकिन आमिर और असिन की लव स्टोरी ने सभी को सरप्राइज किया। इसी तरह, यहां भी एक लव एंगल है, जो ऑडियंस को इमोशनली टच करेगा।' मुरुगादॉस ने बताया कि सिकंदर को खास क्या बनाता है। उन्होंने कहा, 'ये फिल्म सलमान सर के करियर की एक अहम फिल्म होगी। ये सिर्फ एक ईद एंटरटेनर नहीं है—इसमें एक्शन, इमोशन और मास अपील का जबरदस्त मिक्स है, जो हर तरह के दर्शकों से जुड़ पाएगा।



# नेटफ्लिक्स इंडिया पर डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने बोला हमला



बॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने हाल ही में नेटफ्लिक्स इंडिया की काम करने के तरीके पर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार के लिए कंटेंट सेलेक्ट करने में ओटीटी प्लेटफॉर्म दोगलापन दिखा रहा है। अनुराग ने ब्रिटिश वेब सीरीज एडोलसेंस की तारीफ करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और बताया कि भारतीय फिल्ममेकर्स को इतनी आजादी क्यों नहीं दी जाती। बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुराग कश्यप ने एडोलसेंस को लेकर लिखा कि वो इसे देखकर हैरान रह गए हैं और उन्हें इस शो से जलन हो रही है।

उन्होंने शो के बाल कलाकार ओवेन कूपर और एक्टर स्टीफन ग्राहम की शानदार परफॉर्मेंस की तारीफ की। अनुराग ने कहा कि शो के हर एपिसोड को एक ही टेक में शूट किया गया है, जिससे पता चलता है कि इसमें कितनी मेहनत लगी होगी। पोस्ट के कमेंट सेक्शन में अनुराग ने नेटफ्लिक्स के सीईओ टेड सरांडोस और चीफ कंटेंट ऑफिसर बेला बजरिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने नेटफ्लिक्स इंडिया को बेतुके फैसले लेने वाला प्लेटफॉर्म कहा। अनुराग ने लिखा कि अगर एडोलसेंस जैसी कोई कहानी भारत में नेटफ्लिक्स को ऑफर की जाती, तो वो इसे नकार देते या फिर इसे एक 90 मिनट की फिल्म में तब्दील कर देते। उन्होंने कहा कि नेटफ्लिक्स इंडिया के अपल लेवल के लोगों के पास न तो हिम्मत है और न ही विजन, जिससे अच्छे कंटेंट को पहचान सकें।

# ऐश्वर्या राय बच्चन सोशल मीडिया पर क्यों हुईं भावुक?

ऐश्वर्या राय बच्चन सोशल मीडिया पर बेहद ही कम एक्टिव नजर आती हैं। बच्चन बहू का इंस्टाग्राम हैंडल उनकी फैमिली को डेडिकेटेड है। अब ऐश्वर्या अपनी खूबसूरत तस्वीरें कम ही इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं और न ही स्टोरी पर कुछ शेयर करती हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट ही रखना चाहती हैं। वहीं, अब एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया है और कुछ भावुक कर देने वाली तस्वीरें अपलोड की हैं।

आज ऐश्वर्या राय बच्चन काफी इमोशनल लग रही हैं। एक्ट्रेस को क्या हुआ है? वो अचानक भावुक क्यों हो गईं? ये भी जान लेते हैं। दरअसल, आज ऐश्वर्या के पिता कृष्णराज राय की पुण्यतिथि है। ऐश्वर्या अपने पिता के बेहद करीब थीं। वो आज तक अपने पिता को भुला नहीं पाई हैं। उनके हर जन्मदिन और पुण्यतिथि पर वो हर साल उन्हें याद करती हैं। बता दें, आठ साल पहले ऐश्वर्या के पिता कृष्णराज राय का निधन हुआ था। ऐसे में अब पुण्यतिथि के मौके पर एक्ट्रेस ने तीन तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में दीवार पर लगी एक्ट्रेस के पिता की फोटो नजर आ रही है, जिस पर दो माला टंगी हुई हैं। इसके बाद अगली तस्वीर में आराध्या बच्चन अपने नाना की तस्वीर से आशीर्वाद लेती हुई नजर आ रही हैं। आखिरी फोटो बेहद इमोशनल है क्योंकि इसमें ऐश्वर्या इमोशनल दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए ऐश्वर्या ने कैप्शन में लिखा, 'मैं हमेशा आपसे प्यार करती हूं सबसे प्यारे डैडी-अज्जा। हमेशा आपके सभी प्यार भरे आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।' अब इस पोस्ट को देखकर फैंस ऐश्वर्या और उनकी बेटी आराध्या के संस्कारों की तारीफ कर रहे हैं। साथ ही उनसे ये भी गुजारिश कर रहे हैं कि बार-बार एक ही तस्वीर पोस्ट करने की जगह वो कुछ नया शेयर करें। वहीं ज्यादातर यूजर्स इस पोस्ट पर ओम शांति कमेंट कर रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यमंत्री आशीष शेलार की घोषणा

# वाजपेयी के नाम पर भाषा शिखर सम्मान

## महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के पुरस्कारों का वितरण समारोह




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी जल्द ही भारतरत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विशेष भाषा शिखर साहित्य सम्मान प्रदान करेगी। यह सम्मान हिंदी साहित्य में अतुलनीय योगदान देने वाले मूर्धन्य साहित्यकार को प्रदान किया जायेगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा महाराष्ट्र सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए की। यह समारोह मुंबई के बांद्रा स्थित रंग शारदा सभागार में हुआ, जिसमें वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कार वितरित किये गये।

### प्रदेश सरकार मराठी-हिंदी संवर्धन को प्रतिबद्ध




▪ महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि महाराष्ट्र की भूमि मराठी के साथ-साथ हिंदी साहित्य और भाषा के संवर्धन के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र देश का केवल एकमेव ऐसा राज्य है, जहां दस भाषाओं की अकादमियां सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इन सभी भाषाओं के संवर्धन हेतु महाराष्ट्र सरकार अधिकाधिक प्रयास करती दिखेगी। शेलार ने कहा कि भाषा समाज को जोड़ने और संस्कारों के संवर्धन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए अच्छे बाल साहित्य की निर्मिती पर अधिक ज़ोर दिया जाना चाहिये, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी भी छत्रपति संभाजी राजे और तारा रानी जैसे महानायकों तथा भारत की समृद्ध एवं अनमोल धरोहर से परिचित हो सके।

### कार्याध्यक्ष डॉ. दुबे ने जताया आभार

इस अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे ने अकादमी की विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में कुल 46 साहित्यकारों को सम्मानित किया जा रहा है और विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि इस साल से विभिन्न पुरस्कारों की राशि दो गुना कर दी गई है। इसके फलस्वरूप सर्वोच्च पुरस्कार दो लाख रुपये का दिया जा रहा है। कार्याध्यक्ष डॉ. दुबे ने पुरस्कार राशि में इस उल्लेखनीय बढ़ोतरी के लिए महाराष्ट्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

### इनको मिला सम्मान

▪ इस वर्ष अखिल भारतीय सम्मान जीवन गौरव पुरस्कारों में 'महाराष्ट्र भारती अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार' के लिए सुप्रसिद्ध साहित्यकार रामकृष्ण सहस्त्रबुद्धे तथा 'डॉ. राम मनोहर त्रिपाठी अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार' के लिए सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. (डॉ.) श्रीराम परिहार को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय सम्मान जीवन गौरव पुरस्कारों के अंतर्गत 'छत्रपति शिवाजी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' राजेश कुमार मिश्र उर्फ राजेश विक्रांत को, 'साने गुरुजी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' ऋषिकुमार मिश्र को, 'पद्मश्री अनंत गोपाल शेवडे हिंदी सेवा पुरस्कार' डॉ. संजय सिंह को, 'डॉ. उषा मेहता हिंदी सेवा पुरस्कार' डॉ. सुष्मिता भट्टाचार्य को, 'गजानन माधव मुक्तिबोध मराठी भाषी हिंदी लेखक पुरस्कार' प्रो (डॉ.) विजयकुमार रोडे को, 'कांतिलाल जोशी इतर हिंदी भाषी हिंदी लेखक पुरस्कार' गीता माणेक को, 'व्ही. शांताराम ललित कला हिंदी विशिष्ट सेवा पुरस्कार' अखिलेंद्र मिश्र को तथा 'सुब्रमण्य भारती हिंदी सेतु विशिष्ट सेवा पुरस्कार' शीला डोंगरे को प्रदान किया गया। इनके अलावा अकादमी के 14 विधा पुरस्कारों के अंतर्गत कुल 36 साहित्यकारों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किये गये। आईपीएस अधिकारी कृष्ण प्रकाश और उद्योगपति राजेंद्र सिंह को भी उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक कृतियों के लिए सम्मानित किया गया।




### इनकी रही उपस्थिति

इस समारोह में मंच पर सांस्कृतिक कार्य मंत्री और कार्याध्यक्ष के अलावा महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी की उपाध्यक्षा डॉ. श्रीमती मंजू लोढ़ा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधाकर मिश्र, फिल्म सिटी के पूर्व उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र, वरिष्ठ आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली और वरिष्ठ पत्रकार विमल मिश्र उपस्थित थे। सभागार में महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के सभी सदस्यों और पुरस्कार विजेताओं के परिजनों सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी शामिल हुए। समारोह का सुरुचिपूर्ण सूत्र संचालन वरिष्ठ मंच संचालक आनंद प्रकाश सिंह और वरिष्ठ टीवी पत्रकार प्रसाद काथे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंत में अकादमी के सदस्य सचिव और सह निदेशक सचिन निंबालकर ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री का मुंबई में स्वागत

# मुख्यमंत्री ने की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा



**मुंबई।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत दौरे पर हैं। अपने इस दौरे के दौरान वह बुधवार को मुंबई पहुंचे, जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया। यह जानकारी सीएम फडणवीस ने दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "न्यूजीलैंड के माननीय प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन का मुंबई और महाराष्ट्र में दिल से स्वागत करते हैं! माननीय प्रधानमंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल से मिलना और बातचीत करना सौभाग्य की बात थी। हमारी चर्चाएं व्यावहारिक और दूरदर्शी दोनों ही थीं, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख क्षेत्रों में गहन सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। माननीय प्रधानमंत्री लक्सन को मुंबई में शानदार प्रवास की शुभकामनाएं!" बता दें कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन रविवार से पांच दिन की यात्रा पर भारत में हैं। पदभार संभालने के बाद उनकी यह पहली आधिकारिक यात्रा है। 20 मार्च तक चलने वाली पांच दिवसीय यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर है। पीएम लक्सन की यात्रा का उद्देश्य भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक संबंधों को मजबूत करना है, तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। प्रधानमंत्री लक्सन की इस यात्रा को भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच सहयोग को नए आयाम देने की उम्मीद जताई जा रही है।

राजस्थान दिवस : विभिन्न वर्ग होंगे लाभान्वित

# युवा और महिला वर्ग को राज्य सरकार देगी विभिन्न सौगातें : भजनलाल शर्मा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आगामी राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को लेकर राज्य सरकार बड़े स्तर पर प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुशासन के जरिए विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवा, किसान, महिला और गरीब वर्ग को विभिन्न सौगातें देगी।

### रोजगार उत्सव में युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान के युवाओं के सरकारी नौकरियों में रोजगार के सपने को साकार करते हुए रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कील नीति व युवा नीति भी लायी जाएगी, जिससे युवाओं के सपने साकार हो सकेंगे। सभी

### विभिन्न योजनाओं के लाभ से महिलाओं को होगा सशक्तीकरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से अहम निर्णय ले रही है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में महिला वर्ग को भी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत डीबीटी की जाएगी तथा महिला समूह को सी.आई.एफ राशि का हस्तांतरण भी किया जाएगा। साथ ही, विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के तहत राशि हस्तांतरण एवं कालीबाई भील योजना के अंतर्गत स्कूटी वितरण किया जाएगा।

भारत का नीदरलैंड्स से समझौता

# पाकिस्तान को नहीं देंगे हथियार

**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नीदरलैंड्स के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकलमेन्स से मुलाकात की। खबर है कि दोनों देशों की चर्चा में पाकिस्तान का मुद्दा भी उठा है। कहा जा रहा है कि भारत ने नीदरलैंड्स से पाकिस्तान को हथियार नहीं देने के लिए कहा है। सिंह ने ब्रेकलमेन्स से कहा है कि पाकिस्तान को रक्षा उपकरण और तकनीक देना दक्षिण एशिया में 'क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करता है।' 'सिंह ने कहा है कि भारत दशकों से जम्मू और कश्मीर और अन्य जगहों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ रहा है।' सिंह ने कहा, 'भारत सभी मित्र देशों से कहता है कि दूसरे देशों में आतंकवाद फैलाने की उसकी नीति के चलते उन्हें पाकिस्तान को किसी भी तरह से हथियार नहीं देने चाहिए।' रिपोर्ट के मुताबिक, नीदरलैंड्स ने दो एल्कमार क्लास माइन काउंटर नौकाएं या माइन हंटर्स सप्लाई किए हैं।

नौकरी के बदले जमीन घोटाला

# ईडी के समक्ष पेश हुए लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद कथित 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले की जांच के सिलसिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीमार लालू प्रसाद (76) सुबह करीब 10.30 बजे पटना के बैंक रोड स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे, जहां करीब चार घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। इसके बाद लालू वहां से अपने आवास लौट गए। लालू की सबसे बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र से राजद सांसद मीसा भारती इस दौरान अपने पिता के साथ थीं। ईडी के कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर बड़ी संख्या में राजद के कार्यकर्ता एकत्र हुए और लालू प्रसाद के समर्थन में नारेबाजी की। अपनी हाजिरजवाबी के लिए मशहूर लालू प्रसाद ने संवाददाताओं के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया और अपनी कार के अंदर से ही चुपचाप हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। इससे पहले, लालू की पत्नी राबड़ी देवी और बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से मंगलवार को ईडी ने करीब चार घंटे तक पूछताछ की थी। आरोपपत्र के अनुसार ये दोनों भी मामले में सह-आरोपी के तौर पर नामजद हैं।

### राजनीति से प्रेरित है मामला : तेजस्वी

इस बीच लालू के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से कहा, "जितना हमें परेशान किया जाएगा, हम उतने ही मजबूत होते जाएंगे। बेशक, यह मामला राजनीति से प्रेरित है। अगर मैं राजनीति में नहीं होता, तो मुझे इसमें नहीं घसीटा जाता। मैंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भविष्यवाणी की थी कि अब केंद्रीय एजेंसियां बिहार की ओर अपना रुख करेंगी।" तेजस्वी को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है।

### जो बोया वही काट रहे हैं : नीरज कुमार

हालांकि, जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य एवं प्रवक्ता नीरज कुमार ने आरोप लगाया, "लालू प्रसाद ने जो बोया है, वही काट रहे हैं। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में वे चारा घोटाले में शामिल थे। उन्हें अदालत ने दोषी ठहराया है और वे चुनाव लड़ने के अयोग्य हो गए हैं। इस मामले में राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप फर्जी है।

# स्वास्थ्य नीति में सबका ख्याल : नड्डा



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने मोदी सरकार द्वारा देश को तपेदिक मुक्त बनाने के लिए किये जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुये बुधवार को राज्यसभा में कहा कि इस सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नयी स्वास्थ्य नीति बनायी है जो समग्र और व्यापक होने के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े हर क्षेत्र को ध्यान में रखा गया है। श्री नड्डा ने सदन में उनके मंत्रालय के कामकाज पर हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि इस चर्चा में 37 सदस्यों ने भाग लिया और कई सदस्यों ने अंतिम मील कनेक्टिविटी और जमीनी स्तर पर डिलीवरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि चूंकि राज्य एक स्वास्थ्य विषय है, इसलिए कार्यान्वयन राज्य सरकार के हाथ में है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की भूमिका वित्तीय और तकनीकी सहायता, नीति-निर्माण और योजना, अनुसंधान और विकास और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए हाथ पकड़ना है। उन्होंने कहा कि यह अंतर करने की जरूरत है कि कुछ क्यों नहीं हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है। जबकि पहले की स्वास्थ्य नीतियों का फोकस उपचारात्मक था, 2017 में पेश की गई स्वास्थ्य नीति एक व्यापक नीति है।

### स्वास्थ्य केंद्रों पर 14 प्रकार की जांच

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में 14 प्रकार के जांच (निदान) उपलब्ध कराए जाने हैं और सांसदों से अनुरोध है कि वे यह जांच करें कि क्या ये सभी उनके स्थानीय उप-स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध हैं, क्योंकि सरकार ने इसके लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 63 प्रकार के निदान उपलब्ध होने चाहिए, सीएफसी में 97 निदान उपलब्ध होने चाहिए, जबकि सभी जिला अस्पतालों को 111 निदान करने चाहिए।

छत्रपति शिवाजी महाराज के सम्मान में रेल मंत्री की घोषणा

# भारत गौरव सर्किट यात्रा से जुड़ेंगे प्रमुख स्थल



**नई दिल्ली/प्रयागराज।** संसद के लोकसभा सत्र के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज के संबंध में उठाए गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने बड़े गर्व के साथ कहा, "छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और समय से जुड़े महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थानों को जोड़ने की योजना पर काम पहले से ही प्रगति पर है और इन स्थानों को भारत गौरव सर्किट यात्रा द्वारा एक साथ जोड़ा जाएगा। छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की नींव रखी। महाराष्ट्र/कर्नाटक का परिदृश्य छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और समय से जुड़े कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थानों जैसे किलें, महल, युद्ध के मैदानों आदि से पूर्ण है। विशेष भारत गौरव सर्किट यात्रा यात्रियों, विशेषकर युवाओं को मातृभूमि के इतिहास से जुड़ने का मौका देगी और इन स्थानों पर जाने और देखने का अवसर प्रदान करेगी जो समृद्ध मराठा इतिहास का हिस्सा हैं। पुणे के लिए ट्रेनों की मांग पर बोलते हुए, श्री वैष्णव ने कहा, पुणे एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक और तकनीकी केंद्र है और महाराष्ट्र को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि देश के सभी कोनों से पुणे के लिए ट्रेनों के लिए अनुरोध आ रहे हैं।

### उरुली स्टेशन बनेगा टर्मिनस

पुणे स्टेशन और उसके आस-पास के स्थानों के विकास का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसके अलावा पुणे से थोड़ी दूरी पर स्थित उरुली स्टेशन को टर्मिनस के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ पुणे में यात्रियों के उतरने के बाद पुणे जाने वाली ट्रेनों का रखरखाव किया जा सकेगा, जिससे पुणे स्टेशन पर ट्रेनों और यात्रियों की भीड़ का बोझ कम होगा। इसी तरह हडपसर और शिवाजी नगर जैसे स्टेशनों को भी सैटेलाइट टर्मिनस स्टेशनों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे पुणे स्टेशन की क्षमता बढ़ेगी और पुणे से/के लिए ट्रेनों की संख्या में वृद्धि होगी।

शोध में हुआ बड़ा खुलासा

# हीटवेव से बचने नौ शहरों के पास समाधान नहीं



**नई दिल्ली।** एक शोध संस्था सस्टेनेबल फ्यूचर्स कोलैबोरेटिव की ताजा रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि राजस्थान के कोटा सहित देश के नौ शहरों के पास भीषण गर्मी से बचने के लिए दीर्घकालिक समाधानों की कमी है। ये 9 शहर बेंगलूरू, दिल्ली, फरीदाबाद, ग्वालियर, कोटा, लुधियाना, मेरठ, मुम्बई और सूरत हैं। इनमें देश के 11% से ज्यादा जनसंख्या रहती है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि हीटवेव से बचने के लिए तात्कालिक उपाय तो किए गए हैं, लेकिन लंबे वक्त के लिए उपाय नहीं हैं। अगर कहीं है भी तो उन्हें खराब तरीके से लक्षित किया गया है। इससे देश में हीटवेव के कारण मौतों का आंकड़ा बढ़ने की संभावना है। कपल्ड मॉडल इंटर कॅम्पैरिजन प्रोजेक्ट फेज 6 के जलवायु मॉडल के समूह का इस्तेमाल करते हुए किए गए इस अध्ययन के लिए 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों को चुना गया। इन शहरों में हानिकारक हीट इंडेक्स वैल्यू में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी की आशंका है। इस अध्ययन के लिए एसएफसी ने सभी नौ शहरों में गर्मी से बचाव के लिए निर्धारित कार्य योजना को लागू करने के लिए जिम्मेदार नगर, जिला तथा राज्य स्तर के अधिकारियों के साथ कुल 88 साक्षात्कार किए।

### सभी शहरों ने अल्पकालिक आपात उपाय

इन उपायों में पेयजल की उपलब्धता, काम करने के समय में बदलाव और हीट वेव से पहले या उसके दौरान अस्पतालों की क्षमता को बढ़ाना शामिल है। वर्ष 2013 में भारत के पहले हीट एक्शन प्लान (एचएपी) के प्रकाशित होने के बाद के एक दशक से भी कम समय में शहरों में ये बदलाव सुखद हैं। गर्मी के सबसे ज्यादा संपर्क में रहने वाले लोगों के लिए घरेलू या व्यावसायिक स्तर पर शेड्स उपलब्ध कराना, गर्मी के कारण होने वाले काम के नुकसान के लिए इंश्योरेंस करना, हीट वेव के लिए अग्नि प्रबंधन सेवाओं का विस्तार, ट्रांसमिशन को भरोसेमंद बनाने और बिजली सप्लाई में सुधार के लिए बिजली ग्रिड को अपग्रेड करने जैसे काम इन शहरों में नहीं हो रहे।

सौरभ मर्डर मिस्ट्री का पर्दाफाश

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की हत्या

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और फिर शव के टुकड़े कर ठिकाने लगा दिए। इस पूरे मामले की शुरुआत 2019 में हुई, जब मुस्कान और साहिल की स्कूल ग्रुप पर दोबारा जान-पहचान हुई। दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। शादीशुदा होने के बावजूद मुस्कान ने साहिल से शादी करने का फैसला किया, जिसके लिए उसने अपने पति सौरभ को रास्ते से हटाने की योजना बना डाली। 2016 में मुस्कान और सौरभ की पहली मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने, लेकिन मुस्कान के परिवार को यह रिश्ता पसंद नहीं था। फिर भी दोनों ने परिवार के खिलाफ जाकर शादी कर ली। मुस्कान और साहिल की प्रेम कहानी अब जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुकी है।

## वकीलों ने पीटा, कोर्ट ने दी 14 दिन की रिमांड



### लाश के टुकड़े कर ड्रम में किया सील

हत्या के बाद साहिल ने चाकू से लाश के चार टुकड़े कर दिए। 4 मार्च को मुस्कान बाजार से ड्रम, सीमेंट और बालू खरीदकर लाई। दोनों ने शव के टुकड़ों को ड्रम में डाला और ऊपर से सीमेंट भरकर उसे पैक कर दिया, ताकि लाश सड़ने पर बदबू न आए। हत्या के बाद दोनों ने मेरठ से शिमला-मनाली का टूर प्लान किया।

### 6 वर्षीया बेटी की जिद से खुला हत्या का राज

मुस्कान की एक 6 साल की बेटी है। 17 मार्च को मुस्कान अपने मायके आई, जहां उसकी बेटी पापा से मिलने की जिद करने लगी। इसी दौरान मुस्कान ने अपने पिता को बताया कि उसने साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या कर दी। यह सुनते ही उसके पिता सीधा ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे व पुलिस को सूचना दी।

### सौरभ को मिले न्याय : मुस्कान की माँ

मुस्कान की मां ने कहा कि सौरभ इससे ब्लाइंड लव करता था। यही बदतमीज थी। हम चाहते हैं कि सौरभ को न्याय मिले। सौरभ ने मुस्कान के लिए अपने परिवार को छोड़ दिया था, लेकिन इसने उसके साथ गलत किया। सौरभ के मां-बाप के पास करोड़ों की प्रापर्टी है, लेकिन सौरभ ने इसके लिए उनको भी छोड़ दिया।

### वेब सीरीज देख बनाई मर्डर की योजना

एसपी सिटी आयुष बिक्रम सिंह ने बताया कि सौरभ मर्चेंट नेवी में अफसर था और लंदन में जॉब करता था। इसी बीच मुस्कान और साहिल का अफेयर शुरू हो गया। दोनों ने सौरभ की हत्या की साजिश रची। नवंबर 2024 से इस मर्डर की योजना बनाई जा रही थी। कैसे करे हत्या और लाश को कैसे ठिकाने लगाए इसके लिए दोनों ने मिलकर वेब सीरीज भी देखी थी।

### नशे की दवा दे उतारा मौत की घाट

22 फरवरी को सौरभ लंदन से लौटा, उसी दिन हत्या की योजना थी, लेकिन किसी कारणवश मर्डर नहीं हो पाया। फिर 3 मार्च को सौरभ इंदिरा नगर स्थित अपने घर पहुंचा। मुस्कान ने उसे खाने में नशे की दवा मिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद साहिल को बुलाया गया। मुस्कान ने पहले से चिकन काटने वाले दो चाकू खरीदकर रखे थे।